धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित । सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, रविवार
21.07.2024

* * नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 11



12 करीना ने बतायी पति से झगड़े की वजह

## न्यूज डायरी

### अपहृत कोयला व्यवसायी और पुत्र मुक्त, एक करोड़ मांगा था

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कुरची मोड़ के पास शनिवार को अपहृत कोयला व्यवसायी रंजीत शर्मा (35) और उनके चार वर्षीय पुत्र ऋषभ को मुक्त करा लिया गया है। अपहरण के बाद अपराधियों ने एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी। पिता-पुत्र सुबह 9 बजे गोविंदपुर बाजार गये थे। इसी दौरान अपराधियों ने उन्हें रोका और पिता-पुत्र का अपहरण कर लिया। इसके बाद वे गोविंदपुर की ओर भाग निकले थे। रंजीत शर्मा अपने परिवार के साथ पिछले चार वर्षों से कुरची मोड़ पर घर बना कर रह रहे हैं। ये लोग मूलत: बिहार के गया के रहने वाले हैं। पत्नी रानी शर्मा ने गोविंदपुर थाने में अपहरण की लिखित सूचना दी थी।

### भूमि विवाद में मारपीट फायरिंग, 42 हिरासत में

**दुमका।** जरमुंडी थाना क्षेत्र के नोनीहाट बस स्टैंड के पास जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और फायरिंग के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके पर मौजूद 42 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें एक डॉक्टर और उसका बेटा भी शामिल है। झड़प में एक महिला समेत छह लोग घायल हैं। कई थानों की पुलिस ने वहां पहुंच कर स्थिति को संभाला।

### पति ने की आत्महत्या तो पत्नी ने भी दे दी जान

**चतरा।** शहर के नगवां मुहल्ला में रहने वाले कुलदीप सिंह और उसकी गर्भवती पत्नी रश्मि कुमारी ने आपसी विवाद में आत्महत्या कर ली। दोनों के बीच बीते कई दिनों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। गुरूवार की देर रात पति ने जहर खा ली, इलाज के दौरान अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। पति की मौत के बाद पत्नी ने भी छत से छलांग लगाकर अपनी जिंदगी समाप्त कर ली।

### यूपीएससी चेयरमैन ने समयपूर्व दे दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के चेयरपर्सन मनोज सोनी ने अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले इस्तीफा दे दिया। उनका कार्यकाल अभी पांच साल बाकी था। पीएम मोदी के करीबी श्री सोनी के इस्तीफे को लेकर कई तरह की बहस शुरू हो गयी है। पद छोड़ते हुए उन्होंने कहा कि मैं अपने निजी कारणों से यह पद छोड़ रहा हूं। 16 मई 2023 को उन्हें यूपीएससी के अध्यक्ष का पद सौंपा गया था।

### यूपी की योगी सरकार में आल इज नाट वेल

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार और भाजपा संगठन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीएम की ओर से शनिवार को बुलायी गयी बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल नहीं हुए। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में उनके बयान- सरकार से बड़ा संगठन के बाद से अभी स्थिति ठीक नहीं हो सकी है। सरकार और संगठन के बीच खींचतान जारी है। इस उठापटक को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भाजपा के साथ होनेवाली बैठक भी टाल दी। बैठक को टालने के पीछे किसी भी स्तर से कोई कारण नहीं बताया गया है।






## राजकीय श्रावणी मेला 22 से, सीएम ने की सुरक्षा व तैयारियों की समीक्षा

# देवतुल्य कांवरियों को मिले हर संभव सुविधा : हेमंत

### सुलभ जलार्पण की व्यवस्था करें, लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ धाम में सावन के महीने में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं, उनकी सुविधा, सुरक्षा और सुलभ जलार्पण के लिए सरकार और प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। सभी विभागों को पुख्ता तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही सख्त हिदायत दी गयी है कि श्रावणी मेले के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। लापरवाही करने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। सीएम शनिवार को देवघर परिसदन में राजकीय श्रावणी मेला, 2024 (देवघर-बासुकीनाथ) की तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद वे बोल रहे थे।

**श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो :** मुख्यमंत्री ने राजकीय श्रावणी मेला को लेकर की गयी विभिन्न तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित वरीय अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि देवतुल्य श्रद्धालुओं को राजकीय श्रावणी मेला में हर संभव सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता और विनम्रता मेला की मूल संवेदना रहनी चाहिए, ताकि देश दुनिया से जो भी श्रद्धालु बाबा नगरी में आये, वह एक अच्छा संदेश लेकर जायें।

(शेष पेज 11 पर)

### पूजा कर बाबा बैद्यनाथ से मांगी खुशहाली

श्रावणी मेला से एक दिन पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को देवघर पहुंचे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सपत्नीक कामनालिंग बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों द्वारा पूरे वैदिक रीति रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ संकल्प कराया गया। इसके बाद उन्होंने बाबा मंदिर के गर्भगृह पहुंचकर पवित्र द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया और मत्था टेककर मंगलकामना की। पूजा करने के बाद श्री सोरेन ने कहा कि पहले भी कई बार-बार पूजा करने पहुंच चुके हैं। आने वाले समय में भी पूजा करने आते रहेंगे। बाबा से उन्होंने देश के राज्य के और जनमानस के बेहतर भविष्य की कामना की है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ से यही कामना है कि हर साल की तरह इस साल भी श्रावणी मेला 2024 सफलतापूर्वक संचालित हो। जितने भी श्रद्धालु बाबा धाम आएं, सभी सकुशल जलपान के बाद अपने घर को पहुंच जायें।

## सीएम आवास घेरने निकले पारा शिक्षकों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस छोड़े

# मंत्री के आश्वासन पर सीएम आवास घेराव स्थगित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम के आश्वासन के बाद पारा शिक्षकों का अनिश्चिकालीन सीएम आवास घेराव कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। सीएम आवास घेरने निकले पारा शिक्षकों की पिटायी के बाद प्रशासन की ओर से उनकी शिक्षा मंत्री से उनकी बातचीत करायी गयी। वार्ता के दौरान मंत्री ने पारा शिक्षकों से कहा कि 25 जुलाई को उनके साथ विस्तृत वार्ता होगा। पूरे मामले की जानकारी ली जायेगी। इसके बाद 5 अगस्त को विभागीय अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर बैठक कर नियमावली में छुटे बिंदुओं को लागू करने पर चर्चा की जायेगी। इसके बाद दोनों के साथ बैठक कर उसका हल निकाल लिया जायेगा। मंत्री के आश्वासन पर उन्होंने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया।

(शेष पेज 11 पर)

### पारा शिक्षकों की मांगे

सहायक शिक्षकों को वेतनमान व इपीएफ देना। सेवा शर्त नियमावली लागू होने के बाद जिन शिक्षकों का निधन हुआ है, उनके आश्रितों को नौकरी देना। आकलन परीक्षा जल्द आयोजित करना। अप्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण के मौके देना। शिक्षक नियुक्ति में सीटेट को भी मान्यता देना।

# एनआइटी-जमशेदपुर से बी-टेक पास मास्टरमाइंड छात्र गिरफ्तार

### एमबीबीएस के दो छात्रों को भी सीबीआइ ने दबोचा

**नीट पेपर लीक मामला**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली, रांची।** सीबीआइ ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले में शनिवार को एक मास्टरमाइंड और दो एमबीबीएस छात्रों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने कथित तौर पर सॉल्वर के रूप में काम किया था। मास्टरमाइंड एनआइटी-जमशेदपुर का बी-टेक का छात्र बताया जा रहा है। इनका नाम शशिकांत पासवान उर्फ ??शशि उर्फ ??पासू है। वह कुमार और रॉकी के साथ मिलकर काम कर रहा था, जिसे पहले भी गिरफ्तार किया गया था। खबरों के अनुसार सीबीआई के अधिकारियों के हवाले से बताया कि ताजा गिरफ्तारियों के साथ नीट यूजी परीक्षा में कथित गडबड़ियों से जुड़े छह मामलों में एजेंसी द्वारा अब तक गिरफ्तार किये गये लोगों की संख्या 21 पहुंच गयी है।

**भरपुर मेडिकल कॉलेज के छात्र हैं सॉल्वर :** एजेंसी की ओर से बताया गया कि शनिवार को गिरफ्तार दो एमबीबीएस छात्र राजस्थान के भरतपुर के एक मेडिकल कॉलेज से हैं। पहला, दूसरे वर्ष का छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई है। वहीं दूसरा प्रथम वर्ष का छात्र दीपेंद्र शर्मा शामिल है। ये दोनों छात्र 5 मई को नीट यूजी परीक्षा की तारीख पर हजारीबाग में मौजूद थे।

(शेष पेज 11 पर)



## अमित शाह ने भाजपा कार्यसमिति में किया चुनावी शंखनाद, कहा

# झारखंड में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार, इसबार खिलेगा कमल

- लैंड जिहाद कर संतुलन भी बिगाड़ रही सरकार
- झारखंडी युवाओं की नौकरी खा रहे हैं घुसपैठिये
- भेद न खुले, इस डर से आलम को टिकट देगी कांग्रेस
- हारने के बाद भी आता है अहंकार, ये पहली बार देखा
- कार्यकर्ताओं के दम पर खिलायेंगे कमल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को भाजपा के विस्तारित कार्य समिति की बैठक में चुनावी शंखनाद किया। आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल फूका, कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इसके साथ ही उन्होंने राज्य की झामुमो और कांग्रेस की सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्री शाह ने जगन्नाथ मैदान में हजारों कार्यकर्ताओं से झारखंड में फिर कमल खिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार देश की सबसे भ्रष्ट है। झारखंड के युवाओं की नौकरी घुसपैठिये खा रहे हैं। एक आदिवासी सीएम लैंड जिहाद कर भूमि और जनसंख्या का संतुलन बिगाड़ रहा है। श्री शाह ने दावा किया कि 2014 में यहां भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा विस्तृत कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह प्रदेश प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा इसमें मुख्य रूप से शामिल थे।

**घपले-घोटालों की सरकार :** गृह मंत्री श्री शाह ने कांग्रेस-झामुमो पर जम कर निशाना साधा। यहां 300 करोड़ का जमीन घोटाला, 40 करोड़ का शराब घोटाला, 1000 करोड़ का खनन घोटाला, 1000 करोड़ का मनरेगा घोटाला और हजारों करोड़ का ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला हुआ है। ये घोटालों वाली सरकार है। 300 करोड़ कांग्रेस के सांसद के घर से मिला। मंत्री के पीए के घर से 30 करोड़ मिले। कांग्रेस इसका जवाब दे। कांग्रेस के जिस मंत्री के पीए के घर से 30 करोड़ मिले, उसे कांग्रेस पार्टी फिर से टिकट देने वाली है। अगर टिकट नहीं मिला तो वे सारा भेद खोल देंगे।

**भगवान बिरसा मुंडा को नमन :** अपने संबोधन से पहले श्री शाह ने भगवान बिरसा मुंडा, परमवीर चक्र अल्बर्ट एक्का, बटुकेश्वर दत्त को नमन किया। साथ ही, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को भी उन्होंने प्रणाम किया। स्वागत भाषण अर्जुन मुंडा ने दिया,जबकि मंच संचालन विधायक भानु प्रताप शाही ने किया। मौके पर बाबूलाल मरांडी, शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिश्व सरमा, अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, नागेंद्र त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, सीपी सिंह, दिनेश उरांव, सुनील कुमार सिंह, आदित्य साहू, निशिकांत दुबे, समीर उरांव, प्रदीप वर्मा समेत सैकड़ों उपस्थित थे।

**लिखकर ले लें बहुमत की सरकार बनायेंगे :** श्री शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को झारखंड में नौ सीटों पर जीत हासिल हुई है। 52 विधानसभा सीट पर भाजपा को बढ़त मिली है। हेमंत सोरेन को चुनौती देते हुए कहा कि लिखकर रख लो, 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने वाली है। देश भर की जनता ने भाजपा को समर्थन दिया है। 60 साल बाद तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री चुनने का काम किया।

**हार के बाद भी अहंकार :** श्री शाह ने कहा कि लोकतंत्र में विजय के बाद अहंकार आता है, लेकिन पहली बार देख रहा हूं कि पराजय के बाद अहंकार आया है। चुनाव हारकर भी कांग्रेस-झामुमो ने अहंकार दिखाया है। संसद में राहुल गांधी का अहंकार पिछले दिनों हार के बाबजूद देखने को मिला है। ये ऐसे नेता हैं जो हार के बाबजूद मानने को तैयार नहीं हैं।

### मोदी ने झारखंड को नक्सलमुक्त किया

अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने झारखंड से नक्सलवाद को समाप्त किया। उन्होंने हेमंत सोरेन से कहा कि 10 साल कांग्रेस ने शासन किया और 10 साल भाजपा ने शासन किया। आप हिसाब लेकर आइये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 10 साल में 84 हजार करोड़ दिया। वहीं, भाजपा ने 10 साल में तीन लाख 84 हजार करोड़ दिया। झारखंड को भाजपा ने ही बनाया और विकास भी किया। इसकी वजह यह है कि पीएम मोदी झारखंड को ज्यादा तवज्जो देते हैं। वे पहले प्रधानमंत्री हैं, जो बिरसा मुंडा के गांव गये। मोदी के नेतृत्व में 60 करोड़ गरीबों को पांच किलोग्राम अनाज देने, 13 करोड़ गरीब को गैस सिलेंडर, 14 करोड़ शौचालय, तीन करोड़ आवास और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त ईलाज का काम हुआ।

### युवाओं की नौकरी खा रहे घुसपैठिये

अमित शाह ने कहा कि घुसपैठिये झारखंड के युवाओं की नौकरी खा रहे हैं। वहीं, राज्य सरकार आंख बंदकर वोट बैंक बनाने में पड़े हैं। वोट बैंक की राजनीति के कारण घुसपैठियों पर सरकार ने आंखें बंद कर ली है। इसका खामियाजा झारखंड के गरीब आदिवासी-मूलवासी भुगत रहे हैं। हेमंत सोरेन के आदिवासी कल्याण का मतलब अपने परिवार का कल्याण है।

### भाजपा ही आदिवासी हितैषी

श्री शाह ने कहा कि झारखंड में सबसे पहले आदिवासी सीएम बनाने का काम भाजपा ने किया। सबसे पहले आदिवासी को राष्ट्रपति बनाने का काम भाजपा ने किया। संताली भाषा को आठवीं अनुसूचि में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने ही डाला। पीएम मोदी ने पिछड़ों के अधिकार सुरक्षित किये। आज मोदी मंत्रिमंडल में 27 फीसदी मंत्री पिछड़े वर्ग से हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी को बतायें।

## संसद सत्र 22 से, 23 को बजट, आज सर्वदलीय बैठक, दोनों पक्ष तैयार

# सरकार के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा बजट सत्र

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सोमवार से संसद का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है, जो आगामी 12 अगस्त तक चलेगा। सत्र में कुल 16 बैठकें होंगी। 18वीं लोकसभा का यह पहला बजट सत्र होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सातवीं बार बजट पेश करने जा रही हैं। आम बजट मंगलवार 23 जुलाई को पेश किया जायेगा। सरकार ने सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलायी है। संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग की अपील करेगी। पहले सत्र में विपक्ष न सिर्फ हमलावर दिखा, बल्कि उसने लोकसभा में सरकार को बैकफुट पर जाने को मजबूर किया।



नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूरी योजना के साथ सरकार को घेरना शुरू किया था। समूचा विपक्ष भी उनके साथ कदमताल करता दिखा। उससे तय हो चुका है कि विपक्ष के तीखे तेवर अब थमने वाले नहीं हैं। सदन में टकराव का सिलसिला जारी रहेगा। ऐसे में सरकार के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगा यह बजट सत्र।

**बजट पर सहयोगी दलों की भी नजर :** सरकार समझ रही है कि लोकसभा में जहां उसकी संख्या पिछली बार की तुलना में कम हुई है, वह अपने घटक दलों के भरोसे सरकार में है, वहीं दूसरी ओर राज्यसभा में भाजपा सदस्यों की संख्या अब 86 रह गया है।

ऐसे में राज्यसभा में भी विपक्ष अपनी ताकत दिखाने की कोशिश करेगा। बजट को लेकर जहां एक ओर देश के तमाम वर्गों की निगाहें इस ओर लगी हैं, वहीं विपक्ष के साथ-साथ बीजेपी के घटक दल भी टकटकी लगाये देख रहे हैं।

**सरकार की क्या है तैयारी :** मौजूदा लोकसभा के पहले सत्र में दोनों सदनों के भीतर जिस तरह से विपक्ष आक्रामक नजर आया, उससे सरकार समझ चुकी है कि आगामी सत्र भी उसके लिए आसान नहीं होने जा रहा। ऐसे में सत्तारूढ़ दल ने तय किया है कि वह रणनीतिबद्ध तरीके से आक्रामक विपक्ष का जवाब देगी। इसके लिए जहां एक ओर भाजपा अपने घटक दलों से बात कर रही है। भाजपा अपने स्तर पर तैयारी कर रही है। सरकार के स्तर पर विपक्ष के हमलों पर पलटवार करने की तैयारी की जा रही है।

(शेष पेज 11 पर)

# झारखंड होम गार्ड जवानों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट द्वारा होम गार्ड के जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के आदेश को चुनौती दी गयी थी। राज्य सरकार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल की गयी थी। एसएलपी की सुनवाई के बाद अदालत ने सरकार की याचिका को खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से झारखंड के होमगार्ड जवान काफी खुश हैं, क्योंकि अब उन्हें पुलिस के जवानों के बराबर वेतन मिलेगा। झारखंड हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया था कि होम गार्ड के जवानों को पुलिस के जवानों के बराबर वेतनमान दिया जाये। हाईकोर्ट के इस आदेश को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जे के माहेश्वरी और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के सभी होमगार्ड के जवानों ने पैसा इकट्ठा कर इस केस को लड़ा। यह जानकारी होम गार्ड एसोसिएशन के महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी।

## हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का लें संकल्प : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, समस्या एवं समाधान में हमारी भूमिका नामक शीर्षक से तैयार राजनीतिक प्रस्ताव दो को सम्मेलन में सामने रखते हुये राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की हालत किसी से छुपी नहीं है। यहां अपराध चरम पर है। चोरी, हत्या, डकैती, अपहरण इस राज्य की पहचान बन चुकी है। प्रतिदिन 5 महिलाओं के साथ दुष्कर्म, पांच लोगों की हत्या, पांच दंगे की घटनाएं हो रही है। सबसे अधिक आदिवासी, दलित और गरीब तबके की महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। यहां भ्रष्टाचार चरम पर है। जन्म से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक में पैसे लिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अफसर कहते हैं कि हम पैसा देकर आयें हैं, हमें तो पैसा देना ही होगा। पुलिस को सरकार टूल्स की तरह इस्तेमाल कर रही है। उन्हें वसूली में लगा दिया गया है। बालू में खुलेआम पैसा वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुष्प्रचार करती है कि भाजपा वाले आयेंगे तो जमीन छीन लेंगे। 10 वर्षों से नरेंद्र मोदी की सरकार है, झारखंड में 13 वर्षों तक भाजपा की सरकार रही, कितने आदिवासियों की जमीन छीनी गई। यह तो उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत है। जो लोग झारखंड में वर्तमान में सत्ता में बैठे हैं। वही लोग जमीन को छीन रहे हैं। हेमंत सोरेन सबसे अधिक जमीन लूटने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। जमीन से सबसे अधिक लोग कांग्रेस के राज में विस्थापित हुये हैं।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा अब झारखंड मिटाओ मोर्चा बन गया है : चौहान

## केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सोरेन सरकार झारखंड की अस्मिता मिटा रही है

**झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिये खुलकर खेल रहे हैं**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को आयोजित विस्तृत कार्यसमिति और भाजपा कोर कमेटी की बैठक में सहभागिता की। विस्तृत कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुये श्री चौहान ने कहा कि 62 साल बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि कोई लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बना हो। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। देश में तो अभूतपूर्व विजय मिली ही है। लेकिन हम झारखंड में भी पीछे नहीं रहे हैं। झारखंड में भाजपा ने 14 में से 9 सीटें जीती हैं और 81 में से 52 विधानसभा सीटों पर विजय पताका लहराया है। इस शानदार विजय के लिए मैं अपने कार्यकताओं का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया और इसे नरेंद्र मोदी ने संवारने का काम किया है। कहते हुये दुख और तकलीफ होती है किए झारखंड आज तबाही और बबार्दी की तरफ है। जेएमएम का मतलब झारखंड मिटाओ मोर्चा हो गया है। जेएमएम का मतलब है जमीन माफिया, मर्डर माफिया और माईनिंग माफिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में चारों तरफ लूट मची हुई है। माफियाओं को सोरेन सरकार का संरक्षण प्राप्त है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों के लिए केन्द्र सरकार का पैसा तो गरीबों को मिल गया है। लेकिन, बालू-ईट के बढ़े हुए दामों से उन्हें घर बनाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने केवल हत्यायें, बलात्कार, अपहरण और संगीन अपराध ही दिये हैं।



झारखंड में पिछले 4 साल में 7812 हत्याएं हुई हैं। 7115 बलात्कार हुये। अपहरण के 6937 मामले हुये। झारखंड में 8592 दंगे हुये, 2721 लूट हुई और 485 डकैती के मामले हुए हैं। सोरेन सरकार ने 5 लाख नौकरियों का वादा किया था। लेकिन आज तक एक भी नौकरी नहीं मिली। सिर्फ होर्गिंड्स में ही नौकरियां मिली है। बेरोजगारी भत्ता स्नातक को 5 हजार रूपए और स्नातकोत्तर को 7 हजार रूपए देने का वादा किया था। लेकिन बेरोजगारी भत्ता भी आज तक किसी को नहीं मिला। गरीब बहनों से 2 हजार रूपए चूल्हा खर्च देने का वादा किया था। लेकिन किसी भी बहन को अब तक चूल्हा खर्च नहीं मिला। इस बेईमान सरकार ने माता-बहनों को केवल अपमान दिया है। झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिये खुलकर खेल रहे हैं। उन्होने कहा कि भाजपा झारखंड को सुशासन देगी। उन्होंने कार्यकताओं को विजय संकल्प दिलाते हुये कहा कि प्राण से प्यारे झारखंड को बचाना है, झारखंड की जनता के सम्मान को बचाना है।

इसके पहले नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के ऐतिहासिक घटनाक्रम पर बधाई नामक शीर्षक से तैयार राजनीतिक प्रस्ताव-01 को सामने रखा। उन्होंने मोदी सरकार और पूर्व की रिमोट कंट्रोल वाली सरकार का अंतर बतलाया।

## फिलिस्तीन का जितना फ्लैग उठाना है उठा लो तीन महीना बाद पाई पाई का हिसाब लेंगे : हिमंता

रांची। भाजपा के चुनाव सह प्रभारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा ने शनिवार को सरकार के संरक्षण में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव, घुसपैठियों के मनोबल पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठिये आतंक मचा रहे हैं।राज्य में मुहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीन के झंडे लहराये जा रहे है। रामनवमी के जुलूस केलिये अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बीते मुहर्रम में 12जगह प्रदेश में तनाव हुये। लेकिन हिंदुओं के आग्रह के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं किये गये। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये आदिवासी बहन बेटियों के साथ शादी का ढोंग करके जमीन हड़प रहे हैं। राज्य में अप्रत्याशित मतदाताओं की वृद्धि एक गंभीर समस्या हो गई है। उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि तीन महीने जितना फिलिस्तीन का झंडा उठाना है उठा लो, जितना हिंदुओ को गाली देना है दे लो, आगामी तीन महीना बाद झारखंड की भाजपा सरकार पाईं-पाई का हिसाब करेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने सहायक पुलिस कर्मियों को नौकरी तो नही ही दी। उन्हें चुनाव में ड्यूटी पर लगाकर पोस्टल बैलेट वोट से वंचित



किया। उनके संवैधानिक अधिकार की हत्या की। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण की बात करने वाली सरकार ने चौकीदार की नियुक्ति में एससी समाज का आरक्षण खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के वोट से ज्यादा दिन तक राज नही किया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में 9लोकसभा सीट जिताकर एवं 51सीट पर भाजपा को बढ़त दिलाकर जनता ने हेमंत सरकार की वादा खिलाफी का जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा की झारखंड का आगामी चुनाव विधायक बनाने केलिये नही बल्कि राज्य की बरबादी से बचाने का चुनाव है। राज्य में परिवर्तन जरूरी है।

**खबर एक नजर में**

### लेक्चरर नियुक्ति घोटाला : आरोपी शैलेंद्र सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली अग्रिम बेल

**रांची।** लेक्चरर नियुक्ति घोटाला के आरोपी शैलेंद्र कुमार सिंह को सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। शैलेंद्र कुमार सिंह की अग्रिम जमानत पर शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जे बी परदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने ट्रायल कोर्ट को अग्रिम जमानत की शर्तें निर्धारित करने का निर्देश दिया है। शैलेंद्र कुमार सिंह की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता गणेश खन्ना ने बहस की। इससे पहले रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट शैलेंद्र को बेल देने से इनकार कर चुका था। दरसअल झारखंड में वर्ष 2008 में जेपीएससी ने 745 लेक्चरर की बहाली के लिए जेट परीक्षा का आयोजन किया था। इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने केस को सीबीआई को सौंप दिया था। इसके बाद सीबीआई ने कांड संख्या आरसी 4/13 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। एजेंसी इस केस में 80 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। सीबीआई की जांच में 13 विषयों में लेक्चरर के पद पर बहाली में भ्रष्टाचार की पुष्टि हुई है। इन विषयों में अंग्रेजी, इतिहास, मनोविज्ञान, जीव विज्ञान, राजनीति शास्त्र, अर्थ शास्त्र, हिंदी, रसायन, भौतिकी, संस्कृत, मानव शास्त्र, दर्शन शास्त्र व उर्दू शामिल है। कॉपी की फॉरेंसिक जांच भी करवायी गयी, जिसमें यह खुलासा हुआ कि कॉपी पर नंबर में छेड़छाड़ कर मनपसंद लोगों को पास कराया गया है। अभ्यर्थियों के मार्कशीट में अधिकारियों ने दिल खोलकर अंक भरे और उन्हें पास करवाया।

### झारखंड में मॉनसून की बेरुखी से किसान चिंतित

**रांची।** झारखंड में मॉनसून शबाब पर नहीं आया है और इसकी बेरुखी लगातार जारी है। फिलहाल राज्य में कहीं पर भी झमाझम बारिश देखने को नहीं मिल रही है। बीते 24 घंटों की बात करें तो राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है, कहीं से भी भारी बारिश की सूचना नहीं है। ऐसे में राज्य के किसान बेहद चिंतित हैं। बीते दिन की बात करें तो राज्य में सबसे ज्यादा तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में जबकि सबसे कम तापमान राजधानी रांची में 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक वर्षा धनबाद के बाघमरा में 24 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा गोबिंदपुर में 17 मिमी, बोकारो में 13 मिमी, चांदिल में 11.8 मिमी, घाटशिला में 10.2 मिमी, नीमडीह में 10 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा अन्य सभी स्थानों पर 10 मिमी या 1 सेमी से कम ही बारिश हुई। अगले तीन दिन के मौसम की बात करें तो इस दौरान रांची, खूंटी, प>िमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसांवा में मध्यम से भारी बारिश होने की उम्मीद है। इसके अलावा अन्य सभी जगहों पर बिजली चमकने और बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। 24 जुलाई को पूरे प्रदेश में जोरदार बारिश होने की संभावना है। खासतौर पर रांची, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सरायकेला खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और प>िमी सिंहभूम में बादल गरजने, बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने के साथ ही जोरदार बारिश हो सकती है।

### पारा शिक्षकों पर लाठी चार्ज का महासंघ ने किया कड़ा विरोध

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने सीएम आवास घेरने जा रहे पारा शिक्षकों के साथ पुलिस से झड़प और लाठी चार्ज को गंभीरता से लेते हुए इसकी कड़ी आलोचना करते हुए विरोध किया है। श्री जहीर ने कहा कि पुलिस प्रशासन के इस वीभत्स और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार और बर्बर कार्रवाई का महासंघ विरोध करता है। श्री जहीर ने कहा कि अपने जायज मांगों के लिए आंदोलन करने पर उन्हें लाठियां खानी पड़ रही है। जिस तरह पुलिस प्रशासन ने पारा शिक्षकों को पीटा है वह पूरी तरह अनैतिक और गलत कारवाई है। महासंघ राज्य सरकार से मांग करती है की पारा शिक्षकों से सीधी वार्ता की जाए। पारा शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाये।

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में प्रदीप सिंह दोषी करार

**रांची।** नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा लापुंग के परसा गांव निवासी युवक प्रदीप सिंह को पोक्सो की विशेष अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है। दूसरा आरोपी नीलू लोहरा को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। प्रदीप सिंह ने 19 जून 2021 को 14 वर्षीय नाबालिग को सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इसमें उसका दोस्त नीलू लोहरा ने सहयोग दिया था। नीलू का आरोप अदालत में साबित नहीं हो सका। पीड़िता घर लौटकर मामले की जानकारी परिजनों को दी थी। अगले दिन 20 जून 2021 को नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पीड़िता और नीलू लोहरा एक ही गांव निवासी है। जबकि प्रदीप सिंह पीड़िता के गांव में रहकर गाड़ी चलाने का काम करता था। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से पीड़िता समेत छह गवाही दर्ज की गई थी।

### जमीन घोटाले के मूल रैयत की मुश्किलें बढ़ी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत आरोपी राजकुमार पाहन की मुश्किलें बरकरार है। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने याचिकाकर्ता को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने 6 जुलाई को याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। राजकुमार पाहन ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए एक मई को याचिका दाखिल की है। ईडी की ओर से दाखिल चार्टशीट में हेमंत सोरेन, राजकुमार पाहन का नाम शामिल है। चार्जशीट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बड़ंगाई अंचल के निलंबित उप राजस्व कर्मी भानु प्रताप प्रसाद, जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन, आर्किटेक बिनोद सिंह और हिलेरियस कच्छप के नाम शामिल है। चार्जशीट दाखिल होने के कुछ दिन बाद ही हिलेरियस कच्छप की आकस्मिक मौत हो गई।

### भानु का बयान मानसिक दिवालियापन की एक झलक : राजद

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा की गई बयानबाजी की राजद ने निंदा की है। राजद नेता के मुताबिक यह उनके मानसिक दिवालियापन की एक झलक है। बता दें कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के शनिवार को हुए कार्यक्रम में मंच से भानु प्रताप शाही ने हेमंत सोरेन सरकार पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को गप्ता पकड़ कर उतार फेकेंगे। राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने कहा है कि इससे साबित होता है कि भाजपा नेताओं का मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। इसलिए ये इस तरह के अमर्यादित, असंवैधानिक और अव्यावहारिक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। लोकतंत्र में इस तरह की बयानबाजी का कोई स्थान नहीं है। डॉ. मनोज कुमार ने कहा, भानु प्रताप शाही को एक बार अपने अंदर भी झांकना चाहिए। जब तक वे भाजपा में नहीं थे, तब तक भाजपा नेताओं पर तीखी टिप्पणी करने से कभी बाज नहीं आते थे। जैसे ही भानु भाजपा में शामिल हुए तो वे दूध के धुले, पवित्र और पाक साफ हो गए। यही भाजपा की चाल और चरित्र है। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री सहित सभी मंचासीन भाजपा नेताओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की बात की है।

### कृषि मंत्री दीपिका का हाथ फ्रैक्चर, अस्पताल में भर्ती

**रांची।** झारखंड की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का हाथ फ्रैक्कर हो गया है। जानकारी के अनुसार, दीपिका पांडेय सिंह शुक्रवार की शाम सीएम आवास में बैठक खत्म होने के बाद घर लौटीं तो उनका संतुलन बिगड़ गया और हाथ में चोट लग गयी।इसके बाद मंत्री पारस हॉस्पिटल गयी तो चेकअप कराया। डॉक्टर ने बताया कि उनका हाथ में फ्रै^ र हो गया है।इसके बाद दीपिका पांडेय सिंह रामप्यारी हॉस्पिटल में भर्ती हो गयी, जहां उनका इलाज डॉक्टर एसएन यादव की देख-रेख में चल रहा है।

## पांच साइबर अपराधी मनी लाउड्रिंग मामले में दोषी करार

**रांची।** बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले पांच साइबर अभियुक्त मनी लाउंड्रिंग मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 23 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को मामले में ट्रायल फेस कर फेस कर रहा अभियुक्त गणेश मंडल उसका बेटा प्रदीप कुमार मंडल, संतोष मंडल उसका बेटा पिंटू मंडल और अंकुश कुमार मंडल को दोषी करार दिया है। दोनों पिता-पुत्रों को हिरासत में लेते हुये बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया। जबकि, अंकुश मंडल देवघर जेल में बंद है। उसको वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत के समक्ष पेश किया गया था। अन्य आरोपी व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित थे। सभी आरोपी जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव निवासी है। मामले में ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार ने 24 गवाहों को प्रस्तुत किया है। साथ ही काफी संख्या में दस्तावेज को चिन्हित कराया गया है।

**केवाईसी अपडेट के नाम खातों से की पैसे की निकासी:** अभियुक्तों पर फर्जी पते पर सिम कार्ड लेने और बैंक अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करके साइबर अपराध करने का आरोप है। इनलोग केवाईसी अपडेट करने के नाम पर ओटीपी पूछकर उनके खातों से पैसे निकाल लेते थे। ईडी ने साइबर अपराध के किसी मामले में पहली बार छह अगस्त 2018 को मनी लाउंड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। जांच पूरी करते हुए ईडी ने 27 मई 2019 को पांचों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## लाठी के दम पर पारा शिक्षकों की आवाज दबाना मुश्किल : सेठ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आंदोलन कर रहे पारा शिक्षकों पर लाठी चार्ज की घटना को शर्मनाक बताया है। श्री सेठ ने इस घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। पारा शिक्षक विगत कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलित हैं। आज शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे पारा शिक्षक जिसमें महिला कर्मी भी शामिल थी। जिस बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज कर पारा टीचर को पीटा गया, यह बेहद ही शर्मनाक है। इस लाठी चार्ज मे कई पारा शिक्षक को गंभीर चोटे आई है। हेमंत सरकार डंडे का भय दिखाकर शासन करना चाहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का दमनकारी चेहरा सामने देखने को मिल रहा है। बीते कल भी इसी तरह सहायक पुलिस कर्मियों को पिटा गया।

# सोशल मीडिया की परवाह किये बिना काम करें न्यायाधीश : जस्टिस ओका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अभय एस ओका ने जजों से कहा है कि वह सोशल मीडिया की चिंता किए बिना अपना काम करें। जजों का पहला कर्तव्य न्याय देना है और इस पवित्र जिम्मेवारी को बनाए रखना है। वह शनिवार को धुर्वा ज्यूडिशियल एकेडमी में न्यायिक नैतिकताः न्यायालय के अंदर और बाहर आचरण विषयक सेमिनार में बोल रहे थे। युवा न्यायाधीशों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह उच्च न्यायालयों से प्रभावित हुए बिना अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर ध्यान केंद्रित करें। प्रभावी केस प्रबंधन पर उन्होंने सुझाव दिया कि न्यायाधीश मामले की तारीखों पर नजर रखने के लिए एक डायरी रखें। समय पर समाधान सुनि>त कर लंबे समय से लंबित मामलों को कुशलतापूर्वक निपटाएं। विभिन्न विषयों पर शीर्ष कोर्ट के नए फैसलों पर अपडेट रहने की भी सलाह दी। अदालत कक्ष के बाहर आचरण पर जस्टिस ओका बोले, सार्वजनिक रूप से एक न्यायाधीश का आचरण एक सामान्य नागरिक से भी अधिक गरिमामय होना चाहिए।

**75 साल में न्यायपालिका ने दो गलतियां कीं :** जस्टिस ओका बोले, न्यायपालिका ने 75 साल में दो गलतियां की हैं। पहला ट्रायल और अपीलीय अदालतों की उपेक्षा करना और उन्हें निचली अदालत या अधीनस्थ अदालतें कहना। दूसरा न्यायपालिका ने अनायास ही जनता का भरोसा मानकर अपना कंधा थपथपा लिया।

**इच्छाओं से अलग रहें न्यायाधीश : जस्टिस प्रसाद :** हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद बोले, न्यायाधीशों के लिए समय की पाबंदी, ईमानदारी और निष्पक्षता जरूरी है। न्यायाधीशों को इच्छाओं और आकांक्षाओं से पूरी तरह अलग रहना चाहिए। उन्होंने कहा यह सेमिनार न्यायिक नैतिकता के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। आयोजन का उद्देश्य न्यायिक अधिकारियों के बीच न्यायिक नैतिकता की गहरी समझ बढ़ाना, न्यायपालिका में ईमानदारी और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ाना है। समारोह में हाईकोर्ट के सभी जज, न्यायिक पदाधिकारी मौजूद थे।

## बीआईटी में कारगिल दिवस पर 26 को मिनी मैराथन

**रांची।** कारगिल दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के मौके पर 3 झारखंड सीटीसी एनसीसी, मेसरा की ओर से 26 जुलाई को मिनी मैराथन का आयोजन किया गया है। संस्थान के परिसर में आ डे इन दि नेम ऑफ ब्रेवहर्ट्स नामक यह मैराथन 5 किलो मीटर का होगा। मैराथन सुबह 6 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में कैडेट, प्रोफेसर और आम नागरिक सभी भाग ले सकते हैं। मैराथन के बाद प्रत्येक प्रतिभागी को एक भागीदारी मेडल और जलपान दिया जाएगा। मैराथन की शुरूआत संस्थान के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा।

# कुष्ठ प्रभावितों का भी होगा अपना घर, सीएम सौंपेंगे उन्हें उनका आशियाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के विभिन्न स्थानों पर जैसे तैसे रह रहे कुष्ठ प्रभावित लोगों को अपना पक्का और खूबसूरत आषियाना मिलने जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 23 जुलाई को धुर्वा में विधानसभा के पीछे मुडमा मौजा में बने 256 फ्लैट का समारोह पूर्वक उदघाटन करेंगे। उसी समय आवासों की चाबी भी लाभुकों को मुख्यमंत्री सौंपेंगे। प्रोजेक्ट भवन स्थित नगर विकास सचिव अरवा राजकमल की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। इसके अलावा अन्य कई निर्णय लिये गये। बैठक के बाद सचिव के नेतृत्व में मुडमा कुष्ठ आश्रम का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में रांची के उपायुक्त राहुल कुमार और रांची नगर निगम के प्रशासक अमीत कुमार भी उपस्थित थे। इस संबंध में नगर विकास सचिव राजकमल ने बताया कि मुडमा में राज्य सरकार और केंद्र सरकार की सहायता से निर्मित कुष्ठ आश्रम में 256 फ्लैट बन कर तैयार है। लाभुको की सूची भी नगर निगम द्वारा तैयार कर ली गयी है। शनिवार को लाटरी करके आवंटन कर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन उदघाटन करेंगे। एक फ्लैट में एक बेडरूम, कामन एरिया, किचेन, बाथरूम सह शौचालय और एक बालकनी है। राज्य सरकार द्वारा पंखा , लाइट , एक्झास्ट फैन और अन्य सुविधायें निशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही योगदा सत्संग एवं रांची नगर निगम द्वारा आश्रम में स्वास्थ्य केंद्र भी निशुल्क खोला जायेगा। सचिव श्री राजकमल ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने 23 जुलाई को ही प्रोजेक्ट भवन के सभागार में विभिन्न विभागों के लिए चयनित कुल 183 तकनीकी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। जिसमें मुख्य रूप से नगर विकास विभाग के लिए 58 कनीय अभियंता, परिवहन विभाग के लिए 40 एमवीआइ पेयजल के लिए 22 कनीय अभियंता और 28 एटीपी के लिए तकनीकी कर्मी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन 24 जुलाई को प्रोजेक्ट भवन के सभागार में एचइसी स्थित रांची स्मार्ट सिटी में टाटा कंपनी को आवंटित भूमि पर पांच सितारा होटल ताज के लिए लीज एमओयू टाटा के उच्चाधिकारी के साथ करेंगे। इसके अलावा 24 जुलाई को ही पुराने बिरसा मुंडा जेल परिसर में बने बिरसा मुंडा संग्रहालय सह पार्क में टाटा कंपनी द्वारा बनवाये गये खूबसूरत थंब इप्रेशन का भी उदघाटन करेंगे। बैठक मे रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, रांची नगर निगम के प्रशासक अमीत कुमार, निदेशक नगरीय प्रशासन सत्येंद्र कुमार, नगर विकास विभाग के अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव मनोहर मरांडी, जुडको के पीडीएफ अमित चक्रवर्ती, जीएम बिनय कुमार राय, रांची स्मार्ट सिटी के जीएम राकेश कुमार नंद कुलियार, अवर सचिव अतुल कुमार और टाटा कंपनी के मुख्य रेजिडेंट कार्यकारी संजय मोहन श्रीवास्तव शामिल थे।

# झारखंड के सात जिलों के 1041 स्कूलों में मातृभाषा में होगी पढ़ाई

**सरकार बच्चों को दिलायेगी हिंदी के साथ अपनी स्थानीय भाषा का ज्ञान**

**लातेहार, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी, पच्चिमी सिंहभूम, साहिबगंज और दुमका से होगी शुरूआत**

**यूनिसेफ व एलएलएफ के सहयोग से संथाली, मुंडारी, हो, कुड़ुख और खड़िया भाषा में मिलेगी शिक्षा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा पिछले दो साल से छह जिलों (गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी, प>िमी सिंहभूम और साहिबगंज) के 259 चयनित विद्यालयों में मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लागू होने से प्रारंभिक स्तर पर बच्चों के सीखने में सकारात्मक नतीजे देखने को मिले हैं। इससे उत्साहित राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 से अब राज्य के सात जिलों (लातेहार, सिमडेगा, लोहरदगा, खूंटी, प>िमी सिंहभूम, साहिबगंज और दुमका) के चयनित 1041 विद्यालयों में मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम पलाश प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। पलाश की शुरूआत यूनिसेफ और एलएलएफ (लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन) के सहयोग से पांच स्थानीय भाषाओं, संथाली, मुंडारी, हो, कुड़ुख और खड़िया में की जायेगी..

**आठ जिलों में भाषाई सर्वेक्षण से सत्यापन**

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सीखने के बुनियादी कौशल को बेहतर बनाने के लिए बच्चों की मातृभाषा को उनकी औपचारिक शिक्षा में शामिल करते हुए उन्हें हिंदी के साथ-साथ बुनियादी शिक्षा एवं संख्या ज्ञान सिखाने के लक्ष्यों को प्राप्त करना है। राज्य सरकार द्वारा इस कार्यक्रम को अकादमिक सत्र 2024-25 से 1000 विद्यालयों में विस्तारित करने की योजना के अंतर्गत आठ जनजातीय भाषा बहुल जिलों के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में दो चरणों में भाषायी सर्वेक्षण कराया गया। जिन जिलों में भाषायी सर्वेक्षण हुआ, उनमें दुमका, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, प>िमी सिंहभूम, साहिबगंज, सिमडेगा और लातेहार शामिल हैं। इन जिलों में विद्यार्थियों और शिक्षकों की भाषा से जुड़े आंकड़े एकत्रित किये गये। एकत्रित आंकड़ों का सत्यापन विद्यालयों से संबंधित संकुल साधनसेवियों (सीआरपी) द्वारा किया गया.

**स्कूलों का संयोजन, बनाया गया राज्य स्रोत समूह**

भाषाई सर्वेक्षण के प>ात चयनित विद्यालयों का एलएलएफ और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा संयोजन किया गया।संस्थाओं के प्रत्येक कर्मी द्वारा विद्यालय की प्रखंड/जिला मुख्यालय से दूरी तथा अन्य प्रशिक्षण सुविधाओं का बारीकी से अनुश्रवण किया गया।इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए राज्य स्त्रोत समूह का निर्माण किया गया है। राज्य स्त्रोत समूह में आठ जिलों के 32 शिक्षकों को शामिल किया गया है। राज्य स्त्रोत समूह के सदस्य चयनित विद्यालयों के बहुभाषी शिक्षा से जुड़े शिक्षकों को समयक रूप से प्रशिक्षित और अनुसमर्थन करेंगे। राज्यस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद राज्य स्त्रोत समूह के सदस्य अपने अपने जिलों में बहुभाषी शिक्षा कार्यक्रम के लिए चयनित विद्यालयों के चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे। जिलास्तरीय प्रशिक्षण पांच अवधियों में संचालित होकर 21 अगस्त, 2024 को संपन्न होगी।

**90 मिनट तक होगा अनिवार्य कक्षा संचालन**

बहुभाषी शिक्षण कार्यक्रम के तहत चयनित विद्यालयों में 90 मिनट का अनिवार्य कक्षा संचालन होगा। इसमें मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन और लेखन पर संतुलित भाषा शिक्षण पद्धति के अनुसार कार्य होगा। शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण बच्चों की मातृभाषा में होगा एवं उसका संकलन बच्चों के परिचित संदर्भ और उनके संस्कृति से किया जाएगा। मातृभाषा के स्वर, व्यंजन, मात्राओं को लेकर अभ्यास पुस्तिका बनाई गयी है और उन्हें राज्य के पाठ्यपुस्तकों से संदर्भित किया गया है।

**वर्ष में 2 बार होगा सावधिक आंकलन**

वर्ष में 2 बार बच्चों का सावधिक आंकलन किया जाएगा। यह आंकलन साप्ताहिक आंकलन से अलग होगा। इस आंकलन को शिक्षकों द्वारा ही संचालित किया जायेगा। हर आंकलन के बाद उपचारात्मक शिक्षण कार्य के लिए आठ से दस दिन तय किये जाएंगे। कमजोर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा विशेष कक्षा दी जाएगी।

# पारा शिक्षकों को रोकने कई जगह बैरिकेडिंग

## शहर के तमाम इलाकों में जाम, आम लोग परेशान

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** अपनी मांगों के समर्थन में पारा शिक्षक लंबे समय से आंदोलनरत हैं। शनिवार को सीएम आवास घेरने निकले थे। उत्तेजित पारा टीचरों को रोकने में विफल होने पर मजबूरन पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इससे कई शिक्षक घायल हो गये। पारा शिक्षकों के नेता संजय दुबे ने कहा कि यह अनिनिश्चिकालीन प्रदर्शन है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने कहा कि 20 सालों से ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ा रहे हैं, लेकिन पारा शिक्षकों के साथ दोहरी नीति अपनायी जा रही है। सरकार से कई बार वेतनमान में बढ़ोतरी की मांग की, लेकिन सरकार ने उनकी मांगों को अनसुना कर दिया। मजबूर हो कर उन्हें सीएम आवास घेरने पर मजबूर होना पड़ा। इससे पहले कुछ पारा शिक्षक मोरहाबादी से निकलकर ऑक्सीजन पार्क के पास बैठ गये थे। सभी लगातार प्रशासन से आग्रह कर रहे थे कि पीछे रह गये पारा शिक्षकों को आगे बढ़ने दे।

**जगह-जगह पर बैरिकेडिंग थी :** पारा शिक्षकों के आंदोलन को देखते हुए सीएम आवास के बाहर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। प्रदर्शकारियों को रोकने के लिए अग्निशमन वाहन भी प्रदर्शनस्थल पर मौजूद था। तीन स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाया गया था। पार शिक्षकों के आंदोलन के कारण रातू रोड न्यू मार्केट, एलपीएम शाहदेव चौक, प्रेम संस मोटर्स के पास, करमटोली और हरिहर सिंह रोड में लंबा जाम लग गया था। यहां वाहनों की लंबी कतारें लग गयी थी। जाम की वजह से पैदल आने जााने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों का कहना था कि सरकार और शिक्षकों की लड़ाई में आम जनता पीस रही है।

**डीसी-एसएसपी ने करायी मंत्री से वार्ता :** पारा शिक्षकों से वार्ता करने को डीसी-एसएसपी आये। उन्होंने सहायक अध्यापकों की मांगों से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को अवगत कराने की बात कही। साथ ही आश्वासन दिया कि शिक्षा मंत्री से सहायक अध्यापकों की वार्ता करायी जायेगी। संघर्ष मोर्चा द्वारा डीसी, एसएसपी को दो टूक जवाब दिया गया कि 24 घंटे के अंदर अगर सहायक अध्यापकों की वार्ता अधिकारी की उपस्थिति में शिक्षा मंत्री से नहीं होती है, तो पारा शिक्षक मुख्यमंत्री आवास की तरफ बढ़ेंगे। इसके बाद शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम पारा शिक्षकों से वार्ता को तैयार हो गये। आंदोलन में बिनोद बिहारी महतो, ऋषिकेष पाठक, बिनोद तिवारी, संजय दुबे, सिन्टू सिंह, विकास कुमार चौधरी, सुमन कुमार, निरंजन दे, बेलाल अहमद, सुशील पांडेय, विरेंद्र राय, भागवत तिवारी, शकील अहमद , नरोत्तम सिंह मुंडा बैजनाथ महतो समेत राज्य कमिटी सदस्य ( झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के तमाम सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस पर निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

**रांची।** निर्मला कान्वेंट हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस के अवसर पर रांची विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का जौहर दिखाया। इस प्रतियोगिता में कक्षा सप्तम से कक्षा दशम तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने डॉ ऋषिकेश दत्ता तिवारी (सहायक प्रोफेसर गणित विभाग आईआईटी रांची) के द्वारा चंद्र से संबंधित ढेरों महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की, जैसे चंद्र ग्रहण कैसे लगता है इत्यादि। छात्र-छात्राओं ने चंद्रयान-वन, टू और थ्री के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने रांची विज्ञान केंद्र, चिरौंदी को इस आयोजन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं में नवीन ज्ञान के प्रकाश का संचार होता है तथा छात्र-छात्राओं में आत्म बल की वृद्धि होती है। इस कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में कुल पांच विद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता में निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के छात्र- छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि डॉ राजशेखर प्रसाद (कार्यकारी निदेशक ,जेसीएसटीआई) के द्वारा निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं एनिमा एक्का, चंद्रशेखर कुमार,किरण कुमारी,आशुतोष कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचारियों को अपनी गोद में बिठाकर दूसरों को भ्रष्टाचारी बताना कोई अमित शाह से सीखे: कांग्रेस

**रांची।** आदिवासियों के लिए मगरमच्छ के आंसू तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने तो खूब बहाया लेकिन सरना धर्मकोड के मामले में कुछ न बोले। भ्रष्टाचारीयों को अपनी गोद में बिठाकर दूसरों को भ्रष्टाचारी बताना कोई अमित शाह से सीखे। उक्त वक्तव्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कांग्रेस और झारखंड सरकार पर लगाए गये आरोप पर दिया। श्री शांति ने कहा कि अमित शाह परिवारवाद तुष्टीकरण,सुरक्षा के साथ खिलवाड़ का आरोप कांग्रेस पर लगाते हैं, जबकि परिवार वादी नेताओं को सबसे ज्यादा भाजपा में जगह दिया गया है। कांग्रेस के धर्मनिरपेक्ष सोच की राजनीति को सांप्रदायिक चश्मे से देखने वाली भाजपा को तुष्टीकरण दिखता है। वर्तमान में जम्मू कश्मीर में लगातार हमले हो रहे हैं, चीन सीमा क्षेत्र में घुस रहा है हास्यास्पदत बात है कि देश की कमान मोदी के हाथों में है और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कांग्रेस कर रही है। उन्होंने कहा कि यूपीए के शासनकाल में राज्य को 84 हजार करोड़ रुपये विकास के लिए मिले जबकि मोदी के 10 साल के शासनकाल में झारखंड से गुजरने वाली सड़कों रेलवे मार्ग पर हुए खर्च को भी राज्य के हिस्से मे जोड़ रहे है। झारखंड के हिस्से की रॉयल्टी का 136000 करोड़ रूपया केंद्र सरकार पर बकाया है उस संबंध में अमित शाह ने कुछ भी नहीं कहा इसका साफ मतलब है कि झारखंड के प्रति उनकी सोच दोहरी नीति वाली है। अमित शाह भ्रष्टाचार की बात करते हैं और एक समय देश मोदी जी द्वारा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा को घोषित किया गया था और आज उन्हें झारखंड का सह प्रभारी बनाया गया है। भ्रष्टाचारियों की रणनीति से झारखंड फतह की तैयारी भाजपा कर रही है। अमित शाह मनरेगा घोटाला की बात करते हैं जो अर्जुन मुंडा के कार्यकाल में हुआ और उन्हें मंच पर गृह मंत्री अपने साथ बिठाते हैं। दवा घोटाले के आरोपी भानु प्रताप शाही जिनकी संपत्ति ईडी द्वारा जप्त की गई है उनसे ईमानदारी का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हैं और आलमगीर आलम को भ्रष्टाचारी कहते हैं, जिन पर सिर्फ अभी आरोप लगाया गया है। गृह मंत्री के मंच से राज्य के मुख्यमंत्री को एक भ्रष्टाचारी पूर्व मंत्री द्वारा अमर्यादित शब्दों से संबोधित किया जाता है लेकिन इस इस पर अमित शाह की चुप्पी भाजपा और भाजपा नेताओं के संस्कारों को दशार्ती है।

## शिक्षक मोर्चा ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा स्मार पत्र, प्रोन्नति सहित मांगा एमएसीपी

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का एक शिष्टमंडल झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से मिला। उनसे प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों के लिए एमएसीपी का लाभ दिए जाने का आग्रह किया। इसके साथ राज्य के मुख्यमंत्री सहित शिक्षा सचिव, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशक को भी ज्ञापन की प्रति दी। मोर्चा के पदधारी जल्द इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलेंगे। उनके समक्ष अपनी मांग रखेंगे, ताकि राज्यकर्मियों की तर्ज.पर एमएसीपी का लाभ शिक्षकों को भी मिल सके। संघ के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद एवं प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि झारखंड में वर्षों से कार्यरत प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षकों को जटिल और अस्पष्ट प्रोन्नति नियमावली के कारण विभिन्न कोटि में प्रोन्नति अब तक लंबित है। इससे शिक्षक अपने मौलिक पद से बिना कोई अतिरिक्त पद लाभ या प्रोन्नति मिले ही सेवानिवृत होते जा रहे हैं। राज्य के सभी संवर्ग के शिक्षकों में मानसिक अवसाद से ग्रसित होने का एक बड़ा कारण यह भी है। ऐसे परिस्थिति में राज्य के सभी संवर्ग (प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) के शिक्षकों को भी झारखंड के अन्य कर्मियों के समान एमएसीपी का लाभ दिया जाना बेहतर होगा। झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने इस सिलसिले में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि राज्य के शिक्षकों को भी एमएसीपी (तीन वित्तीय उन्नयन क्रमशः 10, 20 एवं 30 वर्षों की सेवा पूरी करने के उपरांत) का लाभ मिलना चाहिए। विभागीय पत्र में स्पष्ट है कि शिक्षक भी राज्य कर्मी हैं। राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याण विभाग के विद्यालय एवं नेतरहाट विद्यालय के शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ मिल रहा है।

## छवि रंजन समेत तीन की डिस्चार्ज याचिका पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फजीर्वाड़े में संलिप्त रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत तीन आरोपियों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शनिवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जवाब देने के लिये ईडी ने समय की मांग की। पीएमएलए कोर्ट ने प्रेम प्रकाश की याचिका पर सुनवाई के लिये 26 जुलाई, छवि रंजन एवं विष्णु अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई के लिये 29 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। तीनों ने शुक्रवार को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है। जानकारी हो कि छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में भी आरोपी हैं। इस मामले में वह 4 मई 2023 से जेल में है। चेशायर होम मामले में भी कुछ दिनों बाद उनको रिमांड पर लिया गया।

# एचडीएफसी बैंक कर्मी की गोली मारकर हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी राँची के हरमू में एचडीएफसी बैंक कर्मी की गोली मारकर हत्या मामले का खुलासा कर लिया है। इस मामले में तीन युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिंहा ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि अभिषेक कुमार (मृतक) एवं उसके दोस्त कुमार प्रिंस के साथ हरमु फल मंडी के पीछे हरमु नदी के किनारे गांजा खरीदने के लिये गये थे। गांजा खरीदने उपरांत अभिषेक कुमार (मृतक) एवं प्रिंस कुमार जब वापस आ रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा दोनों को रोककर उनसे साथ मारपीट करते हुए मोबाईल पर्स एवं पैसा लूटने का प्रयास किया गया। अभिषेक कुमार के द्वारा पैसा एवं मोबाईल नही दिये जाने के कारण अभिषेक कुमार को अपराध कर्मियों के द्वारा गोली मार दिया गया। जिससे घटना स्थल पर ही अभिषेक कुमार की मृत्यु हो गयी। इस संदर्भ में कुमार प्रिंस के फर्दबयान के आधार पर अरगोड़ा थाना कांड सं0- 184/2024, धारा 309/103/3 बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया।

कांड का उद्भेदन हेतु त्वरित अनुसंधान एवं छापामारी टीम का गठन कर कांड में संलिप्त तीन अपराधकमीर्यों मो० दानिश उम्र करीब 29 वर्ष पिता मो0 नसीम पता खेत मुहल्ला छोटा तलाब थाना हिंदपीढी, मो० अरमान उर्फ बाबु उम्र करीब 19 वर्ष, पिता मो० कलाम, पता निजामनगर, थाना हिंदपीढी, मो० साहिल, उम्र करीब 19 वर्ष, पिता मो० नसीम पता खेतमुहल्ला थाना अरगोड़ा को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं उनके पास से लुटा हुआ दो मोबाईल व पर्स एवं 700/- रुपये बरामद किया गया तथा कांड में अभियुक्तों द्वारा प्रयुक्त एक देशी कप्ता, एक जिंदा कारतुश बरामत किया गया है।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग कार्यसमिति की बैठक

# राहुल गांधी के विचारों को बूथ लेवल तक ले जाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 से पहले शनिवार को रांची के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में अल्पसंख्यक विभाग की विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में राज्यसभा सांसद सह कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी शामिल नहीं हो सके। प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्य में बूथ लेवल तक राहुल गांधी के विचारों को ले जाया जायेगा। विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में ये 11 प्रस्ताव पारित किये गये।

झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमैर खान ने कहा कि केंद्र में भाजपा अल्पमत में है, इसलिए उनके नेता हताश,परेशान और विचलित हैं। उन्होंने कहा कि जब उनके नेता राहुल गांधी अपने हाथों में संविधान लेकर निकले तो भाजपा वाले भी संविधान की बात करने लगे.इस दौरान उमैर खान ने कहा कि सियासत में संयम रखना बेहद जरूरी होता है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी ने विस्तारित कार्यसमिति की बैठक के बाद कहा कि भाजपा मुद्दाविहीन बातों को मुद्दा बनाने में लगी है, लेकिन झारखंड की जनता प्रेम और भाईचारे में विश्वास रखने वाली हैं। उमैर खान ने कहा कि चुनाव में अयोध्या में प्रभु राम ने सबक सिखाया है।

## टीएसएफ इंडिया फाउंडेशन ने किया बच्चों के बीच स्कूली किट का वितरण

**रांची।** माण्डर प्रखण्ड के कनमिप्ता पंचायत में शनिवार को टीएसएफ इंडिया फाउंडेशन ने बच्चों के बीच स्कूली किट का वितरण किया। संस्था की अध्यक्ष रजनी सिंह पंचायत के 20 बच्चों को स्कूली किट प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के निदेशक वसीम अकरम रजवी ने कहा कि संस्था सभी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आज के मार्डन शिक्षा प्रणाली से जोड़ने का काम कर रही है। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए संस्था के द्वारा ये प्रोग्राम का आयोजन हुआ है और ये काम लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत को-ऑर्डिनेटर शहजादी बेगम ने किया।

## प्रतिनिधिमंडल अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष से मिला

**रांची।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यंक आयोग के वरीय उपाध्यक्ष शमशेर आलम के आवास पर हरली बादम गांव, हजारीबाग का एक प्रतिनिधिमंडल अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन बादम और फलाह ए मिल्लत कमिटी बादम के नेतृत्व मे मोहर्रम के मौके पर घटी घटना को लेकर शनिवार को मुलाकात की। हरली बादाम के लोगों ने बताया कि हजारों की संख्या में आसामाजिक तत्व बांध तालाब के पास जमा होकर हरली स्थित कब्रिस्तान की चारदिवारी, गेट और सीला पट को नुकसान पहुंचाया। इस पर भी मुस्लिम समाज के लोगों ने संयम बरता नहीं तो सांप्रदायिक दंगा भड़काने की पूरी साजिश की गई थी। दूसरे पक्ष के द्वारा मोहर्रम के दिन बादम से हरली कर्बला तक जाने वाले रास्ते को रोकने का पुरा प्रयास किया। इस संबंध में एसडीओ सदर, ड़कागांव एसडीपीओ से सुरक्षा की मांग की गई लेकिन सुरक्षा नहीं दी गई।

## राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी बेखौफ आजसू ने रांची में फूंका सरकार का पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता




रांची। राज्य में ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ आजसू ने रांची स्थित अलबर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर उपस्थित आजसू के कार्यकताओं ने कहा कि रांची समेत पूरे राज्य में चरमराई कानून व्यवस्था की वजह से हर एक राज्यवासी डर के माहौल में जीने को विवश है। राज्य में हत्या, लूटपाट, बलात्कार जैसी आपराधिक घटनाएं आम हो गई हैं। अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं उनके भीतर कानून का भय खत्म हो गया है। कल रात ही हरमू में एक बैंककर्मी की अपराधियों ने गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी। ऐसी कई घटनाएं राज्यभर में आए दिन हो रही हैं। हेमंत सरकार और पुलिस प्रशासन भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और आम जनता की सुरक्षा के प्रति उनकी कोई जवाबदेही नहीं है।

पुतला दहन कार्यक्रम में रांची जिला, महानगर, महिला, युवा और छात्र इकाई के सदस्यों ने हिस्सा लिया। पुतला दहन कार्यक्रम के लिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता रांची विश्वविद्यालय गेट के समीप एकत्रित हुए फिर वहां से एक साथ अल्बर्ट एक्का चौक के लिए पैदल मार्च किया। मौके पर आजसू के पदाधिकारी ने कहा कि आज लोगों को घर से निकलने में डर लगता है। छिनैती समेत अन्य अपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। सरकार को सिर्फ अपनी कुर्सी से मतलब है जनता की तकलीफों से उनका कोई वास्ता नहीं है। बढ़ती घटनाओं ने राज्य की छवि को पूरे देश में धूमिल किया है। कुछ दिनों पहले ही हेमंत सोरेन ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बढ़ते अपराध और अपराधियों पर रोक लगाने की बात कही थी। लेकिन इस सरकार की हर बैठक की ही तरह इस बैठक का भी कोई नतीजा नहीं निकला।

## खबर एक नजर में

### मुख्यमंत्री की याचिका पर सुनवाई अगले सप्ताह

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई होगी। एमपी/एलएलए मामले के विशेष अदालत में शनिवार को सुनवाई की तारीख निर्धारित थी, लेकिन अदालत नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गई। हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता ने पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की है। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। बता दें कि हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी ने समन के आदेश का अनुपालन नहीं करने को लेकर अदालत में शिकायतवाद दर्ज कराया है, जिसमें सुनवाई जारी है। ईडी के आठ समन पर हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे।

### अच्छे जीवन की ज्योत से दूसरों को प्रकाशित करें : आर्चबिशप विसेंट आइंद

**रांची।** डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित समाज विकास केंद्र में बुनियादी कलिसियाई समुदाय का एक दिवसीय कार्यशाला (वर्कशॉप) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आर्चबिशप विसेंट आइंद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। खीस्तीय समुदाय को संबोधित करते हुए विसेंट आइंद ने कहा कि शिक्षा से अपने जीवन की ज्योति जलाये और गांव, समाज और देश के अंधकार को दूर करें। बुनियादी कलीसियाई समुदाय एक ऐसा समुदाय है, जो अपने जीवन को बाइबल के अनुसार जीने की कोशिश करता है। ये समाज सेवा करने में विश्वास करती है। समाज सेवा के साथ-साथ यह समाज में सकारात्मक प्रभाव लाने का प्रयास करती है। आर्चबिशप विसेंट आइंद ने सभी को आशावान बने रहने का संदेश दिया। साथ ही बाइबल के वचनों को जीवन में लागू करने का आह्वान किया। मौके पर फादर जार्ज मिंज, फादर बीसू बेंजामिन समेत धर्मबहनें एवं खीस्तीय विश्वासी मौजूद रहे।

### आरोपी बिनोद सिंह की जमानत पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शनिवार को पीएमएलएल कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने समय की मांग की। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 26 जुलाई निर्धारित की है। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये अदालत से अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। इसके लिये उनके अधिवक्ता ने 15 अप्रैल को याचिका दाखिल की है। मालूम हो कि ईडी ने जमीन घोटाले में जांच पूरी करते हुए हेमंत सोरेन के साथ बिनोद कुमार सिंह को भी सह अभियुक्त बनाया है। इसी के बाद से उनकी मुश्किलें बढ़ी हुई है। गिरफ्तारी के बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

### अमित शाह की सूरक्षा में चूक, दो धराये

**रांची।** शनिवार को भाजपा के कार्यक्रम में जाने के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सूरक्षा में चूक सामने आई है । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह का काफिला जैसे ही बिरसा चौक से निकली उसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक बाइक लेकर काफिले में घुस गया। हालांकि वहां पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों ने तुरन्त पकड़ लिया। उसके बाद दोनों को जगरनाथपुर थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि ये सभी नशे में थे।

### दस और 20 के सिक्कों का चलन बढ़ाने पर बैंकों का जोर

**रांची।** दस और 20 रुपये डिनोमिनेशन के नोट की जगह अब बैंकों का जोर सिक्कों का चलन बढ़ाने पर है। बैंकों द्वारा हाल में कई बार नोट व सिक्का मेला लगाया गया। इसमें लोगों को 10 और 20 रुपये के सिक्के व 20 रुपये के नोट मुहैया कराए गए। इधर, बैंक के एक वरीय अधिकारी ने बताया कि पिछले एक-डेढ़ साल में 10 रुपये मूल्य के नोटों की छपायी कम हुई है। अब करेंसी चेस्ट में पहले की अपेक्षा सिर्फ 5 व 10 रुपये के नोट आ रहे हैं। वहीं, 20 रुपये के नोट भी पहले की तुलना में कम आ रहे हैं।

**कमजोर क्वालिटी और अधिक छपाई खर्च वजह :** एक्सपर्ट्स ने कहा, 10 रुपये के नोट की छपायी कम होना डिनोमिनेशन के नोटों की क्वालिटी बड़ी वजह हो सकती है। 10 रुपये के पुराने नोट कई बार रोटेशन के बाद भी कड़क रहते थे। नए नोट कुछ लोगों तक पहुंचते ही नर्म हो जाते हैं। इसके अलावा प्रिंटिंग खर्च भी महंगा हो गया है। ऐसे में इन नोटों की छपायी कम हो रही है।

### मदर्स इंटरनेशनल स्कूल नेत्र जांच और योग शिविर का आयोजन



**रांची।** मदर्स इंटरनेशनल स्कूल ब्रांबे में शनिवार को मुफ्त नेत्र जांच शिविर और योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण मिशन से आए हुए स्वामी सुखमयानंद के द्वारा योग का महत्व एवं उससे होने वाले लाभ की जानकारी छात्रों को दी गई। उन्होंने बताया कि जीवन को सफल बनाने के लिए एक सलाहकार का होना अति आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद की जीवनी इन सभी प्रश्नों का उत्तर देती है। आचार्य प्रीतम वनिक ने कहानी के माध्यम से बच्चों को हंसते-हंसाते बहुमूल्य बातों की जानकारी दी । मौके पर बच्चों का नेत्र जांच भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रधानाचार्या डॉ रोमी झा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### जयंती पर याद किये गये सरदार बल्लभ भाई पटेल

**रांची।** सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर शनिवार को कैंब्रिज स्कूल में एक भारत श्रेष्ठ भारतश्कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश की विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं का जिक्र करते हुए देश की अक्षुन्नता और अखंडता को श्रेयस्कर बताया।बच्चों ने इससे सम्बंधित पोस्टर भी बनाए।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य तापस नाथ ने कहा कि देश की अखंडता को कायम करने में सरदार बल्लभ भाई पटेल की भूमिका अहम है।यही कारण है की उनकी जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर शिक्षका रीना सहाय, रीता सिंह, अशोक कुमार सिंह, ज्योति भूषण गुप्ता आदि शिक्षक मुख्य रूप से मौजूद थे।

### चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह आज हुसैनाबाद में

रांची। राज्य के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आजसू पार्टी द्वारा चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को हुसैनाबाद विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में किया जा रहा है। छत्तरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन और लातेहार में मिलन समारोह का आयोजन होगा। इन सभी कार्यक्रमों में आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल होंगे। सभी कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गयी है। छत्तरपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन पार्टी के केंद्रीय महासचिव संजय रंजन सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में सुदेश कुमार महतो सभी चूल्हा प्रमुखों को शपथ दिलाएंगे और साथ ही उन्हें संबोधित भी करेंगे। छत्तरपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से सुदेश महतो कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित कर चुनावी रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

स्पीड न्यूज

## मंत्री पुत्र ने नये जीएम को गुलदस्ता देकर किया स्वागत



**बेरमो।** शनिवार को झारखंड सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री माननीया बेबी देवी पुत्र अखिलेश उर्फ राजु महतो नए महाप्रबंधक ढोरी क्षेत्र रंजन सिन्हा से परिचय बैठक करते झारखंड कोलियरी कामगार यूनियन साथ हुई मजदूरों के पदोन्नति,पानी बिजली,क्वाटर मरामति, विस्थापित समस्याओं सहित बाते हुई महाप्रबंधक जल्द सभी समस्याओं का समाधान करने का आशवासन दिए मोके पर यूनियन केंद्रीय महामंत्री बिनोद बिहारी चौधरी ,जोनल एवं ढोरी क्षेत्र अध्यक्ष बैजनाथ महतो,कल्याणी परियोजना अध्यक्ष कयूम आलम, जिला संयुक्त सचिव मदन महतो,नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष सोनाराम हेम्ब्रम, पचु राम,रंजीत राय, शिव कुमार,चंदन राम,कालीचरण मांझी, रंजीत सिंह, हरि महतो, बीरन लोहार, उस्मान गनी अंसारी उपस्थित थे ।

## जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक

**साहिबगंज।** शनिवार को उपायुक्त के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में उपायुक्त ने नशे की लत एवं अवैध नशीले प्रदार्थ के रोकथाम के उद्देश्य से समय–समय पर छापामारी एवं लोगो को जागरूक करने का दिशा निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ0 अरविंद कुमार ,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ0 सुमन गुप्ता, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## फिलिस्तीन का झंडा लहराने वालों पर होगी प्राथमिकी

**साहिबगंज।** सदर अनुमंडल क्षेत्र के मुहर्रम जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा फहराने, फिलिस्तीन का प्रोटेस्ट करने वालो पर भी होगी करवाई उक्त बातें एसडीओ अंगारनाथ स्वर्णकार ने कही। उन्होंने बताया कि मुहर्रम जुलूस में किसी भी कमिटी को किसी भी तरह का प्रोटेस्ट करने का इजाजत नहीं था। फिलिस्तीन का झंडा लहराने व टी शर्ट पहनकर सपोर्ट करने वालो पर भी प्राथमिकी दर्ज करके करवाई की जाएगी। इस संबंध में संबंधित दंडाधिकारी व थाना प्रभारी को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एसडीपीओ किशोर तिर्की, प्रशिक्षु डीएसपी रूपम कुमार सिंह, बोरियो सीओ विजय हेमराज खालको, सदर सीओ राम बालक, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडे सहित अन्य थे।

# गोली कांड में 42 गिरफ्तार, जेल

### पुलिस ने कई देसी कट्टा, खोखा एवं पैसे किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट एवं गोलीबारी कांड शनिवार को हंसडीहा पुलिस दोनों पक्षों से 42 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। घटना शुक्रवार को जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र दुमका-भागलपुर स्टेट हाईवे पर पटराबांध नोनीहाट हाई स्कूल के समीप घटी थी। घटना को लेकर हंसडीहा थाना पुलिस ने कुछ अभियुक्त को घटनास्थल पर लाकर पड़ताल में जुट गई थी। जांच के दौरान एक देशी कट्टा, एक खोखा एवं कुछ पैसे बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में तालझारी थाना क्षेत्र के सहारा गांव के ललटू कुमार, ध्रुवचंद कुमार, प्रिंस कुमार एवं श्रीरामपुर गांव निवसी गौतम कुमार, मुनचुन कुमार, मिठु तुरी, अरूण तुरी, अमन कुमार तुरी एवं गणेश तुरी है। सरैयाहाट थाना क्षेत्र के ठाढ़ी खरवा गांव निवासी पिंटू कुमार, नोवाडीह गांव निवासी सुधीर राय, भंगाबांध निवासी यशवल कुमार, संतोष कुमार, कालीपुर गांव निवासी भावेश कुमार, सुचित डोली, छतना गांव निवासी मिथुन कुमार उर्फ मिथुन कुंवर, दिलीप कुवंर, जरमुंडी थाना क्षेत्र के रजन गांव निवासी उत्तम कुमार मांझी, बासुकीनाथ, काली मंदिर के समीप रहने वाला आकश कुमार एवं शिवम कुमार, दुर्गा मंदिर के समीप रहने वाला प्यारेलाल साव, थाना क्षेत्र के बोगली गांव निवास मोहन कुमार यादव उर्फ मोहन कुमार, आशीष कुमार, गोपाल कुमार मांझी, मुकेश कुमार, कलहोड़ गांव के पिंटू महामरीक एवं चंदन कुमार है। जरमुंडी थाना क्षेत्र के ककनिया गांव निवासी मिथुन कुमार, मंटु कुमार वैद्य, छोटा मंगल मुर्मू है। जरमुंडी थाना क्षेत्र के ही खुटहेरी गांव निवासी कामदेव मंडल एवं बारा गांव निवासी बरूण कुमार है। बासुकीनाथ पानी टंकी के समीप रहने वाला रौशन कुमार है। हंसडीहा थाना क्षेत्र के उपरवारा नोनीहाट निवासी अरूण मांझी बसबेरवा गांव निवासी पवन कुर यादव, बढ़ैत गांव निवासी धन्नजय कुमार, गरडी ए गांव निवासी रमेश मुर्मू, भदवारी गांव निवासी अनिमेष दास है। बिहार के बांका जिला के चांदन गांव निवासी आशीष कुमार, गोंडा गांव निवासी नजाबुल अंसारी उर्फ छोटू, जमुई जिला के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी सिकंदर तुरी है। वर्तमान में बांका जिला के चांदन गांव के बिरनियां बियाही मोड़ के समीप रहता है। मामला 20 बीघा जमीन से जुड़ा है। जिसमें एक पक्ष को न्यायालय द्वारा डिग्री भी मिल चुकी थी।

## गौवंशीय पशु लदा दो ट्रक जब्त, 6 मवेशी की हुई मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के जामा थाना पुलिस ने शुक्रवार को देर रात अवैध रुप से ले जा रहे गौवंशीय पशु लदा दो ट्रक को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पालाजोरी दुमका बायपास मार्ग के लकड़जोरिया मोड़ के समीप जामा थाना पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर दोनों गौवंशीय लदा ट्रक को पकड़ा गया। दोनो मिनी ट्रक में 60 पशु को लादकर बिहार से पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस को देखते ही दोनों गाड़ी के चालक गाड़ी खड़ी कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस पशु समेत गाड़ी को जब्त कर थाना ले आयी। जिसमें आधा दर्जन मवेशी गाड़ी में मृत पाया गया। जिसमे 2 गाय एवं 4 बछड़ा शामिल है। जबकि एक दर्जन पशु की स्थिति खराब बतायी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों के सहयोग से घायल मवेशियों का इलाज पशु चिकित्सक के द्वारा किया जा रहा है। कुल जब्त गौवंशीय पशुओं में 38 जर्सी गाय एवं 22 बछड़ा शामिल है।

## शिक्षकेत्तर कर्मियों के समर्थन में अभाविप का धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन ने एसपी कॉलेज इकाई के द्वारा शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के वेतनमान निर्धारण की मांग को लेकर कॉलेज परिसर में सात दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। अभाविप ने कर्मचारी संघ बातचीत कर समस्याओं से अवगत हुआ। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज अध्यक्ष अमन कुमार साह ने की। अमन कुमार ने शिक्षकेतर कर्मचारी का हाल-चाल जान कर्मचारियों के सचिव गोपाल शर्मा से बात किया। वार्ता के दौरान गोपाल शर्मा ने कहा कि वर्ष 2016 से सातवां वेतनमान पारित करने, एसीपी एवं एमएसीपी जो हर दशक में बढ़ाया जाता है। लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मचारी को नहीं मिल पाया है। विश्वविद्यालय मूकदर्शक बनी हुई है। हर बार विश्वविद्यालय प्रशासन से सांत्वना मिलता है की समस्या राजभवन भेज दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के हाथ में कुछ नहीं है। आखिर कब तक शिक्षकेतर कर्मचारियों को इस तरह अंधेरे में रखा जायेगा।वही जिला संगठन मंत्री ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि परिषद आपके आंदोलन का समर्थन करती हैं और अंतिम लड़ाई तक साथ देगी। इस धारणा में मुख्य रूप से संजीव कश्यप,मरियम टुडू, संगीता गांगुली, गोपाल झा, कुबार्नी अंसारी संजीव मिश्रा, अमिय पंजियारा, कालीचरण हांसदा, प्रभु हरि, मिलिसेंट टुडू, प्रेमचंद सोरेन, वीरेंद्र ईशर, पाकू हेंब्रम, भरत मालिक, विजय राणा, रायशन टुडू, नफीसा बेगम, संतोषी सोरेन शामिल थे।

### स्माट क्लास का उद्घाटन

**साहिबगंज।** शनिवार को एल. आई, सी. एच एफ एल. सी एस आर के सहयोग से चल रहे एल. आई सी एच एफ एल हृदय परियोजना के अन्तर्गत निर्देश संस्था द्वारा राजमहल प्रखण्ड के जयरामडांगा के राज्यकीयकृत मध्य विद्यालय में स्मार्ट क्लास का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त हेमंत सती, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं फिता काट कर किया गया। उपायुक्त ने कहा की जो भी तकनीक से जोड़ते हुए स्मार्ट विद्यालय बनाया गया है।

### ट्रेनिंग एडवाइजरी कमिटी की बैठक

**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित ट्रेनिंग एडवाइजरी कमिटी की बैठक में बोकारो स्टील प्लांट के ईडी सीजीएम विभागाध्यक्ष तथा एचआर विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान मानव संसाधन (ज्ञानार्जन एवं विकास) विभाग द्वारा सम्पन्न विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में विभाग की वरीय प्रबंधक प्रीति कुमारी ने एक प्रस्तुतिकरण द्वारा जानकारी दी एवं चालू वित्तीय वर्ष की ज्ञानार्जन एवं विकास संबंधित योजनाओं और प्राथमिकताओं से भी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। एमटीआई रांची के सीजीएम संजय धर ने फ्यूचर रेडी सेल - फ्यूचर रेडी एचआर पर चर्चा की। निदेशक प्रभारी ने सभी पहलुओं की समीक्षा करते हुए ज्ञानार्जन एवं विकास को संगठन के अनुरूप और प्रभावी बनाने पर बल दिया।

## मयूराक्षी कॉलेज में पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



**रानेश्वर।** मयूराक्षी ग्रामीण कॉलेज परिसर में शनिवार को एनएसएस स्वयंसेवकों ने वन महोत्सव मना पौधरोपण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो आबिद राजा ने किया। कॉलेज परिसर में एनएसएस इकाई 2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ स्वर्ण कुमार सिंह एवं इकाई 4 के कार्यक्रम पदाधिकार प्रशांत पातर के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने फलदार एवं पीपल का पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ स्वर्ण कुमार सिंह ने कहा कि सिर्फ कॉलेज परिसर ही नहीं, गोद लिए गए गांव एवं अपने घर के आस-पास के हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगवाने का भार सौपा गया। पौधा रोपण करने से ही हम मनुष्य एवं पृथ्वी पर रह रहे जीव जंतु को सुरक्षित रख सकते है और पर्यावरण की रक्षा कर सकते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इकाई-1 कर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ गजेंद्र कुमार सिंह, प्रो अशोक कुमार राय, डॉ हिमांशु कुमार सिंह, काजल मंडल, विभाष चंद्र झा, आनंद गोपाल घोष, तलत नूर, शांति राम मंडल, संजीत कुमार एवं सेवक एवं स्वयंसेविका मौजूद थे।

### संत जेवियर स्कूल में रक्तदान शिविर

**बोकारो।** बोकारो नगर के संत जेवियर स्कूल के स्थापना दिवस पर बोकारो जनरल अस्पताल के ब्लड बैंक के तत्वाधान में स्कूल के प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर का उदघाटन संत जेवियर स्कूल के फादर अरुण मिंज के द्वारा किया गया जिसमें संत जेवियर स्कूल के शिक्षक छात्रों के अभिभावक तथा स्कूल के पूर्व छात्रों ने कुल 35 यूनिट रक्त रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्देश्य थैलेसीमिया के मरीजों को रक्त मुहैया कराना तथा रक्त के कमी से लोगों की जान न जाए इसलिए लोगों के बीच जागरूकता फैलाना था। बताया गया कि 18 साल से 60 साल का कोई भी स्वस्थ पुरुष स्वेच्छा से एक वर्ष में चार बार तथा एक स्वस्थ महिला एक वर्ष में तीन बार रक्तदान कर सकती है।

## बोकारो महिला समिति द्वारा साड़ी साबुन व सैनिटरी नैपकिन वितरित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी के नेतृत्व में बोकारो के परिक्षेत्रीय ग्राम नरकरा के दौरा के दौरान समिति की सदस्यों ने ग्रामीण महिलाओं में साड़ी साबुन व सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया। मौके पर समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी उपाध्यक्ष प्रीति शरण इति रथ सचिव वंदना झा उप सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी कोषाध्यक्ष रीता रानी कुमुद कुमारी पुष्पा भारतीय अभिरुचि प्रिया पुष्पा भारतीय अनीशा झा नीतू प्रीति जया आशा समिता उपस्थित थीं। नरकरा ग्राम की मुखिया बबिता ने अपने दल के साथ बोकारो महिला समिति के सदस्यों का स्वागत किया। महिला समिति का यह समाज सेवा का प्रयास बोकारो इस्पात संयंत्र के सीएसआर के सौजन्य से सफलतापूर्वक संपन्न हो पाया। बोकारो महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती तिवारी ने ग्रामवासियों की सराहना की और उनकी सेवा में सदैव तत्पर रहने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्य महिला समिति करती रहेगी।

## खेतको के यादव टोला में चाकूबाजी में युवक घायल

**बेरमो /खेतको।** पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको पंचायत अंतर्गत यादव टोला मे बीते देर रात्रि एक युवक को दूसरे युवक ने चाकू से कई बार जान लेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। इस युवक का नाम सूरज यादव 26 वर्ष बताया गया है। जबकि हमलावर का नाम सुन्दर यादव बताया जाता है। घटना के बाद परिजन सूरज को आनन फानन मे उठा कर सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल पहुँचाया जहां चिकित्स्कों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार फिलवक्त घायल का इलाज चास स्थित मुस्कान अस्पताल मे चल रहा है और स्थिति नाजुक बनी हुई है।इस घटना की जानकारी पेटरवार थाना को मिलते ही थाना प्रभारी खेतको गांव घटना स्थल पहुच घटना की जाँच करने के साथ युवक को भी हिरासत में ले ली है।

**क्या है पुरा मामला** : घटना के संबंध में मिली के अनुसार दोनो ही युवक एक ही टोले मे रहते हैं। लगभग चार या छह साल पुर्व सूरज यादव सुन्दर यादव की पत्नी को लेकर फरार हो गया था। बताया जाता है कि उस समय सुन्दर दो बच्चों के पिता थे। सुन्दर की पत्नी अपने साथ एक बच्चे को लेकर भागी थी। तब से लेकर लंबे समय तक सूरज गांव नही लौटा। हालांकि इस घटना के बाद सूरज को गांव से एक तरह से बेदखल कर दिया गया था। मगर कुछ दिनों पुर्व सूरज लंबे समय बाद अकेला गांव लौटा। सुनने को तो यह भी मिला की सूरज जिस औरत को लेकर भागा था वह औरत पिछले लगभग दो वर्षो से सूरज को भी छोड़ कर किसी और के साथ रह रही हैं। तब उसने सूरज को मारने की बात सोच ली और उसके बाद उसके ऊपर हमला कर दिया।

## चैंबर चुनाव : मनोज चौधरी बने अध्यक्ष राज कुमार महामंत्री

**बोकारो।** चास स्थित चैंबर भवन में निर्वाचन पदाधिकारी प्रो आरडी उपाध्याय ने उप चुनाव पदाधिकारी अंजनी कुमार रूपक के साथ संयुक्त रूप से चैंबर के सत्र 2024-26 के लिए निर्विरोध चुने गए कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की घोषणा की। चास क्षेत्र से संजय बैद सुभाष जैन सिद्धार्थ जैन रवि शंकर प्रसाद शैलेंद्र जायसवाल अनूप भालोठिया राजेश पोद्दार विनय सिंह मुकेश अग्रवाल सहित 10 सदस्यों बोकारो क्षेत्र से प्रकाश कोठारी महेश गुप्ता कुमार अमरदीप विपिन अग्रवाल सहित पांच सदस्यों बालीडीह क्षेत्र से प्रदीप सिंह अजय केडिया सिद्धार्थ पारख व बेरमो अनुमंडल क्षेत्र से कृष्ण कुमार चांडक प्रेम राज गोयल नरेंद्र सिंह के नाम की घोषणा की। चुनाव पदाधिकारी उपाध्याय व रूपक ने संयुक्त रूप से नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए उनसे चैंबर हित में कार्य करने की अपेक्षा की।

### प्रतिनिधिमंडल ने डंपर में आग लगने का लिया जायजा

**खलारी।** के डी एच परियोजना में शुक्रवार को डम्फर में आग लगने की घटना के बाद शनिवार को जमसं के प्रतिनिधिमंडल सीसीएल सेफ्टी बोर्ड मेंबर रवींद्रनाथ सिंह के नेतृत्व में के डी एच खदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद रविन्द्र नाथ सिंह ने पत्रकारों को बताया कि के डी एच प्रबंधन सुरक्षा के प्रति उदासीन रवैया है। खदान का हॉल रोड, फेश, छोटी गाड़ियों के लिये अलग रास्ता की नितांत आवश्यकता है।

## ओरमांझी में पहली सोमवारी को निकलेगी भव्य कलश यात्रा



बैठक में उपस्थित समिति के लोग व ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** पहली सोमवारी 22 जुलाई को ओरमांझी में महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलष यात्रा गगारी हेसातु नदी जलाषय से जल लेकर बाबा भोलेनाथ धाम गगारी पहाड़ में स्थित भोले बाबा में जल अभिषेक किया जाएगा। साथ ही श्रावण पुर्णिमा के अवसर पर गगारी पहाड़ में मेला लगाया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए शनिवार को भोलेनाथ सावन पूजा मेला समिति की बैठक मुखिया धनराज बेदिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष मदन बेदिया को बनाया गया। इसके अलावे सचिव दिगेष बेदिया, कोषाध्यक्ष राहुल महतो के अलावे 21 सदस्यी कार्य समिति की भी गठन किया गया। इसकी जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी जीतेंद्र बेदिया ने बताया गगारी पहाड़ में 4000 फीट में भगवाान भोलेनाथ अवस्थित हैं। बताया जाता है कि श्रावण माह में काफी संख्या में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु जल अभिषेक करने पहुंचते हैं। बैठक में मुखिया धनराज बेदिया, संरक्षक साधो उरांव, गोवर्धन बेदिया लालू बेदिया, लक्ष्मण उरांव आदि मौजूद थे।

# गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं : अनिल अग्रवाल

### गुरु पूर्णिमा उत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** जारीडीह बाजार स्थित अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के सचिव श्री अनिल अग्रवाल के द्वारा दीप प्रवजलित एवं पुष्पचन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा महर्षि वेदव्यास जी की जीवनी से संबंधित बोधकथा प्रेरक प्रसंग इत्यादि प्रस्तुत किया गया तथा विद्यालय आचार्ज और दीदी को वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है हमें हमेशा गुरु का सम्मान करना चाहिए विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने भी गुरु के महत्वता पर अपना विचार रखा अंत में विद्यालय के वरिष्ठ रिचार्ज सुरेश लाल जी ने के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन का कार्य संपादित किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के कृष्ण कुमार गुप्ता आचार्य महेंद्र मंडल सुभाष चंद्र झा काजल जी अरुण जी सुमित जी रुबीना जी रीता जी श्वेता की खुशबू जी पिंकी जी महारानी कश्यप एवं शिवानी सहित सैकड़ो बच्चे उपस्थित रहे।

### डीएवी स्कूल स्वांग में वन महोत्सव

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल स्वांग के कनीय शाखा में 19 जुलाई को वन-महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था. विद्यालय की प्राचार्या डी बनर्जी ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, उद्देश्यों और वन-महोत्सव के महत्व के बारे में जानकारी दी.छात्रों ने पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नारे लिखे, बैनर और पोस्टर लेकर विद्यालय परिसर में मार्च किया. उन्होंने अपने जन्मदिन पर एक-एक पौधा लगाने का संकल्प भी लिया.वन महोत्सव के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। नर्सरी, एल के जी और यू के जी के बच्चों ने हरे वस्त्र पहनकर भाग लिया, जबकि कक्षा प्रथम के बच्चों ने प्राकृतिक संसाधनों से राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण किया. कक्षा द्वितीय के बच्चों ने पेड़ों को राखी बांधकर और कक्षा तृतीय के बच्चों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.इस अवसर पर प्राचार्या डी बनर्जी ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़-पौधों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. पेड़-पौधों से हमें जीवनरक्षक ऑक्सीजन और खाने-पीने की चीजें मिलती हैं, जो जीवन के लिए अत्यावश्यक हैं. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक श्री वी० आर० महतो, एच पी महतो, संध्या कुमारी, डी घोष, एस सामल, सोनम मुर्मु, केङ्क पीङ्क महथा, ए मोहंती और एके सिंह भी उपस्थित थे।

## बच्चों को भी स्वास्थ्य के प्रति करें जागरूक

### फ्लोरेंस में 413 लोगों हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



बच्ची का स्वास्थ्य जांच करती चिकित्सक।

**ओरमांझी।** फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इरबा ओरमांझी में शनिवार को निःशुल्क मेडिकल कैंप लगा क्षेत्र के 413 मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा दी गई। हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल मेडिकल कैम्प की ओर से आयोजित कैंप में मेदांता हॉस्पिटल इरबा चिकित्सक डा. गगनजीत कौर, डॉ निलेश मिश्रा, डॉ अमुल्या स्वाति, डॉ कृष्णा कुमार दास, डॉ विजय कुमार सिंह, डॉ मुकेश अग्रवाल, डॉ रवि रोशन व स्पर्श आई केयर हॉस्पिटल के डॉ स्वाति सिंह व फ्लोरेंस डेन्टल केयर के डॉ नाजनीन कौशर द्वारा कैंप में पहुंचे मरीजों की स्वास्थ्य जांच व उपचार किया गया। कई मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों का ऑपरेशन भी किया गया। वहीं ज्यादातर लोगों की ईसीजी, ब्लड ग्रुपिंग, ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर आदि की जांच हुई। इस अवसर पर नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के साथ स्थानीय युवाओं द्वारा 48 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। संस्थान के सचिव जीनत कौशर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कैंप में काफी संख्या में लोग अपने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कराने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने बच्चों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व करने की जरूत है। वहीं निदेशक डा. शाहीन कौशर ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में हॉस्स्पिटल की मंहगी खर्चे की संभावना से बचने के लिए अपने बीमारी को नजर अंदाज करते हैं। सिर्फ अपना स्वास्थ्य की जांच करा लेने से बीमारी को खतरनाक रूप लेने से पूर्व उपचार कर जान बचाई जा सकती है। कहा प्रत्येक वर्ष कैंप लगा कर लोगो को निशुल्क जांच की जाएगी। इससे लोगों को स्वास्थ्य लाभ के साथ जाकरूकता भी आएगी।

स्पीड न्यूज

## रातू : शराब की दुकान से 90 हजार नकद चोरी

- दलादिली की है घटना
- पुलिस कर रही जांच

**रातू।** दलादिली चौक स्थित लाइसेंसी शराब की दुकान में बुधवार की रात अपराधियों ने काउंटर में रखे सेल के नकद समेत दर्जनों बोतल शराब की चोरी कर ली। मामले को लेकर दुकान के सेल्समैन धनंजय कुमार सिंह ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक, रोज की तरह रात्रि 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गये। गुरुवार की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो सटर का ताला टूटा था। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना थाने को दी। पुलिस के पहुंचने पर जब उन्होंने दुकान खोला, तो पाया कि दुकान में चोरी हुई है। पुलिस के निर्देश पर जब उन्होंने स्टॉक का मिलान किया तो 69,100 रुपए की शराब समेत बिक्री के 12 ,590 रुपए तथा पूर्व से रखे 8 हजार रुपए समेत कुल 89690 रुपये गायब थे। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## 25 किसानों को मिला उन्नत धान का बीज

**सिकिदिरी।** बड़की गोड़ांग में शनिवार को 25 किसानों के बीच उन्नत किस्म के धान बीज का वितरण किया गया। वितरण अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव ने किया । खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के तहत धान बीज का वितरण किया गया। प्रत्येक किसान को दो किग्रा धान बीज दिया गया है । प्रमुख दीपा उरांव ने किसानों को पारंपरिक व श्रीविधि से की जानेवाले धान की खेती जानकारी दी। इस मौके पर प्रगतिशील किसान जगदीश भोगता, नागेश्वर महतो, बालेश्वर भोगता आदि उपस्थित थे।

## पतरातू घाटी में मिला युवक का शव



**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के पतरातू घाटी में 19 जुलाई को एक शव मिली है। शव की पहचान गांव बचरा, थाना बारियातू जिला रांची निवासी उसके पिता कमल राज सिन्हा ने अंकित सिंह की सूचना पर पतरातू घाटी पहुंचकर अपने पुत्र पल्लव राज सिन्हा ( 19 वर्ष) के रूप में की। थाना में दिए आवेदन के अनुसार पल्लव को पतरातू घाटी लाकर उसके दोस्तों ने मारकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की है। वह रांची में रह कर बीसीए की पढ़ाई करता था। आवेदन में उसके पिता ने यह भी लिखा कि उसके पास 4 बचकर 5 मिनट पर अंकित सिंह का फोन आया था और वह पल्लव के बारे में पूछ रहा था कि वह कहां है। उसके बाद पुन: 5.19 पर अंकित सिंह के द्वारा फोन कर जानकारी दी गई की पतरातू घाटी में पल्लव ने आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने यह भी बताया कि पल्लव और आकाश के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। पल्लव के मित्रों आकाश, अंकित सिंह, राहुल, तुषार, एक अन्य अंकित ने उसे पहले पतरातु घाटी बुलाकर मेरे पुत्र को मिलकर मारा है।

# अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर दो ट्रॉली जब्त, चालक फरार

### बालू तस्करी के सख्त खिलाफ हैं एसएसपी

- थानेदार काट रहे हैं चांदी
- माफिया से फिक्स है इंट्री



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार समेत जिले के खनन व वन पदाधिकारी बालू की तस्करी के सख्त खिलाफ हैं। श्री कुमार धड़ल्ले से हो रहे बालू के अवैध धुलाई को लेकर रातू, बुढ़मू व ठाकुरगांव के थानेदार को दिये निर्देश का पालन नहीं किये जाने से नाराज हैं। पुलिस कप्तान होने के नाते उन्हें इस बात की पक्की जानकारी है, कि बुढ़मू के थानेदार रामजी कुमार व ठाकुरगांव के विनीत कुमार का छापर नदी से बालू के उठाव में संलिप्त माफिया से सांठगांठ है। उन पर करीब 250 हाइवा, ट्रैक्टर व तर्बो ट्रक से क्रमशः 13 हजार, 55 सौ व 8 हजार इंट्री मनी फिक्स कर क्षेत्र में अवैध धंधे को प्रोत्साहन देने और करोड़ों की वसूली करने का आरोप है। वहीं, रातू में पुलिस और बालू माफिया के बीच शह-मात का खेल चल रहा है। बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर नहीं पकड़े गये तो माल माफिया का और यदि जब्त कर ली गयी, तो गाड़ी छुड़ाने के एवज में पुलिस को मुंह मांगी रकम देनी पड़ती है। शनिवार की सुबह एसवी चौधरी ने फन कैशल पार्क के समीप से बालू लदे बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के तीन ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। लेकिन, चालक फरार हो गये। जबकि, बुढ़मू रांजीटोली के अरविंद कुमार साहू व सूरज कुमार साहू ट्रॉली छोड़ भाग निकले। इस दौरान जवानों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। किंतु, बाल-बाल बच गये। इधर, श्री रामजी कुमार और विनीत कुमार से बात करने की कोशिश की गयी। लेकिन, संपर्क नहीं हो सका।

### माफिया को प्रश्रय पुलिसिंग का हिस्सा

पुलिस रुपये की लालच में माफिया, असामाजिक तत्व व अपराधियों से चोली-दामन का संबंध रखती है। यूं कहें कि यह पुलिसिंग का हिस्सा बन गया है, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इसके अनगिनत उदाहरण हैं। किसी बड़े कांड के खुलासे को लेकर पुलिस संवेदनशील नहीं रहती है। वह कांड के उद्भेदन की बजाय ऊपरी आमदनी को प्रमुखता देती है। इससे आम आदमी का पुलिस पर से भरोसा उठ गया है।

## गोंदलीपोखर चौक में 100 रुपये किलो बेचा गया बालू

**अनगड़ा।** प्रखण्ड के गोंदली पोखर चौक में शुक्रवार की शाम पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने हो रही बालू की किल्लत का अनोखा तरीके से सांकेतिक प्रदर्शन कर 100 रुपया किलो बालू की बिक्री की गयी ' वहीं कई लोग ग्राहक बनकर पहूँचे और 100 रुपये किलो बालू खरीदा भी ' मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि राज्य में बालू के अवैध खनन, बालू की तस्करी धड़ले से चल रहा है और गरीब जरूरतमंद लोगों को बालू 60,000 रुपया प्रति हाइवा खरीदना पड़ रहा है ' भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में बालू की हो रही किल्लत से सरकारी व गैर सरकारी योजनाएँ सभी बाधित हो गई है ' अबुआ आवास, मनरेगा में कुआँ आदि व लोगों के नीजि कार्यो में बालू की आवश्कता आदि प्रभाववित हो रहा है बालू की कमी से गरीब दैनिक मजदुर भी बेरोजगार हो गए हैं। मौके पर सुरेन्द्र महतो, मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, अजय महतो, सुनील महतो, सिकन्दर अंसारी, नीलकण्ठ चौधरी, नरेश साहु, करमलाल महतो,राजेन्द्र महतो, लक्ष्मण भगत, शिबु मुंडा, विरेन्द्र केशरी, रूपलाल साहु सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक नजर में

## जरिया सरनास्थल पर पौधरोपण और फलदार पौधों का किया गया वितरण




**बेड़ो।** मालती वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी के तत्वावधान में शनिवार को जरिया गांव स्थित सरना स्थल पर पौधरोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष संध्या रानी भगत के नेतृत्व में ग्रामीणों के बीच उनकी माँ के 87 वीं जयंती पर पौधरोपण एवं फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संध्या रानी भगत ने मुहीम एक वृक्ष माँ के नाम किया। वहीं मौके पर बोड़ेया पंचायत के पूर्व मुखिया डॉ जया भगत,जरिया पंचायत की मुखिया कुंवारी खलखो, सचिव साक्षी उरांव, ग्रामप्रधान पेरो उरांव व सुमी भगत समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मांडर : ट्रेन से गिरने से युवक की मौत

**मांडर।** थाना क्षेत्र के चुन्द गांव निवासी बाईस वर्षीय राम उराँव पिता स्व महादेव उरांव की राउरकेला के निकट बण्डा मुंडा स्टेशन के निकट ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। घटना अठारह जुलाई की है। वह गुजरात में एक टायर फैक्टरी में काम करता था। घर वापसी के दौरान राउरकेला के बन्डा मुंडा रेलवे स्टेशन के समीप वह असंतुलित होकर ट्रेन से गिर गया था। ट्रेन से गिर जाने के कारण उसकी वही मौत हो गई थी। मौत की सूचना मिलने के बाद शव को शुक्रवार की देर शाम गांव लाया गया और अंतिम संस्कार किया गया। राम घर का इकलौता लड़का था।

## मांडर : स्कूली बच्चों के बीच किट का वितरण



**मांडर।** प्रखंड के कांभीठा पंचायत में शनिवार को टीएसएफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा स्कूली बच्चों के बीच पंचायत कोडिनेटर शहजादी बेगम की अगुवाई में किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे जिला परिषद प्रतिनिधि रबूल अंसारी शामिल हुए। जिन्होंने अपने हांथो से 20 बच्चों के बिच किट का बितरण किया। और उन्होंने कहा ईस किट के बितरण से बच्चों के बिच नए उत्साह जागृत होंगी। उसे आगे बढ़ने मे मदद मिलेगी साथ ही सांस्था को धन्यबाद दिया। ईस मौके पर संस्था की अध्यक्ष रजनी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## बेड़ो के करांजी में मुहर्रम जुलूस सह मेला आज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करांजी गांव में रविवार को सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के द्वारा मुहर्रम का जुलूस सह मेला का अयोजन रविवार को किया जाएगा। जहां विभिन्न गांव से आये अखाड़ाधारियों अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में अपना अपना खेल प्रस्तुत करेंगे। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर मुहर्रम जुलूस का भी आयोजन किया जाएगा।

## बेड़ो के तेतर टोली गांव में करंट से मासूम भाई-बहन की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड अंतर्गत नरकोपी थाना क्षेत्र के करकरी पंचायत के ग्राम खड़देवरी तेतर टोली गांव में दरवाजा प्रवाहित हो बिजली के करंट की चपेट में आने से एक ही परिवार के दो मासूम बच्चों में शामिल भाई बहन विनय तिर्की चार वर्ष व सृष्टि तिर्की एक साल की दर्दनाक मौत हो गई। घटना रविवार को दोपहर लगभग दो बजे की बताई जाती है। घटना के संदर्भ में मृतक के पिता किसान सुशील तिर्की व मां सुनीता तिर्की ने बताया कि वे सभी खेत में काम कर लगभग दो बजे खाना खाने के लिए घर आ रहे थे। तभी विनय तिर्की अपनी बहन सृष्टि को पीठ पर लेकर आगे आगे चलने लगा और जाकर घर दरवाजा जैसे छुआ तभी दरवाजे के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की तार, जिसे चूहों ने काट रखा था। इस नगें तार से सटे होने कारण दरवाजा में करंट प्रवाहित था। जिसके छूते ही उन्हें करंट लगा गया। जिसे देख बचाने गए उसके पिता सुशील तिर्की भी करंट से दूर फेका गया। जिससे उसकी तो जान बच गई लेकिन मासूम की जान चली गई। इधर घटना की सूचना मिलने पर कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव विधायक प्रतिनिधि रवींद्र साहू, मुखिया सरिता एक्का घटनास्थल पहुंचे और तत्काल विभाग को सूचना देकर लाइन कटवाया।

## महर्षि वेद व्यास जयंती पर मना हरित दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के कुललोंग स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को महर्षि वेद व्यास की जयंती तथा गुरुपूर्णिमा के पूर्वदिवस पर हरित दिवस का आयोजन किया गया। प्रातः वंदना में शामिल सैकड़ो भैया बहनों को आचार्य मुरलीधर पाठक ने महर्षि वेद व्यास तथा गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ साथ गुरु शिष्य परंपरा के बारे में बताते हुए कृष्ण सुदामा के गुरुकुल का जीवन, कौत्स मुनि का गुरु के प्रति निष्ठा, आरुणि मुनि का गुरु के प्रति समर्पण की कहानी सभी बच्चों के सामने रखी। मौके पर विद्यालय के कक्षा अरुण के नन्हे भैया बहनों से लेकर तरुण वर्ग के भैया बहनों के भाग लिया और विद्यालय परिसर में भैया बहनों द्वारा कई प्रकार पौधों को लगाया गया। सभी भैया बहनों द्वारा अपने घर से लाए औषधीय पौधे, फूल के पौधे, सजावट के पौधे, आम, नीम आदि जैसे पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र तिवारी ने बच्चों को पर्यावरण के संरक्षण के लिए संदेश देते हुए कहा कि सिर्फ पौधे लगा लेने से पर्यावरण ठीक होना संभव नहीं है, बल्कि हमारे द्वारा लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक उसे संरक्षित करना भी आवश्यक है। एक एक पौधे के संरक्षण से ही हम आने वाले भविष्य कि तस्वीर बदल सकते है। यदि हमे कल एक स्वच्छ पर्यावरण चाहिए तो हमें इसके संरक्षण की चिंता आज से करने होगी।

## समाज निर्माण में डीएवी का अहम योगदान

### डीएवी खलारी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**खलारी।** डीएवी पब्लिक स्कूल खलारी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एनके एरिया ।महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मान समारोह में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा, डीएवी राष्ट्रीय खेल, सीबीएसई एवं खेलो इंडिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी 50 प्रतिभाशाली बच्चों को ट्राफी देकर एवं उनके अभिभावकों को शॉल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य महोदय ने विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण 14 -15 वर्षों की कठिन मेहनत से होता है। विद्यालय के शिक्षकों की मेहनत तो होती ही है, साथ साथ माता-पिता,अभिभावकों का योगदान भी कम महत्वपूर्ण नहीं होता। व्यक्ति की सफलता में सभी का संयुक्त योगदान होता है। मुख्य अतिथि सुजीत कुमार ने कहा कि समाज निर्माण में डीएवी विद्यालय का बहुत बड़ा योगदान है।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के सफी नदी से अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया। जानकरी के अनुसार बालू माफियाओ के द्वारा खलारी प्रखण्ड अंतर्गत सफी नदी से दिन के उजाले में ही नदी से अवैध बालू उठाव धड़ले किया जा रहा था। इसकी सूचना लगातार पुलिस को मिल रही थी। जिसके बाद दिन में नदी से अवैध बालू खनन करके बालू का उठाउ किया जा रहा था।

## रातू : समर्पणदीप बीएड कॉलेज में शिक्षक मार्ग दर्शक विषय पर कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड के उषामातु स्थित समर्पणदीप बीएड कॉलेज में शनिवार को जीएसी ने एकदिनी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला समिति व स्मार्ट फाउंडेशन की ओर से प्रायोजित कार्यक्रम में शिक्षक एक मार्ग दर्शक विषय पर चर्चा की गयी। व्यक्तित्व विकास पर खास जोर दिया गया। संप्रेषण कौशल पर भी फोकस रहा। फाउंडेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह तथा उनके सहयोगी प्राची ओला, भाव्या पाठक और सृष्टि वर्णवाल ने अपनी बातें रखी। इसके उपरांत, प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास पोद्दार, सदस्य जितेन्द्र प्रसाद, शैलेन्द्र सिंह और विशाल सिंह समेत प्रभारी प्राचार्य दशरथ महतो, आनंद कुमार भगत, शशि कुमारी, रीना कुमारी, वासिफ शाह, अच्युतानन्द मिश्र, कन्हैया लाल केशरी, सजित कुमार, ऋतु जया केरकेट्टा, शालिनी सिन्हा, शिवराज भगत, कन्हाई महतो, दिनेश महतो आदि शामिल थे।

# अनूठी वास्तुकला के लिए विख्यात है महादानी मंदिर

### नौवीं सदी में हुआ था बेड़ो के महादानी मंदिर का निर्माण



**राजू कुमार सिंह**

**बेड़ो।** बेड़ो का ऐतिहासिक महादानी मंदिर अपनी अनूठी वास्तुकला व प्राचीन इतिहास के कारण विख्यात है। गहरी धार्मिक आस्था व भक्ति के कारण इसने अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर ली है। इतिहासकारों के अनुसार महादानी मंदिर का निर्माण पालवंश के शासक धर्मपाल के द्वारा नौंवी सदी के दौरान की गई थी। हालांकि इतिहासकारों में कालखण्ड को लेकर मतभेद देखने को मिलता है। सामान्यतः महादानी मंदिर के चारो ओर चार और मंदिर विराजमान था। लेकिन वर्तमान में इसका ढांचा बाहर से दिखलाई नहीं पड़ता है। यहां की पुरात्विक खुदाई के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है। मंदिर का निर्माण तत्कालिन पाल वंश के शासकों ने चट्टानों को काटकर बनाने के बजाय बड़े बड़े पत्थरों को जोड़कर महादानी मंदिर का निर्माण किया। मंदिर के निर्माण में लाल रंग के पत्थरों का इस्तेमाल किया। उल्लेखनीय है कि महादानी मंदिर के उत्तर दिशा स्थित डुकू तालाब के पास मंदिर के कुछ अंश भूमि के अंदर दबी हुई मिलती है। शोधकताओं के अनुसार प्राचिनकाल में महादानी मंदिर स्थित शिवलिंग में की गई जलाभिषेक का जल सीधे अंदर ही अंदर डुकू तालाब के निकट गिरता है। मानवीय छेड़छाड़ के बाद यह प्रक्रिया बाधित हो गयी। जिस प्रकार प्राचीनकाल में निर्मित मंदिरों के शिखर पूरी ऊँचाई पर संकीर्ण तथा उसके उपर कलश बने होते है जिस पर त्रिशुल मिलते हैं। इतिहासकार के अनुसार पालवंस के शासक धर्मपाल ने अपने उत्तर पूर्व के अभियान के दौरान कई जगहों पर शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी में से एक महादानी मंदिर है। जिस पत्थर से महादानी मंदिर की रचना हुई वह आसपास मिलने वाली लाल रंग की आक्सीकृत बजरी पत्थर है जो आज भी चारो ओर बिखरे हुए मोरम पत्थर के रूप में मिलते हैं। वैसे धार्मिक आस्था व पैराणिक मान्यताओं के अनुसार महादानी मंदिर की रचना खुद भगवान विश्वकर्मा ने अपने हाथों से की है। दंतकथाओं के अनुसार इटकी के कुल्ली खम्भा चचगुरा व बेड़ो में एक साथ मंदिर की रचना हो रही थी लेकिन अचानक ऐसी घटना हो गयी कि मंदिर निर्माण की प्रक्रिया बाधित हो गयी। बेड़ो का महादानी मंदिर तो बन गयी लेकिन कुल्ली खम्भा व चचगुरा का मंदिर अधुरा रह गया। आज भी अधुरे मंदिर का भग्नावशेष देखा जा सकता है। महादानी मंदिर में लगा सोने का दरवाजा चोरो ने चोरी कर ली थी। कभी भी महादानी मंदिर से कोई भक्त खाली हाथ नही लौटता यही कारण है कि शिव द्वारा महादान से अभिभूत भक्त शिव को महादानी के नाम से पुकारना नहीं भूलते। वही भक्तों द्वारा महादानी बाबा से सच्चे मन से मांगी गई हर कामना भी पूरी होती है।

### श्रावण माह में लगा रहता है भक्तों का तांता

पूरे श्रावण मास में महादानी मंदिर भगवान भोलेनाथ की श्रद्धालुओं द्वारा विशेष जल अभिषेक पूजा अर्चना को लेकर बेड़ो प्रखंड के साथ साथ खूंटी, लोहरदगा, गुमला समेत झारखंड के साथ-साथ कई अन्य राज्यों के जिलों के श्रद्धालु पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ पूजा अर्चना करने पहुंचते है। जहां पुरे श्रावण मास में सोमवार के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु महादानी मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक करते हैं। वही पूरे सावन भर प्रत्येक दिन भगवान भोलेनाथ महादानी का भव्य श्रृंगार पूजा अर्चना भी गांव के अलग-अलग ग्रामीणों के द्वारा पिछले कई वर्षों से होते चली आ रही है। जहां पिछले 19 वर्षों से विजय टंडन के नेतृत्व में लगातार महादानी बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर सिंगार पूजा की जाती है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला**

पत्रांक :– 894 गुमला, दिनांक :– 20.07.2024

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के Tender No. F2-05/24-25 Group-3 जिसका प्रकाशन PR 329426 Minor Irrigation (24-25)#D है को संसोधन करते हुए वेबसाईट में ई0 निविदा का अपलोडिंग की तिथि 29.07.2024, ई–निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि 05.08.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक) एवं इस निविदा को खोलने की तिथि 07.08.2024 समझा जाए।

अन्य शर्ते यथावत् रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 330131 Minor Irrigation(24-25)#D

**कार्यालय जिला परिषद, गुमला**

**अति अल्पाकालीन बन्दोबस्ती सूचना**

**हाट बाजार बंदोबस्ती हेतु आम सूचना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 1376/दिनांक 01.04.2015 के द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु त्रिस्तरीय पंचायतों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गई है, जिसके अनुसार 100000.00 (एक लाख) रूपये से अधिक राजस्व की राशि के सैरात की बंदोबस्ती जिला परिषद् स्तर से की जाएगी।

अतः एतद द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत निम्नांकित हाट बाजार की खुली डाक द्वारा बंदोबस्ती हेतु सर्वसाधारण से प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | हाट बाजार का नाम | डाक की तिथि | समय | डाक की न्यूनतम राशि (एक वर्ष के लिये) | अग्रधन की राशि (10%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पालकोट | पालकोट हाट | 06.08.2024 | 3.00 बजे अप0 | 250000 (दो लाख पचास हजार) | 25000 (पचीस हजार मात्र) |
| 2 | पालकोट | बघिमा हाट | 06.08.2024 | 3.00 बजे अप0 | 100000 (एक लाख) | 10000 (दस हजार मात्र) |
| 3 | घाघरा | आदर हाट | 06.08.2024 | 3.00 बजे अप0 | 100000 (एक लाख) | 10000 (दस हजार मात्र) |
| 4 | बिशुनपुर | बनारी हाट | 06.08.2024 | 3.00 बजे अप0 | 100000 (एक लाख) | 10000 (दस हजार मात्र) |

उपरोक्त हाट बाजार के बंदोबस्ती हेतु गुमला जिला के निवासी भाग ले सकते हैं। इस खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 05.08.2024 तक **कॉलम संख्या– 7 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय होगा आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।**

विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– www.gumla.nic.in / जिला परिषद् के सूचना पट्ट / अनुमण्डल कार्यालय / प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, गुमला

PR 330137 Rural Development (24-25)_D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–15/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 05.08.2024 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.08.2024 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.08.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Room No. -301, 302, 304, 309, 343 & 345 at 3rd Floor and Room No. -416, 437 & 445 at 4th Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2109200.00 | 5000.00 | 42500.00 | 2 Months |
| 2 | Renovation of "B" T ype Qtr. No. -1727 (Second Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 394500.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of "B" Type Qtr. No. -201 (Ground Floor) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 399300.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |

नोट :निविदा की शर्ते http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 330181 Building(24-25)D

**समय संवाद**

वो देवांगन.. जी इसरो में चीफ थे। ये बात भी उन्होंने किसी को नहीं बताई है, मुझे भी नहीं पर मैं जानता हूं सारे फ्यूज बल्ब करीब - करीब एक जैसे ही हो जाते हैं, चाहे जीरो वाट का हो या 50 या 100 वाट हो। कोई रोशनी नहीं तो कोई उपयोगिता नहीं। उगते सूर्य को जल चढ़ा कर सभी पूजा करते हैं। पर डूबते सूरज की कोई पूजा नहीं करता। कुछ लोग अपने पद को लेकर इतने वहम में होते हैं कि रिटायरमेंट के बाद भी उनसे अपने अच्छे दिन भुलाए नहीं भूलते।

# रिटायरमेंट के बाद का दर्द

**मनोज शर्मा**




छत्तीसगढ़ के शहर कोरबा में बसे नेहरू नगर में एक आईएएस अफसर रहने के लिए आए जो हाल ही में सेवानिवृत्त हुए थे। ये बड़े वाले रिटायर्ड आईएएस अफसर हैरान-परेशान से रोज शाम को पास के पार्क में टहलते हुए अन्य लोगों को तिरस्कार भरी नजरों से देखते और किसी से भी बात नहीं करते थे। एक दिन एक बुजुर्ग के पास शाम को गुफ्तगू के लिए बैठे और फिर लगातार उनके पास बैठने लगे लेकिन उनकी वार्ता का विषय एक ही होता था - मैं रायपुर में इतना बड़ा आईएएस अफसर था कि पूछो मत, यहां तो मैं मजबूरी में आ गया हूं। मुझे तो बिलासपुर में बसना चाहिए था- और वो बुजुर्ग प्रतिदिन शांतिपूर्वक उनकी बातें सुना करते थे। परेशान होकर एक दिन जब बुजुर्ग ने उनको समझाया - आपने कभी फ्यूज बल्ब देखे हैं? बल्ब के फ्यूज हो जाने के बाद क्या कोई देखता है कि बल्ब किस कम्पनी का बना हुआ था या कितने वाट का था या उससे कितनी रोशनी या जगमगाहट होती थी बल्ब के फ्यूज होने के बाद इनमें से कोई भी बात बिलकुल ही मायने नहीं रखती है। लोग ऐसे बल्ब को कबाड़ में डाल देते हैं है कि नहीं! फिर जब उन रिटायर्ड आईएएस अधिकारी महोदय ने सहमति में सिर हिलाया तो बुजुर्ग फिर बोले - रिटायरमेंट के बाद हम सब की स्थिति भी फ्यूज बल्ब जैसी हो जाती है। हम कहां काम करते थे, कितने बड़े/छोटे पद पर थे, हमारा क्या रुतबा? था, यह सब? कुछ भी कोई मायने नहीं रखता। मैं सोसाइटी में पिछले कई वर्षों से रहता हूं और आज तक किसी को यह नहीं बताया कि मैं दो बार संसद सदस्य रह चुका हूं। वो जो सामने ठाकुर जी बैठे हैं, एस .सी .सी.एल .के महाप्रबंधक थे। वे सामने से आ रहे मरकाम साहब सेना में ब्रिगेडियर थे। वो देवांगन.. जी इसरो में चीफ थे। ये बात भी उन्होंने किसी को नहीं बताई है, मुझे भी नहीं पर मैं जानता हूं सारे फ्यूज बल्ब करीब - करीब एक जैसे ही हो जाते हैं, चाहे जीरो वाट का हो या 50 या 100 वाट हो। कोई रोशनी नहीं तो कोई उपयोगिता नहीं। उगते सूर्य को जल चढ़ा कर सभी पूजा करते हैं। पर डूबते सूरज की कोई पूजा नहीं करता। कुछ लोग अपने पद को लेकर इतने वहम में होते हैं कि रिटायरमेंट के बाद भी उनसे अपने अच्छे दिन भुलाए नहीं भूलते। वे अपने घर के आगे? नेम प्लेट लगाते? हैं - रिटायर्ड आइएएस?/रिटायर्ड आईपीएस/रिटायर्ड पीसीएस/ रिटायर्ड जज? आदि - आदि। अब ये? रिटायर्ड /तहसीलदार/ पटवारी/ बाबू/ प्रोफेसर/ प्रिंसिपल/डाक्टर / अध्यापक.. कौन.. कौन-सी पोस्ट होती है भाई माना कि आप बहुत बड़े आफिसर थे, बहुत काबिल भी थे, पूरे महकमे में आपकी तूती बोलती? थी पर अब क्या? अब यह बात मायने नहीं रखती है बल्कि मायने रखती है कि पद पर रहते समय आप इंसान कैसे थे...आपने कितनी जिन्दगी को छुआ... आपने आम लोगों को कितनी तवज्जो दी...समाज को क्या दिया,जाति बन्धुओं के कितने काम आएं लोगों की मदद की..या सिर्फ घमंड मे ही सूजे हुए रहे. .पद पर रहते हुए कभी घमंड आये तो बस याद कर लीजिए कि एक दिन सबको फ्यूज होना है।

यह पोस्ट उन लोगों के लिए आईना है जो पद और सत्ता होते हुए कभी अपनी कलम से समाज का हित नहीं कर सकते। और रिटायरमेंट होने के बाद समाज के लिए बड़ी चिंता होने लगती है। अभी भी वक्त है इस पोस्ट को पढ़िए और चिंतन करिए तथा समाज का जो भी संभव हो हित करिए... और अपने पद रूपी बल्ब से समाज देश को रोशन करिये।

# अर्जुन ने 18 दिनों तक कृष्ण का ध्यान किया

**स्वामी सत्यानंदजी सरस्वती**



**इंजीनियर,** डाक्टर के लिए सांइस पढ़ना होगा, और उसके लिए सीट निश्चित हैं। अतः उन निश्चित सीटों के अंदर आने के लिये, नेतरहाट के जो भी विज्ञान और मैथ्स के शिक्षक हैं, उनके मन और बुद्धि के अनुसार मेहनत करने से ही विज्ञान के निश्चित सीटों की संख्या के अंदर आ सकते हैं। ठीक यही क्रिया, आध्यात्म की पढ़ाई में ईश्वर को जानने के लिए की जाती है। मेरा ध्येय निश्चित हो गया, ''मैं ईश्वर (आत्मा) को जनना चाहता हूं। मेरा ध्येय अटल है, ठीक वैसे ही, जैसा कि नचिकेता का ध्येय अटल था। किसी भी कीमत पर, भू, भुवः, स्वः की प्राप्ति भी मुझे अपने ध्येय से नहीं डिगा सकती मुझे ईश्वर से ही मिलना है। ईश्वर से मिलना ही मेरे जीवन का एक मात्र उद्देश्य है। ध्येय जब इतना अटल हो गया, ता उसका (श्रीराम जी की तरह किसी का) रोल हो जाता है ''ईश्वर'' को जानता है। आज ईश्वर को जानने वाला श्रीराम का ''ध्यान'' करना होगा, यानी ईश्वर को जानने वाले श्रीराम के मन और बुद्धि के अनुसार, जिस तरह और जिस प्रकार का कार्य वे कहें, उन सभी कार्यों में अपनी सारी इंद्रियों को लगा देना है। ईश्वर भी मिल जायेंगें। अर्जुन को गीता का सारा उपदेश नचिकेता की स्थिति पर लाना है। गीता के अठारह अध्याय की पढ़ाई से अर्जुन को ईश्वर से मुलाकात (परमानन्द का अनुभव नहीं हुआ है) नहीं हो पाई है। वह केवल उसे जो ईश्वर को जानते हैं, उनके मन और बुद्धि में अपने मन और बुद्धिको मिलाकर के मन और बुद्धि के अनुसार काम करने योग्य माना है। उसका ''ध्येय'' नचिकेता के समान अटल हो गया, 'आत्मा' को अनुभव द्वारा जानने का। ''ईश्वर को जानने वाले श्रीराम का कार्य करेंगें, क्योंकि उनके कार्य में ही 'ईश्वर' हैं।

गीता के ज्ञान के बाद कुरूक्षेत्र के मैदान में अठारह दिन अर्जुन ने जो युद्ध किया, वही तो 'कृष्ण का का ध्यान है। कृष्ण' के मन ,उनकी बुद्धि के अनुसार कार्य किया। जहां भी अर्जुन कुछ अपने मन के अनुसार काम करने की कोशिश करता है, वह फंस जाता है। लेकिन ईश्वर को जानने वाले ''कृष्ण , अर्जुन के साथ सदैव उपस्थित हैं, उसकी गलती को सुधारने के लिए। और इस तरह अर्जुन अपने सभी श्रेष्ट जनों की हत्या करने के ाद भी हत्यारा नहीं, ''महाभारत विजेता'' कहलाकर ''परमानन्द'' की अनुभूति का अनुभव करता है। यह ''परमानन्द की अनुभति ही तो ईश्वर की अनुभूति है''।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम ,छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)**

# श्रावण में सोमनाथ के दर्शन से होती है सामर्थ्य में वृद्धि

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

मंदिर, गर्भगृह, सभामंडप और नृत्यमंडप- तीन प्रमुख भागों में विभाजित है। बाहर से ये जितने कारीगरी पूर्ण हैं अंदर से इनका पुरातन स्वरूप मन्दिर के अत्यंत प्राचीन होने की गवाही दे रहा था। मंदिर के गुम्बद और मेहराब पत्थरों को काटकर बनाये गये हैं जो सुन्दर कारीगरी के बेमिसाल नमूने हैं। मन्दिर का शिखर 150 फुट ऊंचा है। शिखर पर स्थित कलश का वजन दस टन है और इसकी ध्वजा 27 फुट ऊंची है। इस मंदिर का पुनर्निर्माण महारानी अहिल्याबाई ने करवाया था।

आपको बता दें मंदिर के गर्भगृह में किसी भी भक्त को प्रवेश की अनुमति नहीं है। भक्तों के लिए दर्शन के लिए लगे बेरीकेट पर एक फनल (कुप्पी) लगी है जिसमें जल डालने से यह जल पम्प के द्वारा ज्योतिर्लिंग तक पहुँच जाता है एवं ज्योतिर्लिंग का इस जल से अभिषेक हो जाता है। ध्यान रखने योग्य बात है की यहाँ भगवान का अभिषेक गंगाजल से ही किया है। गंगाजल मन्दिर ट्रस्ट के द्वारा संचालित दुकान पर उपलब्ध है।

मंदिर में पार्वती, सरस्वती, लक्ष्मी, गंगा एवं नन्दी की मूर्तियां स्थापित हैं। भूमि के ऊपरी भाग में शिवलिंग से ऊपर अहल्येश्वर की मूर्ति है। मंदिर परिसर में गणेश जी का मंदिर भी बना है और उत्तर द्वार के बाहर अघोरलिंग की मूर्ति स्थापित की गई है। आपकी यदि अभिषेक करने की इच्छा है तो आप मुख्य सोमनाथ मंदिर के सामने स्थित पुराने सोमनाथ मन्दिर में पूरी कर सकते हैं। इसका निर्माण इंदौर को महारानी देवी अहिल्या बाई होलकर द्वारा 1783 में करवाया गया था। वे स्वयं शिव भक्त थी। चूंकि सोमनाथ मन्दिर पर बार-बार आक्रमण होते रहते थे अतः उन्होंने मुख्य मन्दिर से थोड़ा हट कर इसका निर्माण सुरक्षा कारणों से तलघर में करवाया। यहां पुजारी पूरे भक्ति भाव से मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक कराते हैं। इस मन्दिर का प्रबन्धन भी सोमनाथ ट्रस्ट द्वारा किया जाता है।मन्दिर के बांई ओर से पीछे की तरफ सायं 7.30 से 8.30 बजे तक एक घण्टे का



'ध्वनि एवं प्रकाशह्ल के कार्यक्रम के माध्यम से मंदिर के इतिहास का प्रदर्शन किया जाता है जो अत्यंत रोचक होता है। इसे हमने अगले दिन शाम को देखा और मन्दिर के इतिहास से परिचय प्राप्त किया। इसके लिए टिकिट लेना पड़ता है। इसमें बताए गए विवरण के अनुसार सोमनाथ मंदिर में स्थित सोमेश्वर शिव लिंग भारत के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक है। ज्योतिर्लिंग होने के कारण हिन्दुओं में इस मंदिर का विशेष महत्व हैं। मंदिर में निर्माण एवं पुनः निर्माण के अनेकों के दौर देखे तथा जितनी बार इस मंदिर को विध्वंस किया गया शायद ही किसी ओर मंदिर को किया गया हो। स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के स्वाभिमान को जागृत करते हुए सोमनाथ मंदिर का भव्य निर्माण कराया। भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भी इस मंदिर के भव्य निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सोमनाथ के मूल मंदिर से कुछ दूरी पर ही स्थित है अहल्या बाई द्वारा बनवाया गया सोमनाथ का मंदिर।

सोमनाथ-ज्योतिर्लिंग बारे में मिली जानकारी के अनुसार इसकी महिमा महाभारत, श्रीमद्भागवत तथा स्कन्दपुराणादि में विस्तार से बताई गई है। कथानक के अनुसार दक्ष प्रजापति की 27 कन्याएं थीं। उन सभी का विवाह चंद्रदेव के साथ हुआ था। किंतु चंद्रमा का समस्त अनुराग व प्रेम उनमें से केवल रोहिणी के प्रति ही रहता था। उनके इस कृत्य से दक्ष प्रजापति की अन्य कन्याएं बहुत अप्रसन्न रहती थी।उन्होंने अपनी व्यथा अपने पिता को सुनाई। दक्ष प्रजापति ने इसके लिए चंद्रदेव को अनेक प्रकार से समझाया। किंतु रोहिणी के वशीभूत उनके हृदय पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अंततः दक्ष ने कुद्ध होकर उन्हें 'क्षयग्रस्त' हो जाने का शाप दे दिया। इस शाप के कारण चंद्रदेव तत्काल क्षयग्रस्त हो गए। उनके क्षयग्रस्त होते ही पृथ्वी पर सुधा-शीतलता वर्षण का उनका सारा कार्य रूक गया। चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई। चंद्रमा भी बहुत दुखी और चिंतित थे। उनकी प्रार्थना सुनकर इंद्रादि देवता तथा वसिष्ठ आदि ऋषिगण उनके उद्धार के लिए पितामह ब्रह्माजी के पास गए। सारी बातों को सुनकर ब्रह्माजी ने कहा- 'चंद्रमा अपने शाप-विमोचन के लिए अन्य देवों के साथ पवित्र प्रभासक्षेत्र में जाकर मृत्युंजय भगवान शिव की आराधना करें। उनकी कृपा से अवश्य ही इनका शाप नष्ट हो जाएगा और ये रोगमक्त हो जाएंगे।

कथानानुसार चंद्रदेव ने मृत्युंजय भगवान की आराधना का सारा कार्य पूरा किया। उन्होंने घोर तपस्या करते हुए दस करोड़ बार मृत्युंजय मंत्र का जप किया। इससे प्रसन्न होकर मृत्युंजय-भगवान शिव ने उन्हें अमरत्व का वर प्रदान किया। उन्होंने कहा- 'चंद्रदेव! तुम शोक न करो,मेरे वर से तुम्हारा शाप-मोचन तो होगा ही, साथ ही साथ प्रजापति दक्ष के वचनों की रक्षा भी हो जाएगी।

# मौन और एकांत



**स्वामी निरंजनानंद सरस्वती**

**यदि** आप एक आध्यात्मिक उद्देश्य के साथ एकांत में सेवानिवृत्त होते हैं, तो इसका उद्देश्य समाज और परिवार के साथ अवांछित और अनावश्यक जुड़ाव से बचना है। यही उद्देश्य है। समाज में बहुत सारी चीजें हैं जो हमें पसंद नहीं हैं, हम नहीं चाहते हैं, लेकिन फिर भी हमें उन्हें करना होगा क्योंकि हम इसका हिस्सा हैं। इसलिए लोग इससे बचने के लिए एकांत में बैठते हैं और पूरी ईमानदारी से साधना करते हैं। आध्यात्मिक प्रथाओं के संबंध में अब तक एकांत के लाभ सर्वोच्च हैं। यहां तक कि जो कोई आध्यात्मिक रूप से विकसित नहीं है, वह त्वरित प्रगति करेगा यदि वह एक निश्चित कार्यक्रम के साथ एक गुरु के मार्गदर्शन में एकांत में जाता है। एकांत में आध्यात्मिक प्रगति जो आमतौर पर छह साल लगती है छह महीने लगते हैं।

जब कोई ईमानदार साधिका किसी से मिले बिना कई वर्षों तक एकांत में रहती है, तो दुनिया उसके लिए लगभग न के बराबर हो जाती है। सभी मूल्य खो जाते हैं और उसका अवचेतन मन बहुत शक्तिशाली हो जाता है। वह सभी चीजें जो आमतौर पर जीवन में देखता है, वह अपने भीतर देख सकता है।

जब मैं गंगोत्री में मौन और एकांत में प्राणायाम का अभ्यास कर रहा था, तो मुझे एक अलग तरह की अनुभूति हुई। जिस तरह से मैं नदी की आवाज सुनता था, वैसी आवाज अब मैं सुनता नहीं था। यदि कोई पक्षी दो या तीन मील की दूरी पर रात के मृतकों में भी आवाज करता है, तो मैं इसे सुनूंगा। मेरी इंद्रियाँ इतनी उत्सुक हो गई थीं कि मेरे कमरे के अंदर भी मुझे पता था कि हवा किस दिशा से बह रही है।

मैं इसे महसूस करके नहीं, बल्कि दीवारों से कंपन महसूस करके बता सकता था। मेरी गंध की भावना इतनी तेज थी कि मैं अपने कमरे से कह सकता था कि महात्मा, जो आधा मील दूर रहते थे, ने अपने आलू को उबालने के लिए आग पर पानी डाल दिया। दृष्टि की भावना भी अधिक विकसित हो गई थी। रात में, जब मैंने अपनी खिड़की से बाहर देखा, तो मैं दूर तक देख सकता था कि बर्फ कितनी ऊंची आ गई थी और कौन सा पत्थर जलमग्न हो गया था।

# जामुन का महत्व

अगर जामुन की मोटी लकड़ी का टुकडा पानी की टंकी में रख दे तो टंकी में शैवाल, हरी काई नहीं जमेगी और पानी सड़ेगा भी नहीं।

पहले के जमाने में गांवो में जब कुंए की खुदाई होती तो उसके तलहटी में जामुन की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता था जिसे जमोट कहते है। दिल्ली की निजामुद्दीन बावड़ी का हाल ही में हुए जीर्णोद्धार से ज्ञात हुआ 700 सालों के बाद भी गाद या अन्य अवरोधों की वजह से यहाँ जल के स्तोत्र बंद नहीं हुए हैं।

भारतीय पुरातत्व विभाग के प्रमुख के.एन. श्रीवास्तव के अनुसार इस बावड़ी की अनोखी बात यह है कि आज भी यहाँ लकड़ी की वो तख्ती साबुत है जिसके ऊपर यह बावड़ी बनी थी। श्रीवास्तव जी के अनुसार उत्तर भारत के अधिकतर कुँओं व बावड़ियों की तली में जामुन की लकड़ी का इस्तेमाल आधार के रूप में किया जाता था।

स्वास्थ्य की दृष्टि से विटामिन सी और आयरन से भरपूर जामुन शरीर में न केवल हीमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाता। पेट दर्द, डायबिटीज, गठिया, पेचिस, पाचन संबंधी कई अन्य समस्याओं को ठीक करने में अत्यंत उपयोगी है। एक रिसर्च के मुताबिक, जामुन के पत्तियों में एंटी डायबिटिक गुण पाए जाते हैं, जो रक्त शुगर को नियंत्रित करने करती है। ऐसे में जामुन की पत्तियों से तैयार चाय का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।

सबसे पहले आप एक कप पानी लें। अब इस पानी को तपेली में डालकर अच्छे से उबाल लें। इसके बाद इसमें जामुन की कुछ पत्तियों को धो कर डाल दें। अगर आपके पास जामुन की पत्तियों का पाउडर है, तो आप इस पाउडर को 1 चम्मच पानी में डालकर उबाल सकते हैं। जब पानी अच्छे से उबल जाए, तो इसे कप में छान लें। अब इसमें आप शहद या फिर नींबू के रस की कुछ बूंदे मिक्स करके पी सकते हैं। जामुन की पत्तियों में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं. इसका सेवन मसूड़ों से निकलने वाले खून को रोकने में और संक्रमण को फैलने से रोकता है। जामुन की पत्तियों को सुखाकर टूथ पाउडर के रूप में प्रयोग कर सकते हैं।

# मानसिक विकार पर नियंत्रण आवश्यक

**अन्नू अंबालिका**




मानसिक विकार अब दुनिया भर में स्वास्थ्य बोझ के शीर्ष प्रमुख कारणों में से हैं, 1990 के बाद से वैश्विक कमी का कोई सबूत नहीं है। 2017 में, भारत भर के राज्यों के लिए मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति के बोझ के अनुमान से पता चला कि 197.3 मिलियन लोगों को देखभाल की आवश्यकता थी। मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति के लिए। इसमें अवसादग्रस्तता विकारों वाले लगभग 45.7 मिलियन और चिंता विकारों वाले 44.9 मिलियन लोग शामिल थे। कोविड -19 महामारी के कारण स्थिति और विकट हो गई है, जिससे यह दुनिया भर में एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

हालांकि, चौंका देने वाले आंकड़े चुनौती से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित लाखों अन्य लोगों से रहित हैं और वे लोग जो गहरे कलंक का सामना करते हैं, कई बार उन्हें मदद लेने में असमर्थ बना देते हैं।

मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने में यह बढ़ती चुनौती सूचना और जागरूकता की कमी, आत्म-निदान और कलंक के कारण और बढ़ जाती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि मानसिक बीमारी का निर्धारण केवल स्क्रीनिंग के लिए मानक स्थापित करने से ही हो सकता है। इस धारणा का मुकाबला करने की तत्काल आवश्यकता है कि मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ केवल मानसिक बीमारी की अनुपस्थिति है। विश्व स्वास्थ्य संगठन मानसिक स्वास्थ्य को कल्याण की स्थिति के रूप में परिभाषित करता है, जहां एक व्यक्ति अपनी क्षमताओं का एहसास करता है, जीवन के सामान्य तनावों का सामना कर सकता है, उत्पादक रूप से काम कर सकता है, और अपने समुदाय में योगदान करने में सक्षम है। मानसिक बीमारी जैविक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, वंशानुगत और पर्यावरणीय तनावों का एक समामेलन है। स्वास्थ्य के सामाजिक निर्धारक व्यक्तियों और आबादी को खराब शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, कई शारीरिक और मानसिक बीमारियों के लिए जोखिम में वृद्धि, और ऐसी बीमारियों के खराब परिणाम, जब वे होते हैं, की ओर इशारा करते हैं। नेचर जर्नल में प्रकाशित एक जीनोम-वाइड लिंकेज अध्ययन में अवसाद की आनुवंशिकता लगभग 40 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है। जब आवर्तक और गंभीर प्रमुख अवसाद वाले जैविक जुड़वां बच्चों की जांच की जाती है तो यह लगभग 70 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। इस प्रकार, सामाजिक कारक और संस्थान, जैसे लिंग, नस्ल और जातीयता, मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के लिए जिम्मेदार हैं।

हम समझ गए हैं कि सामाजिक ढाल न केवल अव्यवस्था के जोखिम को प्रभावित करती है, बल्कि सेवाओं तक पहुंच को भी प्रभावित करती है। प्रभावी ढंग से सामना करने की क्षमता सामाजिक व्यवस्थाओं पर भी निर्भर करती है - जैसे पारिवारिक संरचना और आय क्षमता। निदान मानसिक बीमारी वाले व्यक्ति हैं जो कल्याण की अवधि का अनुभव कर रहे हैं, और जिन्हें बीमारी का निदान नहीं हुआ है, लेकिन उनका मानसिक स्वास्थ्य खराब है- यह एक व्यापक स्पेक्ट्रम बना रहा है। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच केवल मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति से पीड़ित लोगों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन लोगों तक भी है जो कम तीव्रता से चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। बल्कि उन्हें अपनी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों को प्रभावित करते हुए पाते हैं।

# जिंदगी क्या है?



**सुधांशु कुमार**

जिंदगी क्या है ....
जहाँ से शुरू वहीं पर आकर अंत हो जाना है।
जद्दोजहद ताउम्र सिर्फ इस बात की है कि मेरा क्या है..
अपनी बारी के इंतजार में मौत को भी झुठलाना है।
सारे मोह सारे बंधन बस चंद साँसों की मेहमान है,
सबसे ज्यादा छलता भी वही है जिसपे सबसे ज्यादा गुमान है।
आज का सुख कल के दुख का कारण है,
पर यही आस संतुष्टि और असंतुष्टि के बीच निर्णायक है।
समझ के साथ समय नहीं और समय के साथ समझ आती नहीं,
अंत निश्चित है पर मुठ्ठियों में रेत बटोरते जाना है,
सर्वश्रेष्ठ बनने के लालसा में उजालों को भी झुठलाना है।
इंसान हैं हम पर शायद जानवरों से भी बदतर ,
आज अपने ही मौत पे भी जश्न मनाया जाता है।
पाने की लालसा कभी खत्म ही नहीं होती, सांझ ढले तक बटोरते जाना है।
होड़ लगी है ज्यादा की, बस खत्म होती जिंदगी के हर पल में अपने अंदर के जीव को तृप्त कर पाने की ।
कभी जब इस धुंध के पार जाएंगे , एक काया बस निराकार पाएंगे ।
उस ......

# क्या सौ साल बाद सभी इंसान सांवले और एक रंग के दिखेंगे

**निधि सिंह**

पिछली सदी के पांचवें-छठे दशक में जब सवाल उठता था कि सौ साल बाद इंसान कैसा होगा तो वैज्ञानिक इतिहास के विभिन्न दौर की तस्वीरों का मिलान कर निष्कर्ष निकालते कि कोई फर्क नहीं होगा। लेकिन आज उनके पास तकनीकी कौशल है जिसके मुताबिक 100 साल बाद इंसान की औसत उम्र व लंबाई बढ़ेगी, रंग सांवला होगा व वह सौम्य होगा।

मसलन पिछली सदी के पांचवें, छठे दशक में जब वैज्ञानिकों के बीच यह सवाल उठता था कि आखिर सौ साल बाद का इंसान कैसा होगा? तो उनके पास कुछ कहने के बजाय कुछ न कहने की स्थितियां ज्यादा होती थीं।

## तस्वीरों का मिलान

वैज्ञानिक 3500 साल पहले मिस्त्र के राजाओं, रानियों विशेषकर रानी हत्शेपसुत और ऑगस्टस सीजर से लेकर नेपोलियन और क्वीन विक्टोरिया तक की तस्वीरें देखकर इस निष्कर्ष पर पहुंचते थे कि दिखने में हजारों साल पहले के लोग भी आज के जैसे ही थे। दिखने में 3500 साल पहले की रानी हत्शेपसुत और 25 साल की क्वीन विक्टोरिया में कोई फर्क नहीं था। निष्कर्ष यह निकलता था कि 100, 200 या कई सौ सालों बाद भी इंसान के रूपरंग, दिखावट, बनावट आदि में कोई खास अंतर नहीं होगा। लेकिन यह सही नहीं था। वास्तव में यह गफलतभरा आकलन तस्वीरों के देखने के कारण था, क्योंकि तस्वीरों की अपनी एक सीमाएं होती हैं।

## आयु, सेहत का अनुमान था मुश्किल

तस्वीरों को देखकर किसी के स्वास्थ्य और आयु का पता नहीं चलता। अलग-अलग दौर के ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के चेहरे-मोहरे भले आज के इंसानों की तरह रहे हों, लेकिन इतिहास में ज्यादातर महान लोग 50 साल से भी कम जिए हैं, क्योंकि तब औसत आयु ही बहुत कम थी। जबकि आज दुनिया के सबसे गरीब देश में भी औसत आयु 50 साल है। भारत में पिछली सदी के 50 और 60 के दशक में अगर 60 साल का होकर कोई मरता था, तो उसे बहुत दिनों तक जिया समझा जाता था, मगर आज पुरुषों की औसत आयु 71 साल और महिलाओं की 75 साल हो गया।

## तकनीकी कौशल से आयी सटीकता

पहले भले 100 सालों बाद के इंसान को वैज्ञानिक स्पष्ट बदलावों के साथ चिन्हित न कर पाते रहे हों, लेकिन आज उनके पास ऐसा कर पाने की सटीक तकनीकी कौशल है। इसलिए वैज्ञानिकों के मुताबिक 100 साल बाद यानी करीब 2125 और उसके बाद के इंसान की पहले तो औसतन उम्र बढ़कर करीब 100 साल हो जायेगी। कुछ देशों में यह 120 से 125 साल तक चली जायेगी। चरम स्थिति पर कम से कम 150 सालों तक जियेगा। स्पष्ट है कि 100 साल के बाद के इंसान का कद आज के इंसान से थोड़ा लंबा हो जायेगा व शरीर ज्यादा वजनदार। लेकिन व्यक्तित्व में आक्रामकता कम और मिलनसारिता बढ़ जायेगी।

## विकास में समानता

अगर कहें कि आज के 100 साल बाद का इंसान खुशमिजाज होगा और आक्रामक बिल्कुल नहीं। वर्तमान दुनिया में जो विकास के अलग-अलग टापू हैं, 100 साल बाद वैसी स्थितियां ज्यादा नहीं दिखेंगी। करीब-करीब हर जगह का विकास अपने चरित्र में एक जैसा होगा। मात्रा में भले भिन्न रहे। सौ साल बाद दुनिया के ज्यादातर इंसानों की शारीरिक भिन्नताएं भी कम हो जाएंगी और उनमें समानता ज्यादा आयेगी। ज्यादातर पुरुषों की ऊंचाई और बनावट एक जैसी हो जायेगी। लंबाई आज के मुकाबले कुछ बढ़ जायेगी, लेकिन वजन पर मतभेद हैं। वजन और रंग की बात

कुछ वैज्ञानिक कहते हैं कि भविष्य के पुरुष ज्यादा मोटे ताजे होंगे तो कुछ दूसरों का मानना है कि ज्यादा दुबले पतले होंगे। दुनिया के ज्यादातर लोगों की त्वचा का रंग धीरे-धीरे एक जैसा हो जायेगा यानी यह हल्का सांवला या गाढ़ा होगा। तब यूरोप, अमेरिका, उत्तरी ध्रुव और कनाडा से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक ज्यादातर पुरुष एक जैसे दिखेंगे, हल्के सांवले।

## स्पीड न्यूज

### टाटीझरिया जीप सदस्य ने किया सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील सह राज्यसभा सदस्य से की मुलाकात

**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधान सभा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के झरपो गांव निवासी सह टाटीझरिया प्रखंड जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी पिता स्व.बालो महतो ने झारखंड प्रदेश में व्यापक भ्रष्टाचार समेत कोडरमा लोकसभा और बरकट्ठा विधानसभा सभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत एवं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए साईकिल से यात्रा कर अपने निवास स्थान से नई दिल्ली पहुंचे । उन्होंने बताया की 19 जुलाई दिन शुक्रवार को सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया सह हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के राज्य सभा सदस्य प्रवक्ता डॉक्टर अभिषेक मनु सिंघवी से मुलाकात किया । श्री सिंघवी ने कहा है कि जल्द ही आपकी इस नेक कार्य को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करवाएंगे । उन्होंने यह भी कहा कि देश में यह दुर्भाग्य पूर्ण घोर निंदनीय कृत्य है कि ऐसे विधायक सांसद राज नेता क्षेत्र में सामाजिक विकास आम जनता के साथ विश्वास घात कर देश प्रदेश जिला प्रखंड पंचायत गांव समाज विकास हित कार्य धरातल पर नही करते है और निरंतर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते है तो उन्हें अपने कार्यकाल से पदमुक्त हो जाना चाहिए।

### चांद क्लब रसोईया धमना लाठी प्रतियोगिता होगा ऐतिहासिक : बिनोद

**बरही।** बरही प्रखण्ड के चांद क्लब रसोईया धमना लाठी प्रतियोगिता 2024 समारोह में झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के नेता बिनोद विश्वकर्मा को सम्मान पूर्वक उनके आवासीय कार्यालय में आमंत्रित किया गया। चांद क्लब रसोईया धमना लाठी प्रतियोगिता के अध्यक्ष मोहम्मद जियाउल हक, सचिव मोहम्मद समीम, कोषाध्यक्ष मोहम्मद मंसूर, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद हकीम, मोहम्मद रेयाज, मोहम्मद गुड्डू ने झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा को आमंत्रण पत्र सौपा। वही श्री विश्वकर्मा ने चांद क्लब के पदाधिकारी को आभार प्रकट किया एवं लाठी प्रतियोगिता में शामिल होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चांद क्लब रसोईया धमना लाठी प्रतियोगिता ऐतिहासिक होगा।

### झारखंड आंदोलनकारी का निधन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही बस्ती निवासी 70 वर्षीय बिगन ठाकुर के बीते शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे को आकस्मिक निधन हो गया ।स्व. ठाकुर समाज के सेवा में हमेशा कार्य करते रहे हैं ।मृतक व्यक्ति जीवन से लेकर मरणोपरांत तक झारखंड आंदोलन से जुड़े रहे थे ।ये झारखंड को अलग करो आंदोलन में कई बार जेल जा चके हैं ।1990-92 के दशक में झारखंड राज्य अलग करो के आंदोलन में अपने समर्थकों के साथ दौड़ पड़े थे ।आंदोलन में इनकी भूमिका अहम थी ।ये अपने पीछे पत्नी,तीन पुत्र,दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। इनका जीवन संघर्ष पूर्ण रहा है ।अपने जीवन काल में काफी उतराव- चढाव को देख चुके हैं ।इनके निधन से चरही के झारखंड आंदोलनकारियों में शोक की लहर है। मृतक का दाह संस्कार चोडही नदी मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े पुत्र अरजलाल ठाकुर ने दिया।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत भवन में शनिवार को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह चुरचू बीडीओ ललित राम ने किया। बीडीओ ने कहा कि मतदाता सूची में छुटे हुए लोगों का नाम को जोड़ा जाएगा ।और मृतक लोगों के नाम सूची हटाया जाएगा ।तथा यह भी कहा कि जो व्यक्ति नौकरी करते थे,और सेवानिवृत्त होकर यहां से चले गए हैं उनका नाम भी नाम मतदाता सूची से हटाया जाएगा ।यह भी कहा कि जो यहां रहेगा,वही व्यक्ति मतदान कर सकेगा ।मौके पर चुरचू बीडीओ ललित राम, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, पूर्व प्रमुख चौलेश्वर महतो, बहेरा मुखिया देवकी महतो, चरही मुखिया संझली मुर्मू, पूर्व मुखिया महादेव सोरेन, इंद्रा पंसस विरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव अशोक कुमार दास, कम्प्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार जीपीएस पूरन सहित आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

### आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने को लेकर थाना में दिया आवेदन

**बड़कागांव।** कांग्रेस कमेटी ने विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के खिलाफ आजसू पार्टी द्वारा फैलाई जा रही अफवाह एवं उनके खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट किए जाने एवं अश्लील पुतला जलाने पर बड़कागांव थाना में आवेदन दिया है । थाना प्रभारी ने आस्वस्त किया है कि सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस कमेटी ने विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ फैलाई गई आपत्तिजनक पोस्ट पर कानूनी कार्रवाई करने नहीं करने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

---

नगर भवन बरही में स्वीकृति पत्र सह परिसम्पत्ति का हुआ वितरण, विधायक उमाशंकर अकेला हुए शामिल

# राज्य सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने को प्रयासरत : उमाशंकर अकेला

खबर मन्त्र संवाददाता



उमा शंकर अकेला व अन्य

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों से चयनित अबुआ आवास स्वीकृति पत्र, पेंशन स्वीकृति पत्र परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन बरही में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति अध्यक्ष इकबाल रजा, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक उमाशंकर अकेला समेत शामिल हुए अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया गया। परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम में बरही के 15 पंचायत के लाभुक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ सी.आर. इंदवार व संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया। विधायक श्री अकेला ने अबुवा आवास योजना के 918 लाभुको को स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएल के माध्यम से छत्तीस लाख रुपए की राशि 9 एसएचजी महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा 15 लाभुको को राशन कार्ड की स्वीकृति, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी द्वारा साइकिल का वितरण, मुख्यमंत्री वृद्ध पेंशन योजना के तहत 123 लाभुको की स्वीकृति, 10 केसीसी कार्ड की स्वीकृति, 5 लाभुको को कृषि के लिए कृषि कूप व पशुपालन विभाग की ओर से बत्तख वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव ने पैक्स में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान से सम्बंधित जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज?य सरकार की हर योजना का लाभ गांव के सभी पिछड़े, दलित, कमजोर को पहुंचे, यही प्रदेश सरकार की मंशा है। समाज के कमजोर वर्ग की आवाज दबने नहीं दी जायेगी। राज्य सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुँचाने को लेकर प्रयासरत है। हेमन्त सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए चिंतित व प्रयत्नशील है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि सरकार का मानना है कि जब तक गांव के अंतिम व्यक्ति के होठों पर मुस्कान नही दिखेगा तब तक विकास की बात बेईमानी होगी। उन्होंने बारी बारी से राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं को बारी बारी से गिनाया। कहा कि 2029 तक राज्य में एक भी कच्चा मकान नही रहेगा, इसकी गारंटी वह देते है। विधायक ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि हेमन्त सोरेन को दबाने का प्रयास किया गया, लेकिन न्यायालय पर सबों को पूरी आस्था और विश्वास था, तब जाकर उच्च न्यायालय के आदेश पर उन्हें जमानत मिली। श्री अकेला ने कहा कि हमारी सरकार समाज के हर वर्ग को सम्मान देने का काम करता है। बीडीओ ने कहा कि राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ यहां के लोग उठाएं, इसके लिए प्रखंड प्रशासन शतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों का विकास करना चाहती है। कहा कि योजना से सम्बंधित कोई भी जानकारी लोग जानना चाहते है तो वह प्रखंड कार्यालय आकर सूचना प्राप्त कर सकते है। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, बीसीओ संजय यादव, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कोनरा मुखिया यास्मीन तबस्सुम, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, बीटीएम राकेश कुमार, रिजवान अली, मो सागीर, छोटेलाल यादव, पंसस जीतू ठाकुर, विकास सिंह, दसरथ यादव, अशोक सिंह, रघुवीर यादव, प्रयाग प्रसाद, रामकुमार दास, राजू राणा, गुलजार अंसारी, बीरेंद्र यादव, शशि जायसवाल, कमलेश कुमार, प्रशांत कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं लाभुक उपस्थित रहे।

# शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती : सत्यवंती

## बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राकमवि में शिक्षक और अभिभावको की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक के दौरान बच्चों को पुरस्कृत करती मुखिया सत्यवंती देवी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिवर साइड भुरकुंडा स्थित बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षक और अभिभावको की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रविश कुमार ने की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी उपस्थित थीं। कहा गया की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षक-अभिभावक एवं बच्चों के बिच सहज वातावरण का निर्माण करना है। ताकि बच्चों के सिखने में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य अभिभावक द्वारा विद्यालय को अपना समझना, निःसंकोच विद्यालय में आना, बच्चों की समस्या को बताना, विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं स्वअध्ययन में अभिभावकों की भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अनमोल रत्न है। शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का भी यह दायित्व बनता है कि बच्चों की पठन-पाठन में गाईडेंस करते हुए उन्हें हर संभव मदद करें।

मौके पर शिक्षिका ज्योति लकड़ा,अनीता तिवारी, सईदा खातून, रीता देवी, रेखा देवी अनुपमा कच्छप, सीमा देवी और अभिभावक राधा करमाली, उर्मिला देवी, सोनी देवी, किरण देवी, नील देवी, सुसीला देवी, ललन कुमार, पुटु सागर, अनिशा कुमारी, देवन्ति देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

### क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-2 का सेमी फाइनल मैच संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में चल रहे अंतर सदनीय क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-2 का शनिवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया। सेमी फाइनल का पहला मैच बुद्धा सदन बनाम अशोका सदन के बीच हुआ। इसमें अशोका सदन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6.4 ओवर में 44 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी बुद्धा सदन की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 45 रन बनाकर मैच को 6 विकेट से जीतकर फाइनल में अपनी जगह बना ली। राजकुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए और महत्वपूर्ण 10 गेंदो में 20 रन बनाए। बुद्धा सदन की प्रमुख शिक्षिका सीमा मुंडा ने जीत पर खुशी का इजहार करते फाइनल मैच में जीत दर्ज करने का आर्शीवचन दिया।

### भाजपा प्रदेश कमेटी द्वारा विस्तृत कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, झारखंड प्रदेश द्वारा शनिवार को धुर्वा रांची के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर मैदान में विस्तृत कार्यसमिति का आयोजन किया गया । इस ऐतिहासिक कार्यसमिति की बैठक में देश के गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। प्रदेश द्वारा आयोजित बैठक में भाजपा रामगढ़ जिला के अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में भाजपा रामगढ़ मंक निवास करने वाले प्रदेश स्तर से लेकर मंडल स्तर तक के कार्यकर्ता जगन्नाथ मंदिर मैदान धुर्वा रांची के बैठक स्थल पहुंचे। विस्तृत कार्यसमिति के बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व में सरकार

# बच्चों को कराया गया अल्फाबेट प्रोजेक्ट वर्क

## बच्चों ने विभिन्न कलर के चार्ट पेपर पर ए से जेड लिखकर पेड़ के टहनियों पर सजाया



निदेशक के साथ अल्फाबेट प्रोजेक्ट वर्क में शामिल नन्हे-मुन्ने बच्चे

खबर मन्त्र संवादाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित एसएससी कैंपस में अनमोल बचपन प्ले स्कूल के द्वारा अल्फाबेट प्रोजेक्ट वर्क कराया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी बच्चे चार्ट पेपर पर ए से लेकर जेड तक अल्फाबेट को कटिंग करके चार्ट पेपर पर लगाया। साथ ही अल्फाबेट अक्षरों को एक पेड़ की डाली पर सजाकर उसे आकर्षक रंगों में पिरोया। प्रोजेक्ट वर्क बनाने के लिए नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अलग-अलग रंग के कागज जैसे लाल, हरा, नीला, पीला, नारंगी, सफेद, भूरा का प्रयोग किया और उसपर अल्फाबेट अक्षरों को काटकर बेहतर तरीके से सजाया। प्रोजेक्ट वर्क बनाने के दौरान बच्चों ने जमकर मस्ती की। साथ ही उनके चेहरे पर खुशी का माहौल देखने को मिला। प्रोजेक्ट वर्क में सबसे अच्छा अल्फाबेट प्रोजेक्ट बनाने वाले पांच बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि अल्फाबेट प्रोजेक्ट वर्क के माध्यम से बच्चों में अल्फाबेट अक्षरों को पहचाने की क्षमता बढ़ेगी।

---

## एक नजर में

### आवागमन बाधित करने को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग को दिया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** बरही प्रखंड अंतर्गत जरहिया के ग्रामीणों ने एक ग्रामीण पिटीशन वन विभाग को देते हुए अपने ही गांव के कुछ लोगो पर वन विभाग के भूमि जो गांव वालो के लिए रास्ते का काम आता था, उसे कब्जा करने और आवागमन बाधित करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि उक्त जमीन पर हमलोग पूर्वजों से आवागमन करते आ रहे है ।तथा हमलोगों का जानवर वगैरह इसी भुमि से गुजर कर जंगल में चरने के लिए जाता है। वर्तमान में कुछ लोगों ने मिलकर उनका आवागमन बाधित कर दिया है और दबंगता पूर्वक लोगों को धमकी दे रहे है कि इस जमीन से किसी को आने-जाने नहीं देंगें और जानवरो को भी चराने के लिए ले जाने नहीं दे रहे है, बोलते है कि तुमलोगों का जानवर हमलोगों का खेती बर्बाद कर देता है, जबकि वह भुमि वन विभाग की भूमि है। जिसपर पूर्वजों से उनका जानवर चरते आ रहा है और उसी से हमलोग आवागमन करते आ रहे है। इस मामले को लेकर दोनों पक्ष के बीच कई बार लड़ाई-झगड़ा भी हो चुका है और बड़ी घटना होने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने वन विभाग के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की भूमि को अधिगृहित कर पेड़ पौधा लगाया जाए ताकि वातावरण संतुलित रहे। साथ ही भूमि पर से अवैध कब्जा भी हट सके। सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव ने कहा की वन भूमि पर अवैध कब्जा कर मार्ग बाधित करना गलत है, वन विभाग को ध्यान देने की जरूरत हैं। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव, मुकेश दास, भगवान दास, रोशन कुमार, अजय दास, परमेश्वर दास, मनोज दास, अशोक राम, डिलो राम, बासुदेव दास, चंदर राम आदि लोग मौजूद रहे।

### झारखंड में प्रचंड बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : मनोज यादव



स्मृति चिन्ह सौपते मनोज यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** हजारीबाग भाजपा जिला कार्यालय झंडाचौक के प्रांगण में असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव के सहप्रभारी हेमंत विश्व शर्मा को बरही विधानसभा की ओर से प्रतीक चिन्ह सप्रेम भेट की गई। इस अवसर पर बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में चुनाव सह प्रभारी को स्मृति चिन्ह सौंपा गया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी, हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


**कार्यालय, रॉंची नगर निगम, रॉंची**
**(स्वास्थ्य शाखा)**
**कचहरी रोड, रांची, पिन.834001**
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक 227/स्वा० दिनांक :19.07.2024

**अल्पकालीन दर अनुबंध ई-सूचना**

रॉंची नगर निगम, रॉंची अधीन कुल 24 स्थलों पर अर्वन हेल्थ एवं वेलनेश सेन्टर का संचालन किया जाना है। संचालित हो रही केन्द्रों के लिए विविध प्रकार के दवाओं की आवश्यकता है। इस हेतु निबंधित निर्माणकर्त्ता/प्राधिकृत एजेंसी/फर्म (झारखण्ड राज्य में GST निर्गत हो) से दर अनुबंध ई-सूचना आमंत्रित किया जाता है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र० | विवरण | महत्त्वपूर्ण निर्देश |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दवाओं की आपूर्ति |
| 2 | प्रकाशन की तिथि | 22.07.2024 |
| 3 | ई-निविदा प्रारम्भ करने की तिथि | 23.07.2024 11:00 AM |
| 4 | PRE BID Meeting Date | 27.07.2024 at 02:00 PM |
| 5 | Response sheet अपलोड करने की अंतिम तिथि | 26.07.2024 |
| 6 | ई-निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 01.08.2024 05:00 PM |
| 7 | ई-निविदा खोलने की तिथि | 02.08.2024 03:00 PM |
| 8 | वित्तीय निविदा का निस्तारण की तिथि | अलग से निर्धारित की जाएगी। |
| 9 | निविदा की वैधता | 180 दिन |
| 10 | निविदा शुल्क, जिसे आनलाईन के माध्यम से भुगतेय होगा | 10,000/- + 18% GST 11,800/- |
| 11 | अग्रधन (EMD) की राशि ऑनलाईन के माध्यम से देय होगा | 2,00,000/- |
| 12 | प्रकाशित की जाने वाली निविदा का कार्यालय एवं पत्ता | Administrator Ranchi Municipal Corporation, Kutchery Road Ranchi-834001 |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए jharkhand tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह०/-
उप प्रशासक,
रॉंची नगर निगम, रॉंची

PR 330209 Ranchi Municipal Corporation(24-25)#D


---

# हिंदू से बडा धर्मनिरपेक्ष व सहिष्णुता कोई नहीं है: हिमंत विश्व शर्मा

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकना अति आवश्यक: मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर हिमंत विश्व शर्मा व अन्य

**हजारीबाग।** जिला के प्रखंड - बडकागांव के ग्राम -महुदी मे रामनवमी जुलूस को प्रशासन एवं धर्मविशेष के द्वारा रोके जाने से उत्पन्न विवाद के मध्येनजर असम के मुख्यमंत्री डाक्टर हिमंत विश्व शर्मा सह झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी का आगमन दिनांक 19/07/2024,को हजारीबाग स्थित सांसद मनीष जायसवाल के झंडा चौक स्थित आवास एवं जिला कार्यालय मे हुई। उक्त अवसर पर झारखंड सरकार के प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी, सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, मनोज यादव भी मंचासीन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, संचालन जिला महामंत्री सुनील साहू व धन्यवाद ज्ञापन पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा की गई। अपने संबोधन मे डाक्टर हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा चुनाव में मेरा भी योगदान रहा है कार्यकर्ता को भारी मतों विजय दिलाने के बहुत -बहुत धन्यवाद देता हूं।

कांग्रेस और उनके इको सिस्टम ने जो षड्यंत्र किया और जनता को भ्रमाकर कि संविधान बदल देंगे साथ ही आरक्षण समाप्त कर देगा। इसके बावजूद कांग्रेस 99तक ही जा सकी और राहुल गांधी कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी डिसटेगंसन से पास कर गया परन्तु ये भुल गए कि 100 मे99 नहीं लाए हैं बल्कि 543मे 99 लाए हैं जो पास मार्क भी नहीं है और ये फेल हो गए हैं। रामनवमी मे हिन्दू को रामनवमी नहीं मनाने दिया जाता है और वही मुस्लिमो को पुर्नसमरथन देकर जुलूस निकालवाया जाता है। आगे इन्होंने कहा कि जब हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी अपने मुख से हे राम जैसे शब्द का संबोधन किया था ।इस आधार पर सभी देशवासियों को राम का नाम हृदय से लेना चाहिए। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि जिस रफ्तार से बंगलादेशी घुसपैठियों की संख्या बढ रही है अगर इसे नहीं रोका गया तो हिन्दूसतान को फिलीस्तीन बनने से कोई रोक नहीं सकता।


**कार्यालयः-अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार।**
पताः संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड, लातेहार
(किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)

लातेहार जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बैग अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार है।

(MRP in Rs.)

| Sl. No. | Company Name | Urea Ind./Imp. | DAP Ind./Imp. | MOP | SSP | Complex 20:20:0:13 (Ind) | Complex 20:20:0:13 (Imp) | Complex 16:16:16 | Complex 14:28 | Complex 14:28:14 | Complex 28:28:00 | Complex 12:32:16 | Complex 10:26:26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.5 | 1350.0 | - | - | 1200.0 | - | - | - | - | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.5 | 1350.0 | 1625.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.5 | 1350.0 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.5 | 1350.0 | 1625.0 | 600.0 | 1225.0 | 1200.0 | - | 1350.0 | 1650.0 | 1700.0 | 1470.0 | 1470.0 |
| 6 | IPL | 266.5 | 1350.0 | 1655.0 | - | - | 1320.0 | 1375.0 | - | - | - | - | - |
| 7 | MATRIX | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.0 | 1655.0 | - | 1225.0 | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.0 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | BVFCL | 266.5 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | BEC | - | - | - | 580.0 | - | - | - | - | - | - | - | - |

नोटः 1. यूरिया की प्रति बोरी 45 Kg Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय, लातेहार तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय, पलामू में इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-अनुदानित (नैनो यूरिया/डी०ए०पी० छोड़कर) उर्वरक की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

PR 330160 Agriculture(24-25)D

अनुमण्डल-सह-जिला कृषि पदधिकारी,लातेहार।

भारत एक ऐसा देश है जिसकी धरती पर लंबे समय से अध्यात्म का बोल-बाला रहा है. समय-समय पर हमारे देश में कई ऋषि-मुनियों के अवतार हुए जिन्होंने लोगों को आंतरिक शांति, ध्यान, करुणा और त्याग आदि के पथ पर बढ़ने को प्रेरित किया है. इन धार्मिक और अध्यात्मिक गुरुओं ने न केवल देश बल्कि विदेश में भी योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ और सुखी जीवन जीने का मार्ग दिखाया. भारत में आध्यात्मिक गुरु को अधिकांश लोग भगवान का दर्जा दे देते हैं।

लोगों का भारत में आध्यात्मिक गुरु में पूरी श्रद्धा है और यह विश्वास भी कि अगर भगवान के बाद कोई है जो आपकी समस्याओं को हल कर सकता है तो ये गुरु हीं हैं. लोग बाग अपनी हर तरह की परेशानियाँ, अपने कष्टों के उपाय की तलाश में इन गुरुओं की शरण में पूरी आस्था के साथ जाते हैं कि उनके कष्टों का निवारण हो जाएगा।

जहां एक तरफ भारत में आध्यात्मिक गुरु में लोगों की आस्था दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, वही दूसरी तरफ कुछ लोगों ने इसे व्यवसाय बना लिया है. आजकल समाज में नकली संतों की भरमार है, मानो धर्म-अधर्म की राह पर चल पड़ा हो. आए दिन हमें इस तरह की कोई न कोई खबर मिल ही जाती है जिसमें किसी न किसी बाबा के ढोंग का खुलासा होता है।

ऐसी खबरें थोड़ी देर के लिए लोगों का विश्वास तो जरूर हिला देती हैं लेकिन उनकी आस्था तब भी बरकरार रहती है, शायद यही कारण है कि सामान्य लोगों की भावनाओं से खेलना इन बाबाओं के लिए आसान हो गया है. साथ ही ये धार्मिक गुरु आसानी से अपनी कुकृत्य के बाद भी बच जाते हैं क्यूंकि इनके भगतों में न केवल अज्ञानी आते हैं बल्कि वो लोग भी होते हैं जो काफी पढ़े लिखे होते हैं और इनकी गलतियों का इन्साफ कर सकते हैं. वहीँ अगर इसके दूसरे पहलू को देखें तो कुछ समाज में ऐसे भी गुरु हैं जो लोगों को ध्यान और अच्छे कार्यो में लिप्त रहने की सलाह देते हैं. भारत में आध्यात्मिक गुरु के शिष्य लाखों-हजारों की संख्या में हैं जो इन्हें ईश्वर के दूत की तरह मानते हैं हालांकि समय-समय पर इनके द्वारा किए गये कार्यो को आस्था और अंधविश्वास से जोड़ा जाता है।




# गुरुब्रह्मः गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वर

## मुरलीधर

दुनिया में सबसे ऊंचा स्थान अगर किसी का होता है तो वो है आपके गुरु का। गुरु के प्रति इस आदर सम्मान को व्यक्त करने के लिए आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। इस बार यह 27 जुलाई 2018 को मनाई जाएगी। भारतवर्ष में कई विद्वान गुरु हुए हैं, किन्तु महर्षि वेद व्यास प्रथम विद्वान थे, जिन्होंने सनातन धर्म (हिन्दू धर्म) के चारों वेदों की व्याख्या की थी। गुरु पूर्णिमा के दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्म हुआ था। वह संस्कृत के बहुत बड़े विद्वान थे जिन्होंने चारों वेदों की रचना की थी। यही वजह है कि उनका एक नाम वेद व्यास रखा गया। इतना ही नहीं उन्हें आदिगुरु के नाम से भी पहचाना जाता है। खास बात यह है कि उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।

**जानिए किस वजह से मनाई जाती है गुरु पूर्णिमा और क्या है महत्त्व**

गुरु के समक्ष नतमस्तक होकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का सर्वोत्तम दिन है गुरु पूर्णिमा। इस दिन गुरु पूजा करने का नियम है। प्राचीन गुरुकुल व्यवस्था के तहत शिष्य इसी दिन श्रद्धा भाव से प्रेरित होकर अपनी सामर्थ्यानुसार दक्षिणा देकर गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते थे। इस दिन चारों वेदों के व्याख्याता वेद व्यास जी की प्रमुख रूप से पूजा की जाती है।

वैसे तो गुरु के मौजूद रहने पर किसी भी दिन उनकी पूजा की जानी चाहिए। किंतु पूरे विश्व में आषाढ.मास की पूर्णिमा के दिन विधिवत गुरु की पूजा करने का विधान है। उस दिन हर शिष्य को अपने गुरु की पूजा कर अपने जीवन को सार्थक करना चाहिए। वर्ष की अन्य सभी पूर्णिमाओं में इस पूर्णिमा का महत्त्व सर्वाधिक है। इस पूर्णिमा को इतनी श्रेष्ठता प्राप्त है कि इस एकमात्र पूर्णिमा का पालन करने से ही वर्ष भर की पूर्णिमाओं का फल प्राप्त होता है। गुरु पूर्णिमा एक ऐसा पर्व है, जिसमें हम अपने गुरुजनों, महापुरुषों, माता-पिता एवं श्रेष्ठजनों के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करते हैं। गुरु वास्तव में कोई व्यक्ति नहीं, वरन् उसके अंदर निहित आत्मा है। इस प्रकार गुरु की पूजा व्यक्ति विशेष की पूजा न होकर गुरु की देह में समाहित परब्रह्म परमात्मा और परब्रह्म ज्ञान की पूजा है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा विशेष रूप से गुरु पूजन का पर्व है। इस पर्व को 'व्यास पूर्णिमा' भी कहते हैं।

आषाढ़ मास में वर्षा ऋतु के बादल कभी चांद की ओर हों, तो उसकी रोशनी भी ढक सकते हैं और जब अंधकार हो जायेगा तब गुरु पूर्णिमा का प्रकाश बेहद शीतलता देगा। उसी प्रकार सच्चे शिष्य कितने भी अंधकार में हों, गुरुदेव उन्हें ढूंढ ही लेते हैं। चन्द्रमा केवल निमित्त मात्र है। वह केवल दर्पण है जो आत्मसाक्षात्कार कराता है।

चूंकि सूर्य आत्मा है इसलिये सीधे आत्मा का साक्षात्कार संभव नहीं होता। अर्जुन जैसा महान योद्धा भी श्री कृष्ण के विराट रूप को देखकर बोल उठा था- प्रभु, आपका तेज सहस्त्र सूर्यो के समान है। मैं इसे सह नहीं पा रहा हूं, कृपया अपने सौम्य चतुर्भुज रूप में आयें। अध्यात्म में सूर्य रूपी ज्ञान के प्रकाश से सीधा साक्षात्कार न करके गुरु रूपी चन्द्रमा के माध्यम से लाभ उठाने का नियम है। सूर्य परम तेजस्वी है और चन्द्रमा परम शीतल। चन्द्रमा माध्यम है सूर्य की रोशनी का। उसी प्रकार गुरु भी माध्यम है परमात्मा के उस दिव्य विराट तेज का।

प्रेम/भक्ति योग में भी प्रभु से मिलन की अपेक्षा गुरु का सान्निध्य शिष्यत्व के सहज ही प्रभु के दर्शनों में सहायक है, मुक्ति दाता है।

चांद जब पूरा हो जाता है तो उसमें शीतलता आ जाती है। इस शीतलता के कारण ही चांद को गुरु के लिये चुना गया होगा। चांद में मां जैसी शीतलता एवं वात्सल्य है। इसलिये हमारे ऋषियों व महापुरुषों ने चांद की शीतलता को ध्यान में रखकर आषाढ.पूर्णिमा को गुरु को सर्मिपत किया है। अतः शिष्य, गृहस्थ, संन्यासी सभी गुरु पूर्णिमा को गुरु पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। गुरु महिमा को इस स्तुति से वंदित किया गया है-

**गुरुब्रह्मः गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः**

**गुरुः साक्षात परमब्रह्मः तस्मै श्री गुरवे नमः।।**

उन्होंने वेदों का विस्तार किया और कृष्ण द्वैपायन से वेदव्यास कहलाये। इसी कारण इस गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। 16 शास्त्रों एवं 18 पुराणों के रचयिता वेदव्यास जी ने गुरु के सम्मान में विशेष पर्व मनाने के लिये आषाढ़ मास की पूर्णिमा को चुना। कहा जाता है कि इसी दिन व्यास जी ने शिष्यों एवं मुनियों को पहले-पहल श्री भागवत पुराण का ज्ञान दिया था। अतः यह शुभ दिन व्यास पूर्णिमा कहलाया।

इसी आषाढ़ मास की पूर्णिमा को छह शास्त्र तथा अठारह पुराणों के रचयिता वेदव्यास के अनेक शिष्यों में से पांच शिष्यों ने गुरु पूजा की परम्परा डाली। पुष्पमंडप में उच्चासन पर गुरु यानी व्यास जी को बिठाकर पुष्प मालाएं अर्पित कीं, आरती की तथा अपने ग्रंथ अर्पित किए। तब से शताब्दियां बीत गईं। गुरु को अर्पित इस पर्व की संज्ञा गुरु पूर्णिमा ही हो गई।

**गुरु की ध्यान में निद्रा**

## रात को, सोने से पहले

**ध्यान कैप्सूल**

दिन की समीक्षा, जिसमें दिन की घटनाओं पर प्रतिबिंब शामिल है, यह देखने के लिए कि आपने अपना दिन कैसे जिया है और आप कल चीजों को कैसे बेहतर बना सकते हैं। अजपा जपा, सो हैम की जागरूकता के साथ सामने पर सहानुभूति के मार्ग में, 5 मिनट। दिन के दौरान

**कर्मयोग और सेवायोग के इन सरल सिद्धांतों को दिन भर अपनी गतिविधियों में लागू करें:**

अपने दैनिक कार्यों और कार्यों को इस दृष्टिकोण को विकसित करके करने की कोशिश करें जैसे कि आप उन्हें अपने जीवन में पहली और आखिरी बार कर रहे हैं। दिन में कम से कम एक नेक काम करने की कोशिश करें।

भक्ति योग के सिद्धांत को पूरे दिन अपने जोड़ों पर लागू करें, नकारात्मक और विनाशकारी के बजाय सकारात्मक और रचनात्मक से जुड़ने का प्रयास करें।

प्रसन्नता का उपहार मनहप्रसाद का यामा अभ्यास करें, और दिन भर आनंद, सकारात्मकता, सद्भाव और आशा की धारा बनाए रखने का प्रयास करें। हर दिन खुशियों के पलों को बढ़ाने की कोशिश करें। बस दूसरों को खुश रखने के लिए खुश रहो

अपने मन को किसी भी नकारात्मकता से साफ करने के लिए सामंजस्यपूर्ण, असंतुष्ट अवस्था में नियामा (भव शुद्धि) लागू करें। अपने विचारों, भावनाओं, और इरादों को शुद्ध रहने दो। किसी के खिलाफ द्वेष या द्वेष न धारण करें। इसके बजाय, एक और सभी के प्रति सद्भावना पैदा करें।

यह अनुशंसा की जाती है कि सभी ईमानदार योग व्यवसायी एक वर्ष के लिए इन में से कई तत्वों को अपनी जीवन शैली में शामिल करें और फिर जीवन की गुणवत्ता में अनुभव किए गए परिवर्तनों पर प्रतिबिंबित करें। हम आशा करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि योग की प्रेरणा आपके साथ रहे और बदले में आप योग और योग जीवन पथ पर दूसरों की मदद करने में सक्षम हैं।

## श्री सदगुरुभ्यों नमः



**श्री रामकृष्ण परमहंस**

भारत के एक महान संत एवं विचारकों में श्री रामकृष्ण परमहंस का भी नाम आता है जिनकी आध्यात्मिकता की कई कहानियां हैं. इन्होंने सभी धर्म के लोगों के बीच एकता और उनके बीच प्यार पर जोर दिया. स्वामी रामकृष्ण भगवती काली के भक्त और मानवता के पुजारी थे. इतना हीं नहीं, स्वामी विवेकानंद के आध्यात्मिक आरोहण की वजह भी रामकृष्ण हीं थे. गुरु परमहंस को बचपन से हीं विश्वास था कि कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताने से ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं इसीलिए वह ईश्वर की प्राप्ति के लिए लंबी समाधियों में लीन रहा करते थे।

साधना के अंत में वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें किसी तरह कि कोई भिन्नता नहीं है. वह ईश्वर तक पहुँचने के अलग-अलग साधन मात्र हैं. स्वामी रामकृष्ण के प्रशंसक न केवल देश बल्कि विदेश में भी थे।

गुरु पूर्णिमा

# हमारे पहले गुरु वेद व्यास

**संजय आजाद**

(विश्व संवाद केन्द्र रांची)

उन्हें विश्व के इतिहास में पहले संपादक के रूप में स्वीकार किया। गुरु पूर्णिमा जगत गुरु माने जाने वाले वेद व्यास को समर्पित है। माना जाता है कि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ मास की पूर्णिमा को हुआ था। वेदों के सार ब्रह्मसूत्र की रचना भी वेदव्यास ने आज ही के दिन की थी। वेद व्यास ने ही वेद ऋचाओं का संकलन कर वेदों को चार भागों में बांटा था। उन्होंने ही महाभारत, 18 पुराणों व 18 उप पुराणों की रचना की थी जिनमें भागवत पुराण जैसा अतुलनीय ग्रंथ भी शामिल है। ऐसे जगत गुरु के जन्म दिवस पर गुरु पूर्णिमा मनाने की परंपरा है।[1]वेदों का विस्तारः वेदों का विस्तार करने के कारण ये वेदव्यास तथा बदरीवन में निवास करने के कारण बादरायण के नाम से भी जाने जाते हैं। वेद व्यास ने चारो वेदों के विस्तार के साथ-साथ अठारह महापुराणों तथा ब्रह्मसूत्र का भी प्रणयन किया। हिन्दू पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु ने ही व्यास के रूप में अवतार लेकर वेदों का विस्तार किया था। वेद सबसे प्राचीण ग्रंथो में एक है।महर्षि वेदव्यास न केवल महाभारत के रचयिता हैं, बल्कि वह उन घटनाओ के भी साक्षी रहे हैं जो क्रमानुशार घटित हुई हैं। असल में इस महान धार्मिक ग्रंथ में व्यासजी की भी एक अदद भूमिका है। महर्षि व्यास ने न केवल अपने आसपास हो रही घटनाओं को लिपिबद्ध किया, बल्कि वह उन घटनाओं पर बराबर परामर्श भी देते थे। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि महाभारत में उल्लखित घटनाएं सत्य और प्रमाणिक वृत्तांत है। भगवान शिव और देवी पार्वती के पुत्र भगवान गणेश ने वेदव्यास के मुख से निकली वाणी और वैदिक ज्ञान को लिपिबद्ध करने का काम किया था। आम जनों को समझने में आसानी हो, इसलिए मर्हिष व्यास ने अपने वैदिक ज्ञानन को चार हिस्सों में विभाजित कर दिया। वेदों को आसान बनाने के लिए समय-समय पर इसमें संशोधन किए जाते रहे हैं। कहा जाता है कि वेदव्यास ने इसे 28 बार संशोधित किया था।

महर्षि व्यास का जन्म त्रेता युग के अन्त में हुआ था। वह पूरे द्वापर युग तक जीवित रहे। कहा जाता है कि मर्हिष व्यास ने कलियुग के शुरू होने पर यहां से प्रयाण किया। 4. मर्हिष व्यास को भगवान विष्णु का 18वां अवतार माना जाता है। भगवान राम विष्णु के 17वें अवतार थे। बलराम और कृष्ण 19वें और 20वें।

इसके बारे में श्रीमद् भागवत में विस्तार से लिखा गया है, जिसकी रचना मुनि व्यास ने द्वापर युग के अन्त में किया था। श्रीमद् भागवतम की रचना महाभारत की रचना के बाद की गई थी। महर्षि व्यास का जन्म नेपाल में स्थित तानहु जिले के दमौली में हुआ था। महर्षि व्यास ने जिस गुफा में बैठक महाभारत की रचना की थी, वह नेपाल में



अब भी मौजूद है। इस मानचित्र के माध्यम से आप नेपाल में तानहू के बारे में जान सकते हैं। महर्षि वेदव्यास के पिता ऋषि पराशर थे। उनकी माता का नाम सत्यवती था। पराशर यायावर ऋषि थे। एक नदी को पार करने के दौरान उन्हें नाव खेने वाली सुन्दर कन्या सत्यवती से प्रेम हो गया। बाद में सत्यवती ने ऋषि व्यास को जन्म दिया। व्यास पितमाह भीष्म के सौतेले भाई थे। बाद में सत्यवती ने हस्तिनापुर के राजा शान्तनु से विवाह कर लिया। शान्तनु भीष्म के पिता थे। इस विवाह के लिए सत्यवती के पिता ने राजा शान्तनु के समक्ष यह शर्त रखी थी कि सत्यवती के गर्भ से जन्म लेने वाला बालक ही हस्तिनापुर का उत्तराधिकारी होगा। हालांकि इससे पहले ही शान्तनु ने अपने पुत्र देवव्रत को हस्तिनापुर का युवराज घोषित कर दिया था। इसी प्रतिज्ञा की वजह से उनका नाम भीष्म पड़ा। बाद में उनके पिता शान्तनु ने उन्हें ईच्छा-मृत्यु का वरदान दिया। वेदव्यास धृतराष्ट्र, पांडु और विदुर के जैवीय या आध्यात्मिक पिता थे। वेदव्यास के जन्मदिन के अवसर पर गुरू पुर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। व्यासजी के बारे में कहा जाता है कि द्वापर युग के दौरान उन्होंने पुराण, उपनिषद, महाभारत सहित वैदिक ज्ञान के तमाम ग्रन्थों की रचना की थी। कलियुग के शुरू होने के बाद वेदव्यास के बारे में कोई ठोस जानकारी या दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। माना जाता है कि वह तप और ध्यान के लिए पर्वत श्रृंखलाओं में लौट गए थे। दो बौद्ध जातक कथाओं 'कान्हा दीपायना' और 'घाटा' में महर्षि वेदव्यास का जिक्र किया गया है। प्रथम जातक कथा में उन्हें बोधिसत्व कहा गया है। हालांकि इसमें उनके वैदिक ज्ञान की चर्चा नहीं की गई है। दूसरी जातक कथा में उन्हें महाभारत का रचयिता और इससे जुड़ा हुआ व्यक्ति बताया गया है। अपनी मां के कहने पर वेद व्यास ने विचित्रवीर्य की रानियों के साथ नियोग किया, जिसके बाद पांडु और धृतराष्ट्र का जन्म हुआ। तीन पुत्रः वेद व्यास ने विचित्रवीर्य की रानियों, अंबिका और अंबालिका के अलावा एक दासी के साथ भी नियोग की प्रथा का पालन किया, जिसके बाद विदुर का जन्म हुआ।

तीनों पुत्रों में से विदुर वेद-वेदान्त में पारंगत और नीतिवान पुत्र थे। वेद व्यास का नामः द्वैपायन द्वीप पर जाकर तपस्या करने और काले रंग की वजह से उन्हें कृष्ण द्वैपायन नाम दिया गया, जो आगे चल कर वेदों का भाष्य करने के कारण वेद व्यास के नाम से प्रसिद्ध हुए।

## व्रत और विधान

**इस दिन (गुरु पूजा के दिन)** प्रातःकाल स्नान पूजा आदि नित्य कर्मों से निवृत्त होकर उत्तम और शुद्ध वस्त्र धारण कर गुरु के पास जाना चाहिए।गुरु को ऊंचे सुसज्जित आसन पर बैठाकर पुष्पमाला पहनानी चाहिए। इसके बाद वस्त्र, फल, फूल व माला अर्पण कर तथा धन भेंट करना चाहिए। इस प्रकार श्रद्धापूर्वक पूजन करने से गुरु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

गुरु के आशीर्वाद से ही विद्यार्थी को विद्या आती है। उसके हृदय का अज्ञानता का अन्धकार दूर होता है। गुरु का आशीर्वाद ही प्राणी मात्र के लिए कल्याणकारी, ज्ञानवर्धक और मंगल करने वाला होता है। संसार की संपूर्ण विद्याएं गुरु की कृपा से ही प्राप्त होती हैं और गुरु के आशीर्वाद से ही दी हुई विद्या सिद्ध और सफल होती है।गुरु पूर्णिमा पर व्यासजी द्वारा रचे हुए ग्रंथों का अध्ययन-मनन करके उनके उपदेशों पर आचरण करना चाहिए।

इस दिन केवल गुरु (शिक्षक) ही नहीं, अपितु माता-पिता, बड़े भाई-बहन आदि की भी पूजा का विधान है।

इस पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाना चाहिए, अंधविश्वासों के आधार पर नहीं। गुरु पूजन का मन्त्र है-

'गुरु ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेव महेश्वरः।'

गुरु साक्षात्परब्रह्म तस्मैश्री गुरुवे नमः।।

क्या करें गुरु पूर्णिमा के दिनमानसी गंगा पर स्नान करते श्रद्धालु, गोवर्धन, मथुराप्रातः घर की सफाई, स्नानादि नित्य कर्म से निवृत्त होकर साफ-सुथरे वस्त्र धारण करके तैयार हो जाएं।घर के किसी पवित्र स्थान पर पटिए पर सफेद वस्त्र बिछाकर उस पर 12-12 रेखाएं बनाकर व्यास-पीठ बनाना चाहिए।फिर हमें 'गुरुपरंपरासिद्धयर्थं व्यासपूजां करिष्ये' मंत्र से पूजा का संकल्प लेना चाहिए।तत्पश्चात दसों दिशाओं में अक्षत छोड़ना चाहिए।

फिर व्यासजी, ब्रह्माजी, शुकदेवजी, गोविंद स्वामीजी और शंकराचार्यजी के नाम, मंत्र से पूजा का आवाहन करना चाहिए।

अब अपने गुरु अथवा उनके चित्र की पूजा करके उन्हें यथा योग्य दक्षिणा देना चाहिए।

# गुरु निहाल करता है गुरु उच्च स्थान देता है





**निधि सिंह**

ज्योतिषीय कारण

हम जानते हैं कि तिथियों का बनना सूर्य व चन्द्रमा पर आधारित है।

सूर्य आत्मा का कारण है और चन्द्रमा मन का कारण है। सूर्य तेज है तो चन्द्रमा शीतलता है। भगवान शिव जी ने भी द्वितीया का चन्द्रमा मस्तक पर धारण किया है। हलाहल पान की गर्मी को शांत करता चन्द्रमा उनके मस्तक पर सदैव विराजमान रहता है। सूर्य पिता है तो चन्द्रमा माता है। चन्द्रमा शब्द को कैसे भी कहें चाहे चन्द्र अ मा, पूर्णि अ मा, अमा अ वस्या।

आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को चन्द्रमा देव गुरु बृहस्पति की धनु राशि में होता है और शुक्राचार्य के नक्षत्र पू. आषाढ़ में होता है अर्थात मन दोनों ही गुरुओं से संबंध कर पूर्ण ज्ञान का अभिलाषी बन जाता है। चन्द्रमा की रोशनी ही वनस्पतियों में रस उत्पन्न करती है। इसी चन्द्रमा से मानव में ज्ञान रस की वृद्धि होती है और यह मन ही है जो मनुष्य को ज्ञान-विज्ञान दोनों में प्रवीण कर सकता है। मन की शांति व समय के लिये चन्द्रमा की उपासना करना जरूरी है। मन शान्त हो, तो ही जीवन यात्रा सफल होती है।

**गुरु पूर्णिमा विशेष**

गुरु के लिए पूर्णिमा से बढ़कर कोई और तिथि हो ही नहीं सकती, क्योंकि गुरु और पूर्णत्व दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं। जिस प्रकार चंद्रमा पूर्णिमा की रात सर्वकलाओं से परिपूर्ण हो जाता है और वह अपनी शीतल रश्मियां समभाव से सभी को वितरित करता है। उसी प्रकार सम्पूर्ण ज्ञान से ओत-प्रोत गुरु अपने सभी शिष्यों को अपने ज्ञान प्रकाश से आप्लावित करता है। पूर्णिमा गुरु है। आषाढ़ शिष्य है। बादलों का घनघोर अंधकार। आषाढ़ का मौसम जन्म-जन्मान्तर के लिये कर्मों की परत दर परत। इसमें गुरु चांद की तरह चमकता है और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है।

गुरु पूर्णिमा को गुरु का ध्यान करते हुए गुरु की पूजा, अर्चना व अभ्यर्थना करनी चाहिए। भक्ति और निष्ठा के साथ उनके रचे ग्रंथों का पाठ करते हुए उनकी पावन वाणी का रसास्वादन करना चाहिए। उनके उपदेशों पर आचरण करने की निष्ठा का वर मांगना चाहिए। अतः इस गुरु पूर्णिमा से हमें कुछ विशेष करने का संकल्प लेना चाहिए। तभी हमारे सदगुरु हमारे जीवन में अवतरित होंगे और जीवन धन्य बन सकेगा।

सबमें 'मां' शब्द है। मां सब माफ करती है जैसे महागुरु, परमगुरु, सदगुरु सब माफ करता है, सब भूलों को क्षमा करता है क्योंकि वह जानता है कि गुण गुण में वर्तने के कारण सब दोष स्वाभाविक हैं इसलिए दूसरों को क्या दोष देना? चन्द्रमा जब सूर्य के सामने 180 डिग्री पर आता है तो पूर्णिमा होती है। सूर्य के प्रकाश की गर्मी चन्द्रमा पर से परावर्तित होती है, तो उसमें शीतलता होती है और आषाढ़. मास वर्षा ऋतु का भी मास है लेकिन सूर्य की तपिश के साथ-साथ इसी मास में सूर्य आर्द्रा नामक नक्षत्र में प्रवेश करता है और यह आर्द्रा प्रवेश की कुण्डली ही वर्षा के ज्योतिषीय आयामों पर प्रकाश डालती है कि इस वर्ष वर्षा ऋतु कैसी रहेगी कहां-कहां वर्षा का प्रभाव रहेगा। कहां दुर्भिक्ष पड़ेगा।

## महागुरु, परमगुरु, सदगुरु सब माफ करता है

**स्वामी विवेकानंद**

सन 1863 में कोलकाता में जन्में स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के निर्देशन में ईश्वर की खोज के लिए अपनी आध्यात्मिक यात्रा की शुरूआत की थी. भारत में आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद वेदान्त के समर्थक थे. उन्होंने लोगों को यह बताया कि मानवता की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा का राह है. विवेकानंद ने शिकागो विश्व धर्म संसद जाकर वेदान्त और हिन्दुत्व के सिद्धान्तों को पूरी दुनिया से परिचित कराया था।

स्पीड न्यूज

### जेम्को में हाईवा चोरी के मामले में ड्राइवर समेत चार गिरफ्तार



जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस ने जेम्को से हाइवा चोरी करने के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में ड्राइवर 44 वर्षीय भुनेश्वर कुमार उर्फ भुवन, टुइला डूंगरी बी ब्लॉक निवासी दालबाग सिंह उर्फ हरदीप सिंह उर्फ विक्की 28 वर्ष, राजनगर निवासी 40 वर्षीय मोहन दास और हाट गम्हरिया निवासी 44 वर्षीय तारकेश्वर गुप्ता शामिल हैं। सिटी डीएसपी सुधीर कुमार ने इस बारे में पत्रकारों को बताया कि जमको से एक हाईवा जेएच 05 डब्लु 4993 चोरी कर ली गई थी। सिनियर एसपी ने इस मामले की जांच के लिए सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। इस टीम ने अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग से कांड के वादी एवं ड्राइवर भुवनेश्वर कुमार उर्फ भुवन से कड़ाई से पूछताछ की और चोरी का खुलासा हो गया। ड्राइवर ने बताया कि उसने अन्य साथियों के माध्यम से हाईवे को चोरी करवा दिया और 260000 रुपए में हाईवा को बेच भी दिया। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि गत 5 जुलाई की रात्रि को अभियुक्तों ने जेम्को में खड़ी हाइववा का जीपीएस खोलकर गाड़ी को लोहावासा में छुपा दिया तथा चाईबासा मझगांव जाकर गाड़ी खरीदार तारकेश्वर गुप्ता से 225000 नगद प्राप्त किया। इस कांड में गाड़ी का ड्राइवर भुवन को 90000 रुपया, दालबाग सिंह उर्फ हरदीप उर्फ विक्की को 20000 रुपये और मोहन दास को 51000 तथा शेष पैसा दिलबाग का भतीजा सुखजीत सिंह ने आपस में बांट लिया। अभिक्तों की निशानदेही पर चोरी गई हाइवा को बरामद कर लिया गया है और गिरफ्तार अभिक्तों को जेल भेज दिया गया है।

### भालुबासा सामुदायिक केंद्र में कराटे व योगासन प्रतियोगिता संपन्न



जमशेदपुर। जमशेदपुर के भालूबासा स्थित टाटा फाउंडेशन के अर्बन सर्विसेस द्वारा संचालित सामुदायिक केंद्र भालूबासा में खेल के क्रियाशिलन के अंतर्गत शनिवार 20 जुलाई 2024 को संध्या 5:00 बजे विशेष कार्यक्रम के तहत स्थानीय बच्चों के बीच कराटे और योगासन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बालक और बालिका वर्ग में कुल 135 प्रतिभागियों ने जिसमें योगासन प्रतियोगिता में 60 प्रतिभागी और कराटे प्रतियोगिता में 75 प्रतिभागियों उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमल से सफल प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 62 लाख परिवारों को मिले आयुष्मान, सहिया का मानदेय 6000 रुपये करे केंद्र सरकार : बन्ना गुप्ता

## झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ की वर्चुअल बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ परिवार नियोजन कार्यक्रम विषय पर वर्चुवल बैठक में एनआईसी जमशेदपुर से राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता ने हिस्सा लिया। बन्ना गुप्ता ने परिवार नियोजन कार्यक्रम के संदर्भ में कार्यक्रम को झारखण्ड में प्रभावी तरीके से लागु करने के लिए भारत सरकार से अपेक्षित सहयोग की मांग करते हुए कहा कि झारखंड के पूरे 62 लाख परिवार को मिले आयुष्मान भारत योजना का लाभ, परिवार नियोजन कार्यक्रम के लिए झारखंड के प्रत्येक जिले में जिला कोर्डिनेटर की पद स्वीकृत हो, सहिया दीदी का मानदेय 2000 से बढ़ाकर 6000 मिले, स्वास्थ्य कार्यक्रमों में 60:40 के बदले 90:10 का अनुपात में लाभ मिले, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के लिए निःशुल्क रूप से इंडियन पोस्ट विभाग के सहयोग मिले, पीसीपीएंडीटी एक्ट को मजबूत बनाने की जरूरत, झारखंड को विशेष प्रचार प्रसार की सामग्री उपलब्ध कराया जाए। साथ हीं झारखण्ड में परिवार नियोजन कार्यक्रम के संदर्भ में वर्तमान एवं भविष्य की रणनीति के बारे में बताया शादी एवं गर्भ धारण की उम्र के बारे में जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत माता-पिता एवं परिवार को इस संदर्भ में जागरूक किया जा रहा है। भविष्य की रणनीति के तहत दीवाल लेखन, सरकारी/ गैर सरकारी संस्थानों तथा अन्य विभागो का सहयोग लेकर समाज में जागरूकता कार्यक्रम निर्धारित है। सास-बहु सम्मलेन झारखण्ड का एक नवाचार कार्यक्रम है जिसे मिशन परिवार विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है। इस सम्मलेन के द्वारा परिवार के सभी सदस्य सास, ससुर, बेटा एवं पत्नी को लड़कियों की उच्च शिक्षा, सही समय पर शादी, पहले बच्चे में शादी के बाद दो साल का अंतर, दो बच्चों में तीन साल का अंतर एवं परिवार पूरा हो जाने पर स्थाई विधि अपनाने हेतु जागरूकता फैलायी जा रही है। चौराहा बैठक के माध्यम से पुरूष वर्ग को संवेदित करने का कार्य किया जाना है। संतुष्ट पुरुष के द्वारा एक समुह को प्रोत्साहित करने हेतु उनका नेटवर्क बनाया जाएगा एवं वाट्सअप ग्रुप के माध्यम से उन्हें जोड़ा जाएगा। (गर्भ निरोधक सुई) के उपयोग कर रही महिला को नियमित सुई लेने हेतु टेलिफोन के माध्यम से फॉलोअप कर उन्हें उनके अगले सुई की तिथि का जानकारी दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के अन्तर्गत नवाचार कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह की 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस सभी ग्रामीण एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में मनाया जाता है। परिवार कल्याण दिवस को आउटरीच कार्यक्रम के रूप मंण मनाया जाना प्रस्तावित है।

इसे संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा माइक्रो प्लान बनाकर एएनएम, सीएचओ एवं कॉउन्सलर द्वारा चिन्हित गांव/ टोला में जहां एक दम्पति पर बच्चे की संख्या अधिक है तथा परिवार नियोजन विधियों का प्रयोग कम हो रहा है, संचालित किया जाना निदेशित है।



वीसी में भाग लेते मंत्री बन्ना गुप्ता।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नेड्डा और अनुप्रिया पटेल बैठक को संबोधित करते हुए।

# कटक : टाटा स्टील की फेरोक्रोम प्लांट में बायोमास के उपयोग का सफल परीक्षण

कंपनी की सस्टेनेबिलिटी यात्रा में महत्वपूर्ण कदम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने शनिवार को ओडिशा के कटक जिले के अथागढ़ में अपने फेरोक्रोम प्लांट में फेरोक्रोम बनाने में बायोमास के उपयोग का सफलतापूर्वक परीक्षण पूरा किया है। कंपनी के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित यह प्लांट पारंपरिक कार्बन स्रोतों के अपने स्थायी विकल्प के रूप में ट्रायल रन करने वाला भारत का पहला प्लांट बन गया है।

सस्टेनेबल फेरोक्रोम उत्पादन और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए, परीक्षण में पारंपरिक जीवाश्म ईंधन के स्थान पर बायोमास का उपयोग किया गया, जो कार्बनिक पदार्थों से प्राप्त एक अक्षय ऊर्जा स्रोत है।

इस पहल से फेरोक्रोम के सीओ-2 उत्सर्जन में 0.08/३ (बायोमास के उपयोग पर 5%) की कमी आने की उम्मीद है, जो कि फेरोक्रोम प्लांट से कुल सीओ-2 उत्सर्जन का लगभग 6% है। टाटा स्टील के एफएएमडी के एग्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा कि यह परीक्षण सस्टेनेबिलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धताओं और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के हमारे अथक प्रयास का हिस्सा है। बायोमास का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य एक स्वच्छ, अधिक सस्टेनेबल उत्पादन प्रक्रिया अपनाना है, जो हरित भविष्य में योगदान दे। इस पहल के माध्यम से, पारंपरिक रिडक्टेंट्स को कार्बन-न्यूट्रल बायोमास द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, जो ऑक्सीजन रहित वातावरण में लकड़ी को कम तापमान पर जलाकर बनाया जाता है।

सबमर्ज्ड आर्क फर्नेस (एसएएफ) में चारकोल के जलने के दौरान निकलने वाले कार्बन को उन पेड़ों द्वारा कार्बन अवशोषित कर संतुलित किया जाएगा जिनसे इसे बनाया जाता है। सतीजा ने कहा, बायोमास में परिवर्तन हमारी सस्टेनेबिलिटी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने कहा, हम पर्यावरण प्रदर्शन और परिचालन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाले अभिनव समाधानों की खोज और कार्यान्वयन जारी रखेंगे। एफएएमडी लंबे समय से पर्यावरणीय पहलों में सबसे आगे रहा है, जो लगातार अपने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के तरीकों की तलाश कर रहा है। फ्लक्सजेन सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग करते हुए, इसने अपनी फेरोक्रोम इकाइयों और खदानों में डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से पानी की खपत का डिजिटलीकरण किया है।



फेरोक्रोम प्लांट का फर्नेस।



एफएएमडी के प्रमुख पंकज सतीजा।

## ग्रामीणों ने किया फर्स्ट च्वाइस रेडी मिक्स कंपनी का गेट जाम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**गम्हरिया।** औद्योगिक क्षेत्र से सटे श्रीरामपुर में स्थित फर्स्ट चॉइस रेडी मिक्स कंपनी के वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हुए फाल्गुनी मंडल (60) की मौत के बाद मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर शनिवार को कंपनी गेट जाम कर शव के साथ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे झामुमो नेता बबलू प्रधान और शंकर मुखी ने बताया कि बीते 6 जुलाई को सड़क दुर्घटना में घायल फाल्गुनी मंडल को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया गया था जिसमे कंपनी प्रबंधन की ओर से उसे किसी प्रकार का आर्थिक सहयोग नहीं किया। पैसे के अभाव में उनका समुचित इलाज नहीं कराए जाने के कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद मुआवजे को लेकर कंपनी प्रबंधन से जब बात करने की कोशिश करने परिजन व ग्रामीण पहुंचे तो प्रबंधन द्वारा वार्ता करने से इंकार कर दिया गया।



## बालीगुमा सुखना बस्ती में बन्ना गुप्ता ने दिया बड़े पुल का उपहार

## जनता से किया वादा पूरा करना मेरी प्राथमिकता : मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को बालीगुमा सुखना बस्ती में पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर अंतर्गत बालीगुमा सुखना बस्ती (बरही-जमशेदपुर-बहरागोड़ा) पथ के 29 वें कि मी में बड़ा नाला पर (3 गुणा 10.6 मी स्पैन) उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य का शिलान्यास स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा शिलान्यास किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह सूबे के मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि पुल का निर्माण 12 माह में पूरा किया जाएगा। इसकी लंबाई 31.80 मीटर, चौड़ाई 12.90 मीटर होगी। जब चुनाव के वक्त मैं यहां आया था तो स्थानीय लोगों ने सुकना बस्ती स्थित पुल के निर्माण की मांग की थीं, आज शिलान्यास के बाद लोगों के चेहरे पर खुशी देखकर मन प्रसन्न हो गया हैं, बन्ना गुप्ता ने कहा कि जनता से किया हर वायदा को पूरा करूंगा।



पुल का शिलान्यास करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

## शुभम ने मर्डर प्लान का विरोध किया, तो दोस्तों ने उसे ही गोली मार दी

### मुख्य अभियुक्त साहिल दास ने कोर्ट में किया सरेंडर, पिस्टल और गोलियां बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कहा गया है कि गलत संगत कभी फलदायी नहीं होता है। बर्मामाइंस कैलाश नगर निवासी 23 वर्षीय युवा शुभम सिंह के साथ यहीं हुआ। गलत संगत के चलते उसे नाहक ही अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। शुभम को उसके साथी शाहिल दास उर्फ सलिल व दोस्तों ने इस लिए गोली मार कर हत्या कर दी कि वह एक व्यक्ति की हत्या करने की योजना का विरोध करने की गुस्ताखी की थी। शुभम हत्याकांड का मुख्य आरोपी शाहिल ने पुलिस के दबाव में आज कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने पुलिस को उसे पूछताछ के लिए सौंप दिया। जिसके बाद हत्या के कारणों का खुलासा हुआ। सिटी डीएसपी सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस लगातार साहिल दास उर्फ शरीर के छुपाने के संभावित टीका नो पर छापेमारी कर रही थी पुलिस के दबाव के कारण साहिल दास और सलिल ने माननीय न्यायालय में आज समर्पण कर दिया। पूछताछ के क्रम में साहिल ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और बताया कि उसके चाचा गोपाल दास ने एक पिस्टल उसे दिया था जिससे कैरिज कॉलोनी निवासी वसंत उपाध्याय को मारने की योजना हम लोग बना रहे थे। इस दौरान शुभम सिंह भी मौजूद था। शुभम सिंह ने वसंत उपाध्याय की हत्या करने की योजना का विरोध किया तो हमने उसे गोली मारकर हत्या कर दी। अनुसंधान के क्रम में साहिल दास उर्फ सलिल के निशानदेही पर घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बता दे गलत 9 जुलाई की रात्रि को बर्मामाइंस थाना क्षेत्र के कैरेज कॉलोनी में शुभम सिंह 23 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शुभम सिंह कैलाश नगर बर्मा माइंस निवासी प्रवीण सिंह का बेटा था। उसके भाई अनिल सिंह के पद बयान पर शुभम सिंह के दोस्त साहिल दास उर्फ सलिल और उसके दोस्तों द्वारा षड्यंत्र रचकर गोली मारने का मामला दर्ज किया गया था।



### मारवाड़ी युवा मंच ने किया दो स्थाई अमृतधारा का लोकार्पण



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी,टाटानगर शाखा ने अपनी 45वां एवं 46वां और सत्र 24-25 की स्थाई अमृतधारा का लोकार्पण किया। यह स्थाई अमृतधारा का लोकापर्ण शाम 7 बजे सूरत गुजराती स्कूल,जलाराम बापा मंदिर परिसर, सत्यनारायण मंदिर बिस्टूपुर के बगल में किया गया। सूरत गुजराती स्कूल के प्रधानाचार्य और जलाराम बापा मंदिर संस्था के अध्यक्ष ने जानकारी दी कि सूरत गुजराती स्कूल में करीब 300 बचों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान किया जाता है। यह अमृत धारा यहां के बचों और श्रद्धालुओं जो मंदिर में दर्शन के लिए आते है सब के लिये काफी लाभदायक साबित होगा। यह कार्यक्रम स्व गोपी राम मित्तल जी एवं अंगूरी देवी (सूरत) के स्मृति में किरण अग्रवाल (जमशेदपुर), उषा तुलसियान (मेदिनीपुर), सुशीला अग्रवाल (गोंदिया) के सौजन्य से किया गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मौके पर अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल,सचिव आलोक अग्रवाल जलाराम बापा मंदिर समिति के सदस्य मौजूद थे।

# पांचवां झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव अक्टूबर माह में, तैयारी शुरु

>> प्रविष्टिया जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई,कई विदेशी फिल्मकारों ने भेजी प्रविष्टियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पांचवां झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव अक्तूबर माह में आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी संयुक्त आयोजक संस्था अस्मा इंडिया चैरिटेबल एवं मित्रा प्रोडक्शन के पदाधिकारियों ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य के स्थानीय भासा फिल्मकारों के लिए इस वर्ष से पूर्णतः निशुल्क प्रविष्टि जमा करने के लिए प्रावधान रखा गया है जिसमें संस्था के वैबसाइट में जाकर जमा कर सकते हैं फीचर फिल्म, शार्ट फिल्म, म्यूजिक वीडियो, डॉक्यूमेंट्री इसमें शामिल कर सकते है 31 जुलाई तक जमा करने की अंतिम तिथि रखी गई है। संजय सतपथी एवं राजू मित्रा ने बताया कि इस वर्ष पांचवे झारखंड राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव महोत्सव 2024 में अक्टूबर माह में होना है, जिसमें बॉलीवुड एवं झारखंड (झोलीवुड) के दिग्गज कलाकारों का समागम देखने को मिलेगा। झारखंड राज्य के पारंगत कलाकार कला प्रदर्शन कर नागपुरी, संथाली, छाऊ खोरटा, मुंडारी व अन्य झारखंड के भाषाओ में अपनी प्रस्तुति को चलचित्र माध्यम से राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थल, रोचक किस्से कहानियों को प्रस्तुत करने का कार्य करेंगे, जिससे निसंदेह हमारे राज्य का नाम राष्ट्रीय पटल पर नए स्तम्भ स्थापित करेगा। कार्यक्रम के संरक्षक में भरत सिंह, सुखदेव महतो, पूर्वी घोष, अरुण बाकरेवाल के साथ साथ एडवाइजरी बोर्ड से संजय पांडेय, गगन रस्तोगी, कन्हैया लाल जया सिंह, दीपिका बनर्जी मौजूद रहे। उदय सतपथी और राजू मित्रा ने बताया कि इस वर्ष अभी तक भारत में झारखंड के अलावे दुनिया के 10 देशों से यूएस, जर्मनी, ब्राजील, आयर लैंड इटली, जापान आदि देशो से फिल्मों की प्रविष्टि जमा हो चुकी है। कार्यक्रम को पूर्ण रूप हर साल की तरह सफल बनाने में क्रिएटिव हेड व मैसकॉम शिक्षिका विर्मस यूनिवर्सिटी की शालिनी प्रसाद, उदय सतपथी एवम नविन प्रधान, शिवांगी सिंह, राज प्रामाणिक, सुधीर महतो, अभिषेक सारंगी, बबली दत्ता जैसे टेक्निकल सदस्य का सहयोग मिल रहा है। शालिनी प्रसाद ने बताया, फिल्म को ज्यूरी सदस्य में अनिल रामचंद्र शर्मा, अलिक रॉय, धनंजय मंडल, मानसिंह माझी, राजीव सिन्हा जैसे फिल्म निर्देशक शामिल किए गए है।





फिल्म फेस्टिवल के बारे में जानकारी देते आयोजक।

## एक नजर में

### एमजीएम अस्पताल में ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किया गया भोजन वितरण



**जमशेदपुर।** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अभिभावक सैयद मंजर आमीन ने अपने हाथों से एमजीएम अस्पताल में भर्ती मरीजों के रिश्तेदार, अटेंडर, अभिभावक के बीच रात्रि का भोजन वितरण किया गया जिसमे मुख्य रूप से मिक्स वेज, पनीर की सब्जी, वेज पुलाव, मीठा, फल, ब्रेड, फ्रूट केक और केला बांटा गया। शनिवार के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सैयद मंजर आमीन एवं सुभाष ने इस अवसर पर खुद को बहुत गर्वमणित महसूस किया। मंजर आमीन ने ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों की काफी सराहना की और इस प्रकार से जरूरतमंद लोगों को खाना खिला कर बहुत प्रसन्नता का इजहार किया और उन्होंने वादा किया के आने वाले समय में मैं भी ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों में एक सदस्य के हैसियत से खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, मुख्तार आलम खान, शाहिद परवेज, मो मोइनुद्दीन अंसारी, सुभाष जी, रिजवानुज जमा, मो चांद, नादिर खान, अफताब आलम, इरशाद खान, मोहम्मद शेरू, हाजी मोहम्मद अयूब अली, मो फिरोज आलम मौजूद थे।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष व महासचिव का किया गया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** शनिवार को ट्रांसमिशन के कर्मचारियों ने टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह का सम्मान उनकी आवासीय कार्यालय पर किया। यह सम्मान उनके द्वारा किए गए प्रयासों की प्रतिफल के रूप में जो शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्याधन एवं उत्कर्ष योजना के तहत कर्मचारियों को जो लाभ मिलने जा रहा है उसके लिए धन्यवाद के रूप में बुके एवं माला पहनाकर कर्मियों ने किया।

### कारगिल विजय दिवस पर झारखंड के गौरव सेनानियों का हुआ सम्मान



**जमशेदपुर।** कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित कारगिल विजय दिवस के प्रोग्राम में कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के परिवार एवं वीर सैनिकों के सम्मान का प्रोग्राम आयोजित किया गया था। जिसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद पूर्वी सिंहभुम के प्रतिनिधि के रूप में सुशील कुमार सिंह राजीव रंजन दिनेश सिंह हंसराज सिंह उपेंद्र प्रसाद सिंह एवं अजय कुमार सिंह शामिल हुए। जिनका सम्मान हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर सैकड़ो वीर शहीदों के पवित्र आंगन की मिट्टी कलेक्ट करने वाले देशभक्त उमेश गोपीनाथ यादव ने किया। सिविल समाज के द्वारा आयोजित इस प्रोग्राम में शामिल वीर सैनिकों के परिवार से मिलकर काफी सारी जानकारी प्राप्त हुई। अधिकतर अतिथियों ने एक जोर से इस बात पर सहमति दी की सैनिकों का त्याग एवं बलिदान अतुल्य है। कार्यक्रम में हजारों स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गानों पर नृत्य और गीत प्रस्तुत किये। रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया था।

### दलमा में सुखराम ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**चांडिल।** अनुमंडल के दलमा स्थित माकुलाकोचा में ईंचागढ़ विधानसभा स्तरीय स्वच्छ चांडिल स्वस्थ चांडिल के बैनर तले प्रखण्ड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सुखराम हेंम्ब्रम उपस्थित थे। लोगों ने सुखराम के द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के कार्य को सराहा। सुखराम ने कहा कि ईंचागढ़ विधानसभा में जितने भी जनप्रतिनिधि हुए कोई ईंचागढ़ विधानसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास नहीं कर पाए। आज भी ईंचागढ़ विकास से अछूता है। इस मौके पर सोमनाथ हांसदा, भरत नाग, दुलाल सिंह, सुखदेव मांझी, चंदन सिंह, दुखू सिंह, लंभू किस्कू, मदन मुर्मू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### डीसी ने अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



गम्हरिया। सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा शनिवार को गम्हरिया का दौरा कर अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जमाबंदी खतियान की अद्यतन स्थिति, नामान्तरण, सक्सेशन म्यूटेशन मामले की प्रगति, लंबित जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र से संबंधित मामले की जांच कर समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने सीओ को लंबित मामलों का शीघ्र निबटारा करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उपायुक्त ने वार्ता के दौरान बताया कि राज्य स्तर पर प्राप्त निर्देश के आलोक में सभी अंचल कार्यालय का रूटीन निरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए अलग अलग टीम भी बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर स्थल जांच भी किया जाएगा। इस दौरान चौकीदार बहाली के बावत डीसी ने बताया कि इस सम्बंध में उपस्थित युवाओं से बात हुई है। अभिलेख प्राप्त होने पर विभागीय निर्देश के आलोक में नियुक्ति की प्रक्रिया निश्चित रूप से प्रारंभ की जाएगी।

## पेरिस ओलंपिक में भारत का पूरा शेड्यूल, कब और कितने बजे होंगे इवेंट

- **26 जुलाई** :- पेरिस ओलंपिक का उद्घाटन
- 27 जुलाई :- (निशानेबाजी)
  - 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम - दोपहर 12:30 बजे
  - 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम (कांस्य पदक) - दोपहर 2 बजे
  - 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम (स्वर्ण पदक) - दोपहर 2:30 बजे
  - 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष योग्यता - दोपहर 2 बजे
  - 10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालीफिकेशन - शाम 4 बजे
- (बैडमिंटन) पुरुष एकल, महिला एकल और युगल चरण - दोपहर 12:50 बजे

**रोइंग**
पुरुष एकल स्कल्स हीट - दोपहर 12:30 बजे

**मुक्केबाजी**
महिलाओं का 54 किग्रा और 60 किग्रा राउंड ऑफ 32 - शाम 7 बजे

**हॉकी**
भारत बनाम न्यूजीलैंड (पुरुष) - रात 9 बजे

**टेनिस**
पुरुष एकल और युगल (पहला राउंड) - दोपहर 3:30 बजे

**28 जुलाई :-**
(तीरंदाजी) महिला टीम का राउंड ऑफ 16, उसके बाद पदक राउंड - दोपहर 1 बजे

**बैडमिंटन**
पुरुष एकल, महिला एकल और युगल चरण - दोपहर 12 बजे

**मुक्केबाजी**
पुरुष 71 किग्रा, महिला 50 किग्रा - दोपहर 2:30 बजे

**रोइंग**
पुरुष एकल स्कल्स रेपेचेज राउंड - दोपहर 12:30 बजे

**शूटिंग**
10 मीटर एयर राइफल (महिला योग्यता) - दोपहर 12:45 बजे
10 मीटर एयर पिस्टल (पुरुष फाइनल) - दोपहर 1 बजे
10 मीटर एयर राइफल (पुरुष योग्यता) - दोपहर 2:45 बजे
10 मीटर एयर पिस्टल (महिला फाइनल) - दोपहर 3:30 बजे

**तैराकी**
पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक हीट, उसके बाद सेमीफाइनल - दोपहर 2:30 बजे
महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल हीट, उसके बाद सेमीफाइनल - दोपहर 2:30 बजे

**29 जुलाई :-**
**(तीरंदाजी) पुरुष टीम राउंड ऑफ 16 के बाद मेडल राउंड - दोपहर 1 बजे**
**(बैडमिंटन)** पुरुष एकल, महिला एकल और युगल चरण - दोपहर 12 बजे
**(मुक्केबाजी)** महिलाओं का 60 किलोग्राम राउंड ऑफ 16 - दोपहर 2:30 बजे
**(हॉकी)** भारत बनाम अर्जेंटीना - शाम 4:15 बजे
**(रोइंग)** पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल - दोपहर 1 बजे
**(शूटिंग)** पुरुष ट्रैप क्वालिफिकेशन - दोपहर 12:30 बजे
10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन - दोपहर 12:45 बजे
10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल - दोपहर 1 बजे
10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल - दोपहर 3:30 बजे
**(तैराकी)** पुरुष 100 मीटर बैकस्ट्रोक फाइनल - सुबह 12:13 बजे से
महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल - सुबह 12:13 बजे से
**(टेबल टेनिस)** पुरुष और महिला एकल राउंड ऑफ 64 और राउंड ऑफ 32 - दोपहर 1:30 बजे
**(टेनिस)** पुरुष एकल और युगल दूसरा राउंड - दोपहर 3:30 बजे
**(तीरंदाजी)** पुरुष और महिला व्यक्तिगत राउंड ऑफ 64 और राउंड ऑफ 32 - दोपहर 3:30 बजे
**(बैडमिंटन)** पुरुष एकल, महिला एकल और युगल ग्रुप स्टेज - दोपहर 12 बजे
**मुक्केबाजी** : पुरुष 51 किग्रा, महिला 54 किग्रा और 57 किग्रा राउंड ऑफ 16 - दोपहर 2:30 बजे
**घुड़सवारी** : ड्रेसेज व्यक्तिगत दिन 1 - शाम 5 बजे
**हॉकी : भारत बनाम आयरलैंड - शाम 4:45 बजे**
**रोइंग** : पुरुष एकल स्कल्स क्वार्टर फाइनल - दोपहर 1:40 बजे
**शूटिंग** : ट्रैप पुरुष क्वालीफिकेशन दिन 2 - दोपहर 1 बजे
ट्रैप महिला क्वालीफिकेशन दिन 1 - दोपहर 1 बजे
10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम पदक मैच - दोपहर 1 बजे
ट्रैप पुरुष फाइनल - शाम 7 बजे
**टेबल टेनिस** : पुरुष और महिला एकल राउंड ऑफ 32 - दोपहर 2:30 बजे
**टेनिस** : पुरुष एकल और युगल तीसरा राउंड - दोपहर 3:30 बजे
(31 जुलाई) **तीरंदाजी** : पुरुष और महिला व्यक्तिगत एलिमिनेशन राउंड - दोपहर 3:30 बजे
**बैडमिंटन** : पुरुष एकल, महिला एकल और युगल ग्रुप स्टेज - दोपहर 12 बजे
**मुक्केबाजी** : पुरुष 71 किग्रा - दोपहर 2:30 बजे
महिला 60 किग्रा और 75 किग्रा राउंड ऑफ 16 - दोपहर 2:30 बजे
**घुड़सवारी** : ड्रेसेज व्यक्तिगत दिन 2 - दोपहर 1:30 बजे
**रोइंग** : पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल - दोपहर 1:24 बजे
**शूटिंग** : 50 मीटर राइफल-3 पोजीशन पुरुष क्वालिफिकेशन दिन 2 - दोपहर 12:30 बजे
50 मीटर राइफल-3 पोजीशन ट्रैप महिला क्वालिफिकेशन दिन 2 - दोपहर 12:30 बजे
ट्रैप महिला फाइनल - शाम 7 बजे
**टेबल टेनिस** : पुरुष और महिला एकल राउंड ऑफ 32 - दोपहर 1:30 बजे
पुरुष और महिला एकल राउंड ऑफ 16 - दोपहर 1:30 बजे
**टेनिस** : पुरुष एकल तीसरा राउंड - दोपहर 3:30 बजे
पुरुष युगल सेमीफाइनल - दोपहर 3:30 बजे
**(1 अगस्त) तीरंदाजी** : पुरुष एलिमिनेशन राउंड - दोपहर 1 बजे
महिला एलिमिनेशन राउंड - दोपहर 1 बजे
**(एथलेटिक्स)** पुरुष 20 किमी रेस वॉक - सुबह 11 बजे
महिला 20 किमी रेस वॉक - दोपहर 12:50 बजे
**बैडमिंटन** : पुरुष और महिला एकल राउंड ऑफ 16 - दोपहर 12 बजे
पुरुष और महिला युगल क्वार्टर फाइनल - दोपहर 12 बजे
**मुक्केबाजी** : महिलाओं का 50 किग्रा राउंड ऑफ 16 - दोपहर 2:30 बजे
महिलाओं का 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल - दोपहर 2:30 बजे
**गोल्फ** : पुरुषों का पहला राउंड - दोपहर 12:30 बजे
**(हॉकी)** भारत बनाम बेल्जियम - दोपहर 1:30 बजे
**जूडो)** महिलाओं का 78 किग्रा + राउंड ऑफ 32 फाइनल तक - दोपहर 1:30 बजे
**रोइंग)** पुरुष एकल स्कल्स सेमीफाइनल ए/बी - दोपहर 1:20 बजे
पुरुष और महिला डिंगी रेस - दोपहर 3:30 बजे
**शूटिंग)** 50 मीटर राइफल-3 पोजीशन पुरुष फाइनल - दोपहर 1 बजे
50 मीटर राइफल-3 पोजीशन महिला क्वालिफिकेशन - दोपहर 3:30 बजे
**टेबल टेनिस)** पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल - दोपहर 1:30 बजे
महिला एकल क्वार्टर फाइनल - दोपहर 1:30 बजे
**टेनिस)** पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल - (दोपहर 3:30 बजे
**2 अगस्त) तीरंदाजी** : मिश्रित टीम राउंड ऑफ 16 से फाइनल तक - दोपहर 1 बजे
**एथलेटिक्स)** पुरुष शॉट पुट क्वालिफिकेशन - सुबह 11:40 बजे
**बैडमिंटन)** पुरुष युगल सेमीफाइनल - दोपहर 12 बजे
महिला युगल सेमीफाइनल - दोपहर 12 बजे
पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल - दोपहर 12 बजे
**मुक्केबाजी** : महिलाओं का 57 किग्रा राउंड ऑफ 16 - शाम 7 बजे
पुरुषों का 51 किग्रा क्वार्टर फाइनल - शाम 7 बजे
**गोल्फ** : पुरुषों का दूसरा राउंड - दोपहर 12:30 बजे
**हॉकी**: भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया - शाम 4:45 बजे
**रोइंग** : पुरुष एकल स्कल्स फाइनल - दोपहर 1 बजे
**शूटिंग** : स्कीट पुरुष क्वालीफिकेशन डे 1 - दोपहर 12:30 बजे
25 मीटर पिस्टल महिला क्वालीफायर - दोपहर 12:30 बजे
50 मीटर राइफल-3 पोजीशन महिला फाइनल - दोपहर 1 बजे
**टेबल टेनिस** : पुरुष एकल सेमीफाइनल - दोपहर 1:30 बजे
महिला एकल सेमीफाइनल - दोपहर 1:30 बजे
**टेनिस**: पुरुष एकल सेमीफाइनल - शाम 7 बजे)
पुरुष युगल पदक मैच - रात 10:30 बजे
**(3 अगस्त) तीरंदाजी** : महिला व्यक्तिगत राउंड ऑफ 16 से लेकर पदक मैच तक - दोपहर 1 बजे
**एथलेटिक्स)** पुरुष शॉट पुट फाइनल - रात 11:05 बजे
**बैडमिंटन)** महिला एकल क्वार्टर फाइनल - दोपहर 1 बजे
महिला युगल पदक मैच - शाम 6:30 बजे
**मुक्केबाजी)** पुरुष 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल - शाम 7:32 बजे
महिला 50 किग्रा सेमीफाइनल - शाम 7:32 बजे
महिला 60 किग्रा सेमीफाइनल - शाम 7:32 बजे
**गोल्फ)** पुरुष तीसरा राउंड - दोपहर 12:30 बजे

# पंत की चेन्नई में एंट्री, आइपीएल 2025 से पहले होगा फैसला

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2025 से पहले दिल्ली कैपिटल्स में बड़ा धमाका हो सकता है। बीते दिनों ही दिल्ली फ्रेंजाइली ने मुख्य कोच रिकी पोंटिंग को अलविदा बोल दिया था। अब खबर है कि फ्रेंजाइजी कप्तान ऋषभ पंत से भी करार तोड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने और टॉप स्कोरर रहे पंत बतौर कप्तान दिल्ली को खिताब नहीं दिला पाए हैं। क्योंकि पोंटिंग पहले ही दिल्ली से दूर हो गए हैं तो ऐसे में फ्रेंचाइजी कप्तान और कोच की नई जोड़ी के साथ आइपीएल 2025 की तैयारी कर सकता है। खबर है कि ऋषभ पंत इस दौरान पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स में जा सकते हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फ्रेंचाइजी विकेटकीपर-बल्लेबाज की ट्रेडिंग पर भी विचार कर सकती है, लेकिन पूर्व भारतीय कप्तान और डीसी के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली पंत को कप्तान बनाए रखने के पक्ष में हैं। अगर दिल्ली ने पंत को रिलीज किया तो वह चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हो सकते हैं। सीएसके के एक अधिकारी ने संकेत दिया है कि अगर एमएस धोनी अपने



आइपीएल करियर को अलविदा कहने का फैसला करते हैं तो फ्रेंचाइजी उनके प्रतिस्थापन के रूप में एक शीर्ष भारतीय विकेटकीपर को साइन करने पर विचार कर रही है43 वर्षीय धोनी आइपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कैप्ड खिलाड़ी हैं। संभावना है कि वह आइपीएल 2025 संस्करण में शामिल नहीं होंगे। हालांकि इस बीच एक खबर यह भी है कि लखनऊ सुपर जायंट्स फ्रेंजाइली केएल राहुल से अपना नाता तोड़ सकती है।

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आइपीएल 2024 के मैच में हारने के बाद एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने कैमरे के सामने ही राहुल से गर्मागर्म बहस की थी। राहुल जो आइपीएल 2022 मेगा नीलामी से पहले 17 करोड़ रुपए में एलएसजी में शामिल हुए थे, के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ने की उम्मीद है। 31 वर्षीय खिलाड़ी पहले भी आरसीबी के लिए खेल चुके हैं। वह 2013 और 2016 में आइपीएल में फ्रेंचाइजी का हिस्सा थे। वह पहले भी आरसीबी से दोबारा खेलने की इच्छा व्यक्त कर चुके हैं। आरसीबी की बात करें तो अभी इसकी कप्तानी फाफ डु प्लेसिस कर रहे हैं। आरसीबी ने बीते सीजन में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया था। क्योंकि डु प्लेसिस की उम्र बढ़ती जा रही है तो ऐसे में आरसीबी किसी भारतीय को कप्तान बना सकते हैं। ऐसे में केएल राहुल की कप्तानी के लिए दावेदारी बढ़ सकती है।

# विश्मी गुणारत्ने की फिफ्टी, श्रीलंका ने बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**दांबुला।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद विश्मी गुणारत्ने (51) और हर्षिता समाराविक्रमा (33) रनों की बेहतरीन पारियों के दम पर श्रीलंका ने महिला एशिया कप के चौथे मुकाबले में 17 गेंदे शेष रहते बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया है। आज यहां बांग्लादेश की महिला टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने एक समय 1.3 ओवर में 17 के स्कोर पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। दिलारा अख्तर (6), इश्मा तंजीम (शून्य), रुब्या हैदर (शून्य), ऋतु मोनी (3) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद कप्तान निगार सुल्ताना ने शोरिफा खातून के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 5वें विकेट रूप में शोरिफा खातून (5) रन बनाकर आउट हुई। छठां विकेट राबेया खान (10) गिरा। शोरना अख्तर ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए 14 गेंदों में 25 रन बनाए। निगार सुल्ताना ने छह चौकों की मदद से नाबाद 48 रनों की पारी खेली। बंगलादेश की टीम



निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 111 रन ही बना सकी। श्रीलंका की ओर से उदेशिका प्रबोधनी और इनोशी प्रियदर्शिनी ने दो-दो विकेट लिए। सुगंधिका कुमारी, कविशा दिलहारी और चमारी अट्टापटू ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विश्मी गुणारत्ने और कप्तान चमारी अट्टापटू ने पारी की अच्छी शुरूआत करने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट लिये 32 रन जोड़े। छठे ओवर में चमारी अट्टापटू (12) रन बनाकर आउट हुई। उसके बाद विश्मी गुणारत्ने और हर्षिता समाराविक्रमा ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दूसरे विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। दूसरे विकेट के रूप में विश्मी गुणारत्ने 48 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुई। हर्षिता समाराविक्रमा ने 31 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। कविशा दिलहारी 12 रन बनाकर नाबाद रही। श्रीलंका की टीम ने 17.1 ओवर में 3 विकेट पर 114 रन बनाकर 7 विकेट से मुकाबला जीत लिया। बंगलादेश की ओर से नाहिदा अख्तर ने 12 रन देकर तीन विकेट लिए।

# झारखंड की बेटी दीपिका कुमारी ने ओलंपिक के लिए भरी हुंकार

**एजेंसी**

**जौक्स (फ्रांस)।** दीपिका कुमारी दो दुनियाओं के बीच फंसी हुई हैं। एक जहां एक प्यारी मां अपनी 19 महीने की बेटी वेदिका के साथ रहना चाहती है और दूसरी जहां यह दिग्गज भारतीय तीरंदाज एक ओलंपिक पदक के लिए तरस रही है। लेकिन अपने जीवन में इन दो अलग-अलग जगहों को एक साथ लाने में उसने जो लचीलापन दिखाया, उसने दीपिका को पेरिस खेलों तक पहुंचा दिया, जो उसके करियर का चौथा शोपीस है।

### दीपिका ने भरी ओलंपिक के लिए हुंकार

दीपिका ने बताया, दुनिया के सबसे बेहतरीन खेल आयोजन में गौरव हासिल करने की दीपिका की दृढ़ इच्छाशक्ति तब स्पष्ट हुई जब वह अपनी तैयारी को बेहतर बनाने के लिए दो महीने तक अपनी बेटी से दूर रहीं। अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है लेकिन यह उस चीज को हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हमने इतने सालों तक मेहनत की है। आखिरकार दीपिका के पेरिस रवाना होने से ठीक पहले उनके पति और खुद अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज अतनु दास, वेदिका को पुणे में आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट ले गए। दीपिका ने कहा, मुझे उसकी बहुत याद आती है, लेकिन ऐसा ही है। शुक्र है कि वह वास्तव में सहायक रही है और मेरे ससुराल वालों और अतनु के साथ अच्छी तरह से घुलमिल गई है। लेकिन दीपिका की उथल-पुथल दिसंबर 2022 में अपनी बेटी को जन्म देने के तुरंत बाद शुरू हो गई थी। उसकी मांसपेशियों में अकड़न आ गई और 19 किलोग्राम का



धनुष उठाना लगभग असंभव हो गया। हमने डिलीवरी के लिए इस तरह से योजना बनाई थी कि हम पेरिस में प्रतिस्पर्धा कर सकें, लेकिन डिलीवरी के बाद यह बिल्कुल शून्य से शुरू करने जैसा था। शूटिंग या धनुष उठाने की बात तो भूल ही जाइए वह साधारण दैनिक काम भी नहीं कर पा रही थी।

### मां बनने के बाद दोबारा किया कमबैक

अतनु ने याद किया और कहा, धीरे-धीरे उसने जॉगिंग शुरू कर दी और फिर से चलने के लिए जिम में बहुत मेहनत की। दीपिका ने तो यहां तक सोच लिया था कि उसका करियर खत्म हो गया है। करियर लगता है खत्म हो गया, क्या मैं और शूटिंग नहीं कर पाऊंगी? (ऐसा लगता है कि मेरा करियर खत्म हो गया है, क्या मैं फिर से शूटिंग नहीं कर पाऊंगी? वह दास से पूछती थी. लेकिन फिर उम्मीद की किरण जगी और दीपिका ने पिछले साल गोवा में राष्ट्रीय खेलों में दबदबा बनाया था, जिसमें उन्होंने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता था। इसने उन्हें दिग्गज कोरियाई कोच किम ह्युंग-टैक के तहत प्रशिक्षण लेने के बड़े फैसले की ओर अग्रसर किया, जो पहले पूर्णकालिक कोच थे।

## नडाल फ्रेंच ओपन 2022 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचे

**बस्ताड (स्वीडन)।** रफेल नडाल नॉर्डिया ओपन में डुजे अजदुकोविच को शनिवार को यहां 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर 2022 फ्रेंच ओपन के बाद अपने पहले फाइनल में पहुंचे। नडाल ने क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे इस टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में इससे पहले 36वीं रैंकिंग पर काबिज मारियानो नवोन को चार घंटे तक चले मुकाबले में 6-7, 7-5, 7-5 से हराया था। उन्होंने अजदुकोविच के खिलाफ भी पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। नडाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरो पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया।

## मार्केज भारतीय फुटबॉल टीम के नये मुख्य कोच

**कोलकाता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को मनोलो मार्केज को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। 55 वर्षीय मार्केज फिलहाल इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच के रूप में कार्यरत हैं जहां वह 2024-25 सीजन समाप्त होने तक बने रहेंगे।

## थाईलैंड की महिला टीम ने मलेशिया को 22 रनों से हराया

**दांबुला।** नन्नाफट कोंचारवेंकै (40), फननीता माया (29) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत महिला एशिया कप टी-20 मुकाबले में शनिवार को थाईलैंड टीम ने मलेशिया को 22 रनों से हरा दिया है। थाईलैंड की कप्तान थिपाचा पुट्टावोंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये।

# केवम हॉज का शतक, वेस्टइंडीज 351/5

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने शानदार वापसी की। केवम हॉज ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया और एलिक अथानाज ने 82 रनों की तेज पारी खेली, जिससे वेस्टइंडीज ने अंत में 351/5 का स्कोर बनाया। दिन का खेल खत्म होने तक विंडीज केवल 65 रन ही पीछे है। इंग्लैंड की पहली पारी के 415 रनों के बड़े स्कोर का जवाब देते हुए वेस्टइंडीज को हॉज और अथानाज ने 175 रनों की साझेदारी कर मैच में जिंदा रखा।

### ऐसा रहा दूसरा दिन

विंडीज के लिए दिन की शुरूआत सधी हुई रही थी। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट मिकाइल लुइस के साथ ओपनिंग पर आए थे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। लुइस 41 गेंदों पर 21 रन बनाए। इसके बाद किर्क 11 रन बनाकर शोएब बशीर का ही शिकार हो गए। इसके बाद ब्रेथवेअ ने एलिक के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। एलिक शानदार फार्म में थे। उन्होंने इंग्लैंड के



बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा और 80 से ऊपर की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। दोनों ने टीम का स्कोर 84 पर ला खड़ा किया तभी ब्रेथवेट 72 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 48 रन बनाकर आऊट हो गए। ब्रेथवेट के आऊट होने के बाद एलिक ने केवल होज के साथ 175 रन की साझेदारी की। एलिक ने 99 गेंदों पर 10 चौके और एक छक्के की मदद से 82 रन बनाए। तभी केवम हॉज ने अपना शतक पूरा किया। वह 75वें ओवर में क्रिस वोक्स का शिकार हुए लेकिन तब तक उन्होंने 171 गेंदों पर 19 चौकों की मदद से 120 रन बना लिए थे। जेसन होल्डर 67 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 23 तो जोशुआ डीसिल्वा 32 रन बनाकर नाबाद खड़े हैं। विंडीज का स्कोर 351 है और वह इंग्लैंड के स्कोर से 65 रन ही पीछे है। जैक क्रॉली के पहले ओवर में 0 पर आऊट होने के बाद बेन डकेट और ओली पोप ने 19 ओवर में 105 रन की साझेदारी की। डकेट शतक से चूके और 71 रन बनाकर शमर जोसेफ की गेंद पर आऊट हो गए। इसके बाद ओली पोप ने एक छोर संभाल लिया। इस दौरान जो रूट 16 तो हैरी ब्रूक 36 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर मध्यक्रम में बेन स्टोक्स ने पोप का साथ दिया। पोप ने 167 गेंदों पर 15 चौके और एकछक्के की मदद से 121 रनों की पारी खेली। बेन स्टोक्स ने 68 रन बनाए। जेम्मी स्मिथ ने 54 गेंदों पर 36, क्रिस वोक्स ने 48 गेंदों पर 37 तो मार्क वुड ने 13 रन बनाकर स्कोर 416 तक पहुंचाया। विंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने 98 रन देकर 3, जेडन सील्स ने 90 रन देकर 2, केविन सिन्क्लेयर ने 73 रन देकर 2 तो केवल होज ने 44 रन देकर 2 विकेट लीं।

# भारत की तीरंदाजी और नौकायन टीम सबसे पहले पेरिस खेल गांव पहुंची



**एजेंसी**

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने शुक्रवार को पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से शनिवार को खेल गांव पहुंचेगी। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा, मैं गुरुवार रात को पेरिस पहुंचा और मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन शुक्रवार को पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं। चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा, काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पधाओं के एरीना में कुछ गेम टाइम' चाहते हैं। हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि खिलाड़ियों को अपनी स्पधाएं शुरू करने से पहले वो सबकुछ मिले जिनकी उन्हें जरूरत है। भारत के 117 खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में 20 स्पधाओं में हिस्सा लेंगे। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा, मेरे लिए यह देखना गर्व का पल है कि भारतीय दल में पदक के दावेदार बढ़ रहे हैं। हमारे दल का प्रत्येक खिलाड़ी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की बराबरी करने ही नहीं बल्कि उन्हें पछाड़कर देश को गौरवान्वित करने में सक्षम है।

## ओलंपिक से पहले भारत को बड़ा झटका, तीरंदाजी कोच को मान्यता न मिलने के कारण स्वदेश लौटेंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारत की तीरंदाजी टीम सुर्खियों में रहेगी क्योंकि उसका लक्ष्य खेलों में देश के लिए इस खेल में पहला पदक लाना है। हालांकि, रिपोर्टों के अनुसार, तैयारियों में बाधा आ गई है क्योंकि टीम के कोरियाई मुख्य कोच बेक वूंग की को टूनार्मेंट के लिए मान्यता नहीं दी गई है, जिसका मतलब है कि वह शनिवार शाम की फ्लाइट बुक होने के बाद भारत लौट आएंगे। एचटी ने उनके हवाले से कहा, मैं पेरिस ओलंपिक में भारत को पहली बार पदक दिलाने के लक्ष्य के साथ तैयारी कर रहा हूं। हालांकि, मेरा मानना है कि विदेशी कोच की नियुक्ति करना लेकिन ओलंपिक खेलों की तीरंदाजी टीम से मुझे बाहर रखना आइओए की बड़ी गलती है और यह मूल योजना और लक्ष्यों का पालन नहीं करता है। तीरंदाजी कोच को दुनिया भर में बहुत सम्मान दिया जाता है और वह 2012 लंदन ओलंपिक में इस आयोजन में स्वर्ण पदक जीतने वाली दक्षिण कोरियाई टीम के मुख्य कोच थे। हाल ही में हुई घटनाओं के बाद वूंग की बेहद नाराज हैं और उन्होंने कहा, मैं अब और आगे जारी रखना नहीं चाहता। मैं सिर्फ दक्षिण कोरिया वापस जाना चाहता हूं। वूंग की ने कहा, 'पेरिस ओलंपिक तीरंदाजी में पदक जीतने के लिए भारत के लिए सबसे अच्छा मौका है।

यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैं अभी टीम के साथ नहीं हो सकता। मैं सिर्फ टीम को संदेश भेज सकता हूं और मैंने उन्हें बताया है कि टूनार्मेंट के दौरान उन्हें क्या करना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि भारतीय तीरंदाज ओलंपिक में पदक जीतेंगे। हम पदक जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण (ओलंपिक) पर मुझे कोच नियुक्त नहीं किया गया है।

# शहीदों के सम्मान में समाहरणालय में बनेगा स्मारक



भूमि पूजन करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### मंत्री ने किया भूमि पूजन

**गढ़वा।** गढ़वा के नवनिर्मित समाहरणालय परिसर में शहीदों के सम्मान में स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया। यहां गढ़वा जिला के शहीद रामप्रीत ठाकुर, आशीष कुमार तिवारी एवं आशीष सिंह का स्मारक बनाया जाएगा। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का संपूर्ण विकास तभी माना जाएगा, जब हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हो। अन्य विकास कार्यां के साथ-साथ शहीदों को सम्मान देना भी जनप्रतिनिधि की एक जिम्मेवारी है। इसके तहत उन्होंने अटौला में शहीद द्वार का निर्माण कराया अब समाहरणालय परिसर में शहीद स्मारक का निर्माण किया जाएगा। ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सके साथ ही शहीदों का सम्मान भी होगा। मौके पर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, शहीद रामप्रीत ठाकुर की पत्नी सनकलिया कुंअर, पुत्र ब्रजमोहन ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, शहीद आशीष तिवारी के पिता अरविंद तिवारी, माता, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विदेश मंत्रालय के सहयोग से विदेश संपर्क कार्यक्रम का आयोजन

**पटना।** बिहार सरकार के बिहार फाउंडेशन ने केंद्र सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से शनिवार को पटना में विदेश संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विदेश मंत्रालय की विभिन्न पहलों और योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना रहा। अपने संबोधन में बिहार के विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव, बिहार फाउंडेशन, चैतन्य प्रसाद ने कहा, ?मैं विदेश मंत्रालय के अधिकारियों का पटना में स्वागत करता हूं और विश्वास करता हूं कि वे बिहार के प्रवासी समुदाय द्वारा सामना की जा रही समस्याओं का मजबूत समाधान लेकर आएंगे। बांग्लादेश में चल रहे दंगे, सूडान बचाव अभियान और कोविड-19 महामारी ने परिवारों और प्रवासी समुदाय के बीच संचार को गंभीर रूप से बाधित किया है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय (एमईए) इन कनेक्शनों को पुनः स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बिहार के प्रवासी अक्सर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करते हैं, जिनमें भेदभाव और शोषण शामिल हैं, विशेष रूप से विदेशों में काम करने वाले अकुशल मजदूरों के बीच। इन व्यक्तियों के पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज अक्सर नियोक्ताओं द्वारा जब्त कर लिए जाते हैं, जिससे उनके लिए घर से जुड़ना या लौटना मुश्किल हो जाता है।

## नीतीश मेरी राजनीति खत्म करना चाहते थे लेकिन

# नरेंद्र मोदी ने बहुत कुछ दे दिया : जीतन राम मांझी

**एजेंसी**



**पटना।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का अभिनंदन समारोह शनिवार को आयोजित किया। कार्यक्रम में अपनी पार्टी के कार्यकताओं के बीच जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार उनकी राजनीति खत्म करना चाहते थे लेकिन नरेन्द्र मोदी ने बहुत कुछ दे दिया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शुक्रगुजार हैं।

उन्होंने उन्हें बहुत कुछ दे दिया। केंद्रीय मंत्रिमंडल में जब लघु एवं सूक्ष्म उद्योग का मंत्रालय मिला तो उन्हें लगा कि यहां कोई काम नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री ने बताया कि ये उनके सपनों का मंत्रालय है। इस मंत्रालय में सही काम करके लाखों युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है। केंद्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि अभी भी लोग जल रहे हैं कि एकमात्र सांसद होने के बावजूद जीतन राम मांझी को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बना दिया गया। लेकिन उनके जलने से कुछ नहीं होने वाला है। जीतन राम मांझी ने कहा कि वे नीतीश कुमार के गठबंधन में शामिल थे लेकिन नीतीश कुमार ने बुलाकर कहा था कि पार्टी का जदयू में विलय कर दीजिये। उन्होंने पार्टी का विलय नहीं किया। जीतन राम मांझी बोले कि वे नीतीश कुमार के गठबंधन से बाहर हो गए और एनडीए में शामिल हो गए। इसका नतीजा है कि आज वे केंद्र में मंत्री बन गए। उन्होंने कहा कि संतोष सुमन (मांझी के पुत्र) को 6 साल के लिए विधान पार्षद बना दिया गया है। पहले संतोष सिर्फ एक विभाग के मंत्री हुआ करते थे लेकिन अब तीन विभाग को चला रहे हैं। जीतन राम मांझी ने कहा कि उन्होंने जब पार्टी बनायी थी तो नीतीश कुमार ने कहा था कि जीतन मांझी पार्टी कैसे चलायेगा लेकिन उनकी पार्टी दौड़ रही है। भाजपा के लोग भी कहते हैं कि लोकसभा चुनाव में हम पार्टी के कार्यकताओं ने बहुत ईमानदारी से काम किया।

**बिहार से बेरोजगारी दूर करेंगे :** जीतन राम मांझी ने कहा कि वे इस वित्तीय वर्ष में तो बिहार के लिए कुछ खास नहीं कर पाये हैं लेकिन अगले वित्तीय वर्ष से बिहार में अपने मंत्रालय से काफी काम करायेंगे। बिहार में कम से कम 6 सेंटर खोले जायेंगे जहां बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की व्यवस्था की जायेगी। बिहार के लोगों को छोटे उद्योग खोलने के लिए हर तरह की सुविधा मिले वे इसका इंतजाम करायेंगे।

# गर्भवती महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले लोगों की 46 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं



अनुसूचित जनजाति परिवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव में 46 दिन पूर्व में अनुसूचित जनजाति की गर्भवती महिला समेत पूरे परिवार के साथ हुई मारपीट मामले में अभी तक एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस मामले को झारखंड सरकार अपराध अनुसंधान विभाग रांची द्वारा संज्ञान लिया गया है। वहीं विभाग के ज्ञापांक/ 94/सामान्य अपराध शाखा/(एससी/एसटी) के द्वारा प्रभारी सीआईडी टीम गढ़वा को पत्र लिखकर निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि बरडीहा थाना कांड संख्या 35/24 दिनांक 07 जुन 2024,धारा 147/ 148/ 341/ 325/ 354 (बी)/436/ 504/ 506/ भादवि एवं अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत दर्ज प्राथमिकी के वांछित अभियुक्त आदर गांव निवासी आशिक अंसारी, गुड्डू अंसारी, ईशा अंसारी, इशाक अंसारी, मुर्तजा अंसारी, अली अंसारी, इमाम अंसारी एवं फारूक अंसारी को गिरफ्तार करने के लिए लिये पीड़िता शांति देवी द्वारा पत्र प्राप्त है। विभाग द्वारा एक सप्ताह के अंदर जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया है।

बताते चलें कि 06 जून 2024 को बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव में भूमि विवाद को लेकर अनुसूचित जनजाति की गर्भवती महिला एवं उसके पति सभय रजवार समेत परिवार के आधा दर्जन लोगों को गांव के ही आशिक अंसारी, गुड्डू अंसारी, ईशा अंसारी एवं इशाक अंसारी सहित लगभग एक दर्जन लोगों ने मारकर घायल कर दिया और उसके झोपड़ी में आग लगा दी थी। साथ ही ट्रैक्टर से पीड़ित परिवार की भूमि को जोतकर अपने कब्जे में भी ले लिया। जिसकी प्राथमिकी शांति देवी देवी द्वारा बरडीहा थाने में दर्ज कराई गई है। इधर इस संबंध में पीड़ित परिवार की महिला शांति देवी ने बताया कि उसके एवं परिवार के लोगों के साथ साथ मारपीट करने वाले काफी दबंग लोग हैं और उनकी प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंच है।

# कांडी के डॉ साकेत ने की दिल की वीएसडी माइक्रो सर्जरी, बच्ची को दी नई जिंदगी



डॉ साकेत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड निवासी एक डॉक्टर ने दिल का कठिन एवं झारखंड का पहला ऑपरेशन करके एक बच्ची को नया जीवन दिया है। इसके लिए उक्त डॉक्टर की चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। ज्ञात हो कि कांडी प्रखंड अंतर्गत पंचायत व गांव पतिला निवासी स्व. कामेश्वर प्रसाद सोनी के पुत्र कार्डियक सर्जन डॉ. साकेत सोनी ने 9 वर्षीय बच्ची के हृदय का बिल्कुल जटिल एवं अपने तरह का पहला ऑपरेशन करके उसे जीवन दान दिया है। रांची स्थित पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में यह वीएसडी माइक्रो सर्जरी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लातेहार जिला के बालूमाथ निवासी नंदकिशोर साहू की 9 वर्षीया पुत्री को दिल में छेद था। इस बात की जानकारी होते ही परिवार के लोग बहुत परेशान हो गए। इलाज के लिए नंदकिशोर साहू ने अनेक अस्पतालों की खाक छानी। मगर सभी ने इलाज से साफ इन्कार कर दिया। राज्य से बाहर भी अनेक नामी गिरामी अस्पतालों में गए। मगर इलाज नहीं हो सका। तभी किसी ने उन्हें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर साकेत सोनी के विषय में बताया। रांची स्थित पल्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में नंदकिशोर साहू अपनी बेटी परी कुमारी के साथ पहुंचे। डॉ साकेत सोनी ने उन्हें माइक्रो सर्जरी की सलाह दी और शत प्रतिशत सफलता का भरोसा दिलाया। चूंकि यह वीएसडी माइक्रो सर्जरी का झारखंड में पहला ऑपरेशन था। लेकिन डॉ साकेत ने इसे चैलेंज के रूप में स्वीकार किया और सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दो दिनों के बाद परी कुमारी को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अब परी कुमारी बिल्कुल स्वस्थ है।

इस संबंध में डॉ साकेत ने कहा कि वीएसडी जिसे मेडिकल टर्मिनोलॉजी में वेंट्रिकुलर सेफ्टी डिफेक्ट बोलते हैं। यह एक जटिल जन्मजात हृदय छिद्र होता है। जिसमें अधिकतर केस में ओपन हार्ट सर्जरी की जरूरत पड़ती है। इसके साथ ही समय पर सर्जरी बहुत जरूरी होता है। सही समय पर सर्जरी नहीं होने से फेफड़ों का प्रेशर बढ़ता जाता है और जल्द ही मरीज ऑपरेशन के स्टेज को भी पार कर जाता है। ऐसी स्थिति में मरीज को बचाना असंभव की सीमा तक कठिन हो जाता है। कम खर्चे में इस तरह का यह पहला ऑपरेशन किया गया है। डॉ साकेत ने कहा कि दिल में किसी भी प्रकार का छिद्र होने से अब राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

# मंत्री ने गुरूजनों एवं शिक्षाविदो को किया सम्मानित



सम्मानित करते मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** कल्याणपुर में लाइब्रेरी के भूमि पूजन के दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने अपने गुरूजनों एवं शिक्षाविदों को शॉल ओढ़ाकर एवं पुश्प गुच्छ देकर सम्मानित किमा। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने अपने गुरू (शिक्षक) डीपी सिंह, बलराम तिवारी, पारस तिवारी सहित एसपीडी कॉलेज के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ दिलीप चौबे, डॉ श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, डॉ विनोद कुमार ठाकुर, प्रो. मनोज कुमार पाठक, रेयाज अहमद, प्रेम कुमार चौबे, अनुपा प्रतिभा तिर्की, सुनीता कुमारी सिंह, राजाराम पासवान, लखन प्रसाद कश्यप, मदन प्रसाद केशरी, डॉ यासिन अंसारी आदि को सम्मानित किया।

# ट्रक की चपेट में आने से मजदूर का कटा हाथ

**रंका।** थाना क्षेत्र के एनएच 343 सिरोई मोड़ के समीप शनिवार की शाम यात्री बस पॉपुलर में बैठे मजदूर उमेश प्रसाद का दाहिना हाथ ट्रक के चपेट में आने से कट गया। जानकारी के अनुसार उमेश यात्री बस में कई अन्य मजदूरों के साथ रायपुर छत्तीसगढ़ कमाने जा रहा था। चैनपुर थाना क्षेत्र के मतवाली मोड़ निवासी मनोज साव के 21 वर्षीय पुत्र उमेश प्रसाद उसके चहरे भाई चंदन प्रसाद एवं गांव के दर्जनों युवक के साथ पॉपुलर यात्री बस में चढ़ा था। इसी क्रम में उमेश का खिड़की से बाहर निकला हाथ ट्रक की चपेट में आ गया। घायल उमेश को एंबुलेंस से सदर अस्पताल गढ़वा ले गया है।

# बिहार में भी कांवड़ यात्रा के दौरान दुकानों पर लिखे जायें मालिकों के नाम : हरिभूषण

**पटना।** बिहार में मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा से भाजपा के फायर ब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर (बचौल) ने बिहार में भी कांवड़ यात्रा के रूट की दुकानों पर उनके मालिकों के नाम लिखे जाने का सरकार से अनुरोध किया है। मधुबनी में पत्रकारों से बातचीत में विधायक ठाकुर ने कहा कि दुकानों पर नाम लिखे जाने के बाद यात्री अपनी इच्छा के अनुसार दुकान पर जाएंगे, जिससे किसी तरह का विवाद नहीं होगा।

# पेज एक का शेष

## देवतुल्य कांवरियों को...

सबसे महत्वपूर्ण है कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मुहैया करायी जाये, जिससे कि सुरक्षित व सुलभ जलार्पण सभी मेला के दौरान कर सकें।

**विनम्र भाव से सेवा करें :** सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी को सेवा भावना से सबको कार्य पर लगायें। उन्होंने जोर दिया कि पुलिस बल के लोग, प्रशासन के लोग और भी कोई जो कर्तव्य पर रहें, सभी कांवड़ियों के साथ अपना व्यवहार विनम्र रखें। पेयजल, आवासन, शौचालय, स्वास्थ्य सुविधा, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग की सुविधा, स्नानागार, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सूचना तंत्र, गरमी से निजात की व्यवस्था के अलावा मेला क्षेत्र में चाक चौबन्द व्यवस्था रहे। पूरे शहर में साफ-सफाई के साथ वैकल्पिक व्यवस्था के साथ रोशनी रहे, कहीं भी अंधेरा ना रहे। अस्पताल और हेल्थ सेंटर में डॉक्टर रहें तथा एम्बुलेंस प्रत्येक लोकेशन पर रहे। एनडीआरएफ की टीम और प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। सभी थाना, ओपी और ट्रैफिक ओपी संवेदनशील रहें, ताकि विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था पार्किंग और यातायात में कोई समस्या न आये। बैठक में विधायक बादल पत्रलेख, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

**समय आने पर देंगे जवाब :** रांची में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डेमोग्राफी चेंज को लेकर दिये गये बयान पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राजनीतिक बयानों का जवाब अभी देना नहीं चाहते हैं। समय आने पर उनका भी जवाब देंगे।

## मंत्री के आश्वासन...

शिक्षकों ने मंत्री को बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर लगातार मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री को सूचना दे रहे थे। इसके बावजूद वार्ता की पहल नहीं की गयी। **लाठ चार्ज में घायल हुए पारा शिक्षक :** राज्य एकीकृत पारा शिक्षक संघ के बैनर तले समान शिक्षा समाना वेतनमान की मांग को लेकर राज्य भर के पारा शिक्षक शनिवार को मोरहाबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले। हजारों की संख्या में पारा शिक्षक मोरहाबादी मैदान से निकलकर फुटबॉल स्टेडियम होते हुए सीएम आवास की तरफ आगे बढ़ने लगे थे। लगभग 500 पारा शिक्षकों को बैरिकेडिंग के पास मोरहाबादी मैदान के पास ही रोक दिया गया। वहीं लगभग 1000 की संख्या पारा शिक्षक सीएम आवास के बाहर पहुंच गये थे। इसके बाद दोनों के बीच झड़प हुई और पारा शिक्षकों पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज में सिंटू सिंह, ऋषिकेष पाठक समेत छह पारा शिक्षक घायल हो गये हैं। पारा शिक्षकों को पीछे भगाने के लिए पुलिस को पारा शिक्षकों पर आंसू गैस के गोले भी छोड़ने पड़े।

## सरकार के लिए ...

विपक्ष के तीखे तेवर, घेरने की तैयारी : विपक्ष ने पहले से संकेत देना शुरू कर दिया है कि वह किन-किन मुद्दों को लेकर सरकार को घेरेगा। महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक असामनता, नीट एग्जाम से लेकर कांवर यात्रा पर मचा संग्राम जैसे तमाम मुद्दों को लेकर विपक्ष अपने तरकश को धार देने में लगा है। बढ़ते रेल हादसे, जम्मू कश्मीर इलाकों में बढ़ते आतंकी हमलों जैसे तमाम मुद्दों पर सरकार पहले ही बैकफुट पर दिख रही है। सत्र में ये तमाम मुद्दे सरकार के लिए मुश्किलें पैदा करने का काम करेंगे। इन तमाम मुद्दों पर विपक्ष के निशाने पर सीधे पीएम मोदी होंगे। वहीं हाल ही में सात राज्यों की 13 सीटों पर हुए उपचुनाव में विपक्ष को दस सीटों पर मिली जीत ने इस खेमे का मनोबल खासा बढ़ा रखा है। लोकसभा में गठबंधन के बल पर सरकार के संख्याबल है, लेकिन राज्यसभा में कुछ ऐसे दल जो अब तक उसके साथ थे, वह इस बार उसके साथ खड़े न दिखायी दें। बीजद ने ऐलान कर दिया है कि अब वह सरकार का समर्थन नहीं करेगी।

## एनआइटी-जमशेदपुर से ...

अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपी कथित तौर पर एक इंजीनियर पंकज कुमार द्वारा चुराये गये पेपर के लिए सॉल्वर के रूप में काम कर रहे थे, जोकि पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

**रिम्स की छात्रा का अटेंडेंस रजिस्टर जब्त :** नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार रिम्स की छात्रा सुरभि कुमारी का हॉस्टल और क्लास का अटेंडेंस रजिस्टर सीबीआई ने जब्त कर लिया है। अब सीबीआई के पदाधिकारी इसकी उपस्थिति की जांच करेंगे। रजिस्टर के हिसाब से गिरफ्तार छात्रा सुरभि कुमारी की उपस्थित का आकलन किया जायेगा। सीबीआई यह जानना चाहती है कि सुरभि कुमारी क्लास और हॉस्टल में कब उपस्थित थी और कब अनुपस्थित रही है। 18 जुलाई को सीबीआई ने रिम्स से उसे गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह सीबीआई की रिमांड पर है। सीबीआई के अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। 18 जुलाई को रिम्स से गिरफ्तार करने के बाद 19 को पटना में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया था। वहीं पटना एम्स से चार मेडिकल छात्र भी गिरफ्तार किये गये थे। बिहार के सिवान जिले का रहनेवाला चंदन सिंह, पटना का रहनेवाला कुमार शानू, झारखंड के धनबाद जिले का निवासी राहुल आनंद और बिहार के अररिया का रहनेवाला करण जैन सीबीआई के हत्थे चढ़ा था।

# अवैध बालू कारोबार करने वालों को बक्सा नहीं जायेगा : थाना प्रभारी

**धुरकी।** धुरकी पुलिस ने विगत कुछ दिनों से कड़े तेवर अपना ली है। अवैध बालू के विरुद्ध लगातार छापामारी कर रही है। इसी संदर्भ में धुरकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की गत संध्या में अभियान चलाकर डंपिंग किया हुआ बालू व एक ट्रैक्टर को भी जप्त कर थाना परिसर में लगा दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निदेर्शानुसार थाना क्षेत्र में अवैध बालू के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के आधार पर खाला गांव से सरिदाहा टोला पर शशि गुप्ता उर्फ शशि कमलापुरी के द्वारा अवैध तरीके से करीब 1000 सीएफटी बालू छिपा कर रखा गया था जिसे खनन पदाधिकारी के साथ मिलकर जप्त करते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वही सुबह थाना क्षेत्र के घघरी गांव से चंदन जायसवाल का अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़कर थाना परिसर में लगा दिया गया है। इस अवैध बालू कारोबार में संलिप्त आशीष जायसवाल व चंदन जायसवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सगमा अंचलाधिकारी को पत्राचार किया गया है।

# गढ़वा में जगेगी शिक्षा की नई अलख, हर प्रखंड में बनेगा स्कूल ऑफ एक्सीलेंस : मंत्री मिथिलेश

## एक हजार सीट की क्षमता वाली हाईटेक लाइब्रेरी का मंत्री ने किया भूमि पूजन



पूजा अर्चना कर भूमि पूजन करते मंत्री



शिलापट्ट का अनावरण करते मंत्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से एक हजार सीट क्षमता वाली नयी हाईटेक लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को कल्याणपुर में नवनिर्मित समाहरणालय के पीछे विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर इसका भूमि पूजन किया। मौके पर आयोजित कार्यक्रम का मंत्री ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय गढ़वा की छात्राओ को बैगपाईपर इंस्ट्रुमेंट प्रदान किया। साथ ही अपने गुरूजनों एवं शिक्षाविदो को सम्मानित भी किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास की गाथा में एक और अध्याय जुड़ गया है। यह हाइटेक सर्वसुविधा संपन्न लाइब्रेरी बच्चों के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मैं जो ठान लेता हूं, उसे मुकाम पर पहुंचा कर रहता हूं। एकीकृत बिहार के समय से ही गढ़वा जिला एवं गढ़वा विधानसभा के माथे पर पिछड़ेपन का कलंक लगा हुआ था, वह अब धुलने के कगार पर है। आज हर क्षेत्र में गढ़वा विकास के पथ पर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका कारण है कि पिछले चुनाव में गढ़वा सहित पूरे राज्य की जनता ने झारखंडी जनमानस की सरकार बनाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने गढ़वा में एक महिला कॉलेज भी नहीं खुलवाया था। परंतु अब महिला कॉलेज का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बहुत जल्द ही पूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा में अभी कुछ स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया गया है। बहुत जल्द ही सभी प्रखंडों में स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा। मौके पर डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, डीएसई आकाश कुमार, शिक्षाविद् मदन प्रसाद केशरी, श्याम बिहारी प्रसाद गुप्ता, पीके चौबे, बलराम तिवारी, रेयाज अहमद आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेन्द्र सिन्हा, डॉ यासिन अंसारी, ब्रजमोहन ठाकुर, कृष्णा ठाकुर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, नवीन तिवारी, सैयद गुलाम हुसैन सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग, स्कूली बच्चे आदि उपस्थित थे।

**लाइब्रेरी में उपलब्ध होंगी ये सुविधाएं :** गढ़वा में निर्मित हो रहे इस हाईटेक लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट सुविधा युक्त ई-लाइब्रेरी भी होगा। लोग पुस्तकों के साथ-साथ इंटरनेट के माध्यम से भी अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। इसके निर्माण से गढ़वा के विद्यार्थियों एवं अन्य लोगों को भी अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। तीन मंजिला इस लाइब्रेरी भवन के 6725 स्क्वायर फीट के ग्राउंड फ्लोर में रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग तथा 318 लोगों के बैठने की क्षमता, फर्स्ट फ्लोर के 5390 स्क्वायर फीट क्षेत्र में 278 सीट क्षमता, स्टडी हॉल, 50 सीटर डिस्कशन हॉल एवं बुक रैंकिंग की सुविधा, 6585 स्क्वायर फीट के सेकेंड फ्लोर में 364 सीट क्षमता, 50 सीटर डिस्कशन हॉल, रीडिंग हॉल, बुक रैंकिंग, बुक बाइंडिंग व डिजिटल लाइब्रेरी होगी। ई-लाइब्रेरी में कंप्यूटर, लैपटॉप एवं बेहतर इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत, एक घायल

**हरिद्वार (हि.स.)।** कांवड़ लेने हरिद्वार आ रहे बाइक सवार दो युवकों की शनिवार को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में एक की पहचान अलीगढ़ निवासी के रूप में हुई है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में मुंडियाकी गेट के पास नेशनल हाईवे पर एक बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार तीसरा युवक गंभीर रूप में घायल हो गया। उसे रुड़की अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## गुवाहाटी में ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के वशिष्ठ थानाक्षेत्र में असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की एक टीम ने अभियान चलाकर ड्रग्स के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वशिष्ठ थानाक्षेत्र के बालूघाट इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 के किनारे चलाए गए अभियान के दौरान उक्त ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर की पहचान चंदन छेत्री उर्फ कांछा (36, गोलाघाट) के रूप में की गयी है। गिरफ्तार आरोपित के पास से हेरोइन से भरी 27 शीशियां बरामद की गयी। जिसका वजन 34.5 ग्राम आंका गया है। हेरोइन के अलावा एसटीएफ ने गिरफ्तार आरोपित के पास एक मोबाइल फोन और नगद दो हजार 110 रुपये बरामद किया है।

## वकील से जबरदस्ती अंगूठी छीनने वालों को 5-5 साल की कैद

**कैथल।** सैशन जज रितु वाईके बहल की अदालत ने स्नेचिंग के एक केस में सजा का ऐलान करते हुए दो दोषियों को पांच पांच साल की कैद और दस दस हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं देने पर दो दो महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एडवोकेट ज्ञान चंद गुप्ता ने थाना चीका में 24 अप्रैल 2023 को आईपीसी की धारा 379 ए और 34 के तहत मुकदमा नंबर 104 दर्ज करवाया था। स्टेट की ओर से केस की पैरवी उप जिला न्यायवादी जसबीर ढांडा ने की। केस फाइल के हवाले से जसबीर ढांडा ने बताया कि 23 अप्रैल 2023 को करीब 12:30 बजे एडवोकेट ज्ञान चंद गुप्ता अपने कार्यालय से घर वापिस आ रहे थे। जब वे बस से उधम सिंह चौक चीका की तरफ डिवाईडर के पास पहुंचे तो दो अंजान युवक मोटरसाईकिल पर पीछे से आए और कहने लगे कि आपको गुरविन्द्र सर ने आवाज दी थी, आप क्यों नहीं रुके। इस पर वकील ने कहा कि गुरविन्द्र सर कौन हैं तो उन्होंने कहा कि किसी औरत का जेवर खो गया है उसकी तलाश कर रहे हैं।

## बांग्लादेश से 1 हजार भारतीय छात्र लौटे वापस

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़क उठी है। इसे देखते हुए शनिवार को पुलिस ने पूरे देश में कठोर कर्फ्यू लागू कर दिया और सैन्य बलों ने राष्ट्रीय राजधानी ढाका के विभिन्न हिस्सों में गश्त की। बांग्लादेश में हिंसा भड़कने से कई लोगों की मौत हुई है जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या की पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका, लेकिन डेली प्रथम आलो समाचार पत्र की खबर में बताया गया कि मंगलवार से अब तक 103 लोगों की मौत हुई है। मृतकों की संख्या अब बढ़कर 115 हो चुकी है। इस बीच, भारतीय विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि बांग्लादेश से 778 भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी हो चुकी है। इस तरह अब तक लौटने वालों की कुल संख्या 998 हो गई है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'ढाका में भारतीय उच्चायोग और हमारे सहायक उच्चायोग बांग्लादेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 4,000 से अधिक छात्रों से लगातार संपर्क में हैं।

# समय से 5 साल पहले ही यूपीएससी चेयरमैन मनोज सोनी ने दिया इस्तीफा

### व्यक्तिगत कारणों का मनोज सोनी बतायी वजह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के चेयरपर्सन मनोज सोनी ने अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले इस्तीफा दे दिया है, जिसे लेकर कई तरह की बहस शुरू हो गयी है। उन्होंने पद छोड़ते हुए कहा कि मैं अपने निजी कारणों से यह पद छोड़ रहा हूं। गौरतलब है कि मनोज सोनी का कार्यकाल अभी 5 साल बाकी था। 2017 में वह यूपीएससी के सदस्य बने और 16 मई 2023 को उन्हें यूपीएससी के अध्यक्ष का पद सौंपा गया था. उन्होंने इस्तीफा देते हुए साफ कर दिया है कि पूजा खेडकर मामले से इसका कोई संबंध नहीं है।

**यहां देना चाहते हैं समय :** वहीं, सूत्रों के हवाले से खबर आई है कि इस्तीफे के बाद मनोज सोनी अपना समय अनुपम मिशन को देना चाहते हैं। अनुपम मिशन स्वामीनारायण सम्प्रदाय की एक ब्रांच है. बता दें, स्वामीनारायण सम्प्रदाय हिंदू धर्म के वैष्णव मार्ग के अंतर्गत एक संप्रदाय है।

**एक महीने पहले दिया था इस्तीफा :** सूत्रों के मुताबिक, मनोज सोनी ने करीब एक महीने पहले राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया था. अभी तक शीर्ष अधिकारियों ने उनका त्याग पत्र स्वीकार नहीं किया है. हालांकि, यह साफ नहीं है कि उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाएगा या नहीं. सूत्रों के हवाले से जो खबर सामने आ रही है उसके मुताबिक, सोनी का इस्तीफा प्रोबेशनरी कअर अधिकारी पूजा खेडकर से जुड़े विवादों से संबंधित नहीं है, जिन पर कथित तौर पर चयनित होने के लिए फर्जी विकलांगता और जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का आरोप है।

**अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति :** अनुच्छेद 316 के अनुसार, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति, संघ आयोग या संयुक्त आयोग के मामले में, राष्ट्रपति द्वारा तथा राज्य आयोग के मामले में, राज्य के राज्यपाल द्वारा की जायेगी।

**अभी भी बने हुए हैं वर्तमान अध्यक्ष :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष मनोज सोनी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन आयोग की निर्देशिका में मनोज सोनी को अभी भी यूपीएससी का वर्तमान अध्यक्ष बनाया गया है। इस बाबत एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि उन्होंने इस्तीफा तो दे दिया है, लेकिन सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है. इसलिए मनोज सोनी को अभी भी आधिकारिक तौर पर यूपीएससी का माननीय अध्यक्ष बनाया गया है।

### कैसा रहा मनोज सोनी का करियर

59 वर्षीय प्रख्यात शिक्षाविद् सोनी ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था. जून 2017 में यूपीएससी में शामिल होने से पहले, मनोज सोनी ने अपने गृह राज्य में दो विश्वविद्यालयों के चांसलर के रूप में तीन कार्यकाल दिए. 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी ने उन्हें एमएस यूनिवर्सिटी, वडोदरा का चांसलर बनाया था. गौरतलब है कि सोनी 40 साल की उम्र में कुलपति बने थे. उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था।

### क्या है पूजा खेडकर विवाद

सोनी का इस्तीफा ऐसे समय में हुआ है, जब यूपीएससी ने ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ केस दर्ज किया है। खेडकर तब सुर्खियों में आई थीं, जब उन्हें एक नौकरशाह के रूप में सत्ता और विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने के लिए प्रशिक्षण पूरा करने से पहले ही पुणे से बाहर स्थानांतरित कर दिया गया था. खेडकर का मामला सामने आने और विवाद पैदा होने के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों ने उसके प्रमाण-पत्रों की जांच शुरू हुई. इसके बाद ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई।

## जम्मू-कश्मीर में पाक के नापाक इरादे कामयाब नहीं होंगे : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में आतंकवादियों के बढ़ते हमलों के बीच उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि प्रदेश में पड़ोसी देश के नापाक इरादों को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। उपराज्यपाल ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि पड़ोसी देश जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहा है। श्री सिन्हा ने श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में हौसला 2.0 और स्टार्ट-अप पोर्टल के लॉन्च को संबोधित करते हुए कहा, कुछ लोगों को बदलाव रास नहीं आ रहा है और इससे कुछ निराश हैं। खासकर हमारा पड़ोसी देश, जिसे आतंकवाद का स्रोत कहा जाता है और वह जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद फैलाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन, मैं कहना चाहता हूं कि पड़ोसी देश अपने नापाक इरादों में कभी भी कामयाब नहीं हो पायेगा। श्री सिन्हा ने कहा कि जम्मू के लोगों ने हमेशा आतंकवाद का डटकर मुकाबला किया है।

### सुनीता केजरीवाल ने हरियाणा के लिए लॉन्च की 5 गारंटी

# महिलाओं को हजार रुपये महीना, 24 घंटे फ्री बिजली

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने भी कमर कस ली है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गैरमौजूगी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने इसका मोर्चा संभाला है। आज उन्होंने हरियाणा के लिए पांच गारंटियों का ऐलान किया है जिन्हें केजरीवाल की गांरटी नाम दिया गया है। इसमें महिलाओं के लिए हर मीहने 1000 रुपए और मुफ्त बिजली जैसे वादे किए गए हैं। हरियाणा में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं और आम आदमी पार्टी 90 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इस बीच सुनीता केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह की मौजूदगी में पांच गारंटियों का ऐलान किया। इसमें उन्होंने कहा, पूरे हरियाणा को मुफ़्त और 24 घंटे बिजली दी जाएगी। सबको अच्छा और मुफ़्त इलाज मिलेगा। सरकारी स्कूलों में अच्छी और मुफ़्त शिक्षा दील जाएगी। सभी माताओं-बहनों को हर महीने ?1000 रुपए दिए जाएंगे और हर युवा को रोजगार मिलेगा। इसलिए हरियाणा में पैदा हुए अरविंद केजरीवाल जी ने अपनी पार्टी बनाई और पहले चुनाव में ही मुख्यमंत्री बन गए। उन्होंने दिल्ली और पंजाब में सरकारी स्कूल अच्छे कर दिये, लोगों को मुफ़्त बिजली मिल रही है। मोहल्ला क्लीनिक में लोगों का मुफ़्त इलाज हो रह है। मोदी जी ने केजरीवाल को जेल में नहीं डाला, उन्होंने हरियाणा के लाल को जेल में डाला है। मोदी जी कहते हैं कि अरविंद केजरीवाल जी चोर हैं अगर अरविंद केजरीवाल चोर है तो इस दुनिया में कोई ईमानदार नहीं हो सकता। उन्होंने आगे कहा, अरविंद केजरीवाल जी ने पूरी दुनिया में हरियाणा का नाम रोशन किया है। अब हरियाणा वाले अपने बेटे अरविंद केजरीवाल जी का साथ देंगे। तीन महीने बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान यहां के लोग केजरीवाल जी का साथ देंगे और इखढ को एक भी सीट नहीं देंगे।

### राज्यसभा सचिवालय ने सांसदों को बतायें नियम

# सदन में धन्यवाद, आपका शुक्रिया, जय हिंद, वंदे मातरम जैसे शब्दों को ना हो प्रयोग

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सोमवार 22 जुलाई से संसद का नया सत्र शुरू होने जा रहा है इस दौरान सांसदों को ये याद दिलाया गया कि सभापति के निर्णयों को सदन के अंदर और सदन के बाहर सीधे या परोक्ष रुप से आलोचना नहीं की जानी चाहिए। सदस्यों को वंदे मातरम व जय हिंद सहित अन्य नारे लगाने पर भी मनाही की गयी है। राज्यसभा सचिवालय के बुलेटिन में कहा गया है सदन की कार्यवाही की गंभीरता के लिए धन्यवाद, आपका शुक्रिया, जय हिंद, वंदे मातरम या अन्य कोई नारा नहीं लगाया जाना चाहिए। ीठासीन अधिकारी का झुक कर करें अभिवादन। संसद का सत्र 22 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। जब सभापति को लगता है कि कोई विशेष शब्द या अभिव्यक्ति असंसदीय है, तो उसे बिना किसी बहस के तुरंत वापस ले लेना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सदस्यों को सभा में प्रवेश या निकासी के समय और सीट पर बैठने या उठकर जाने से पहले भी पीठासीन अधिकारी का झुककर अभिवादन करना चाहिए। कोई सदस्य जब किसी अन्य सदस्य या मंत्री की आलोचना करता है, तो अपेक्षा की जाती है कि आलोचना करने वाला सदस्य उत्तर सुनने के लिए सदन में उपस्थित रहे। जब सदन में मंत्री उत्तर दे रहे हों, तो सदन में अनुपस्थित रहना संसदीय शिष्टाचार का उल्लंघन है।

**6 नये विधेयक होंगे पेश, 23 को आम बजट :** संसद के नये सत्र में सरकार कुल छह नये विधेयक पेश करेगी। इसके साथ ही केंद्रीय बजट भी सरकार द्वारा पेश किया जाएगा। इन छह नए विधेयकों में आपदा प्रबंधन कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक और वित्त विधेयक के अलावा के अलावा, सरकार ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में कारोबार को सुगम बनाने के लिए सक्षम प्रावधान प्रदान करने को लेकर विमान अधिनियम 1934 को प्रतिस्थापित करने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को भी सूचीबद्ध किया गया है।

**कब से कब तक चलेगा सत्र :** संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा औ? 23 जुलाई को वित्त मंत्री सीतारमण केंद्रीय बजट पेश करेंगी सत्र के दौरान पेश किये जाने और पारित होने के लिए सूचीबद्ध अन्य विधेयकों में स्वतंत्रता-पूर्व कानून की जगह लेने वाला बॉयलर विधेयक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं।

**निर्मला सीतारमण के नाम दर्ज होगा रिकॉर्ड :** इस साल दो बार बजट पेश किया जा रहा है। 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश किया गया था और अब नई सरकार के गठन के बाद पूर्ण केंद्रीय बजट पेश होगा। इस बार बजट पेश करने के साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज होगा। वह लगातार सात केंद्रीय बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी।

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 25 फीट तार काटा

**बाड़मेर।** जिले के भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 25 फीट की तारबंदी काटने का मामला सामने आया है। कटे हुए तारों से पाकिस्तान से बकरियों के झुंड ने भारतीय सीमा में एंट्री की। सीमा सुरक्षा बल ने बकरियों को अपने कब्जे में ले लिया है। सेना की ओर से तारबंदी काटने की शिकायत जिला पुलिस को दी है।

धनाऊ थानाधिकारी गोविंद राम ने बताया कि बीएसएफ की ओर से 17 जुलाई को शिकायत दी थी, जिसमें भारत-पाकिस्तान सीमा पर तारबंदी काटने की जानकारी दी गई है। जिसमें बताया गया कि 16 जुलाई को भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल सीमा पर तारबंदी सरुपे का तला में बीएसएफ पोस्ट पर दो रेतीले टीलों के बीच में से सिंगल लाइन करीब 20-25 फीट काट दी गई। शाम को पेट्रोलिंग के दौरान बीएसएफ जवानों और अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद बीएसएफ ने सीमा पर निगरानी बढ़ा दी थी। शुक्रवार शाम को दो सौ से अधिक बकरियां भारत की सीमा में घुस आई है। मौके पर मौजूद बीएसएफ के जवानों ने उन बकरियों को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**फ्लैग मीटिंग में बकरियों को सौंपा जाएगा :** सेना के सूत्रों के अनुसार बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच फ्लैग मीटिंग होने की संभावना है। इसके बाद बकरियां कहां से आई, इसकी स्पष्ट जानकारी मिल पाएगी। हालांकि फ्लैग मीटिंग को लेकर फिलहाल फिक्स समय निर्धारित नहीं है, लेकिन अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद ही मीटिंग होगी।

# संघ प्रमुख भागवत ने किया अथातो बिंब जिज्ञासा पुस्तक का विमोचन

एजेंसी




**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शनिवार को पुणे में मंदिर वास्तु रचना एवं मूर्ति शास्त्र के शोधकर्ता डॉ. गो.बं. देगलूरकर की पुस्तक 'अथातो बिंब जिज्ञासा' का विमोचन किया। डॉ. भागवत ने पुणे के बाल शिक्षण संस्था के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि वर्तमान में विश्व विभिन्न मार्गों पर लड़खड़ा रहा है, रुका हुआ है। उसे अपनी परंपराओं से प्राप्त ज्ञान की आवश्यकता है। यह दृष्टि देने का कार्य डॉ. देगलूरकर के ग्रंथ जरिए हुआ है। अथातो बिंब जिज्ञासा विवेक जगाने वाला ग्रंथ है। मंच पर डॉ. देगलूरकर, डॉ. आशुतोष बापट और स्नेहल प्रकाशन के निदेशक रवींद्र घाटपांडे भी मौजूद रहे। अथातो बिंब जिज्ञासा पुस्तक मराठी में है। इसमें महाराष्ट्र की अद्वितीय मूर्तियों की जानकारी है। मूल पुस्तक डॉ. देगलूरकर ने अंग्रेजी में लिखी है, जिसका डॉ. आशुतोष बापट ने मराठी में अनुवाद किया है। संघ प्रमुख भागवत ने डॉ. देगलूरकर को आधुनिक युग में ऋषि परंपरा का वाहक बताते हुए कहा कि हमारे यहां जो मूर्ति पूजा है वह आकार के माध्यम से निराकार का संधान करनेवाली है। हर मूर्ति बनाने के पीछे विज्ञान है। मूर्ति भावयुक्त होती है। वह केवल बुद्धि का विलास नहीं है।

उसके पीछे अनुभूति है लेकिन उसके लिए दृष्टि आवश्यक है, क्योंकि दृष्टि के अनुसार दृश्य दिखता है। इसका अनुभव हम सब कर रहे हैं। दृष्टि पैदा करने के लिए आस्था चाहिए। वह विवेचक होनी चाहिए। भौतिकवादी नजर की दृष्टि नहीं होती इसलिए दृष्टि परिश्रम और अध्ययन से प्राप्त करनी पड़ती है।

## करीना ने बतायी पति से झगड़े की वजह

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड कलाकार करीना कपूर खान और सैफ अली खान भी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में करीना ने बताया है कि सैफ अली खान से शादी के बाद एक इंसान के तौर पर उनमें कितना बदलाव आया है। उन्होंने इस बात का भी खुलासा हुआ है कि आखिर किस वजह से उनमें लड़ाई होती है। करीना कपूर खान ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी शादी, सैफ अली खान के साथ रिश्ते के बारे में कई बातें बताई हैं। उन्होंने कहा, "सैफ से शादी के बाद मुझमें बेहतर बदलाव आया है। मैं अधिक जिम्मेदार व्यक्ति बन गई हूं। वह मुझसे कहता है कि क्या मैं बहुत अजीब व्यवहार कर रहा हूं और मैं उसे बताती हूं। करीना का कहना है कि एक इंसान के तौर पर मैं बेहतरी के लिए बदल गई हूं। दो एक्टर्स की शादी के बाद रिश्ते में आने वाली दिक्कतों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि अगर पति-पत्नी दोनों एक्टिंग फील्ड में हैं, अगर आप एक्टर हैं तो आपको कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, वह सुबह 4.30 बजे शूटिंग से घर लौटे और सो गए, जिस समय मैं शूटिंग के लिए निकली। अब जब वह उठेगा और शूटिंग पर जाएगा तो मैं बैंकॉक के लिए उड़ान भरूंगी। भले ही हम एक ही घर में रहते हों, हम एक-दूसरे को नहीं देख सकते। समय को संतुलित करना सबसे कठिन काम है। करीना कहती हैं, हम एक कैलेंडर के साथ बैठते हैं और एक-दूसरे के लिए समय निकालने के लिए दिन तय करते हैं और जिस घर में दो कलाकार होते हैं, वहां ऐसा ही होता है। इसी इंटरव्यू में करीना कपूर खान ने सैफ के साथ अपने झगड़े की वजह का भी खुलासा किया।

वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# योगी सरकार में सबकुछ ठीक नहीं, सरकार व संगठन में खींचतान

### सीएम की बैठक में नहीं पहुंचे डिप्टी सीएम, संघ भाजपा की बैठक भी टली

एजेंसी



**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और भाजपा संगठन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सरकार से बड़ा संगठन वाले बयान के बाद से अभी स्थिति ठीक नहीं हो पाई है। सरकार और संगठन के बीच खींचतान चल रही है। योगी सरकार, भाजपा संगठन और नेताओं के बीच चल रही उठापटक को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भारतीय जनता पार्टी के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक भी बुलाई गई लेकिन, फिर बैठक को टाल दिया गया. बैठक को टालने के पीछे किसी भी स्तर से कोई कारण नहीं बताया गया है। इस बीच एक बार फिर केशव प्रसाद मौर्य सीएम योगी की बैठक में नहीं पहुंचे, जबकि वह उसी शहर में थे। दरअसल, सीएम योगी शनिवार को प्रयागराज में कुंभ की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए गए थेष वहीं पर केशव मौर्य का भी एक कार्यक्रम था. लेकिन, केशव मौर्य सीएम योगी की बैठक से पहले ही लखनऊ लौट आए. इसके भी कई मायने निकाले जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार के पास सरकार और संगठन के बीच समन्वय की जिम्मेदारी है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और सरकार संगठन के कामकाज की समीक्षा, सभी वरिष्ठ नेताओं से फीडबैक लेने के लिए अरुण कुमार की महत्वपूर्ण बैठक सरकार और संगठन के वरिष्ठ लोगों के साथ तय की गयी थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह को राजधानी लखनऊ में ही रहने के निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कल वाराणसी दौरा था। आरएसएस और भाजपा समन्वय बैठक की वजह से उनका भी दौरा निरस्त कर दिया गया। वहीं केशव प्रसाद मौर्य की प्रयागराज में पार्टी की काशी क्षेत्र की बैठक में शामिल होना था। उनका भी कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया। बाद में ऐन मौके पर कहा गया कि शनिवार और रविवार को होने वाली समन्वय बैठक रद कर दी गई है. अब यह बैठक अगस्त के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाएगी, जिसमें सरकार संगठन के बीच चल रही खींचतान, सरकार के कामकाज की समीक्षा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों और अभियानों को आगे बढ़ाने जैसे तमाम बिंदुओं पर सरकार और संगठन के स्तर पर बातचीत की जायेगी। साथ ही उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव और अन्य संगठनात्मक कामकाज पर भी चर्चा की जाएगी।